CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 17°C
न्यूनतम : 06°C

देहरादून, शुक्रवार 30 जनवरी 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 173 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 10 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



मजारों के खिलाफ कार्रवाई से बाज आए केजीएमयू : मौलाना महमूद मदनी पेज 2



ऑस्ट्रेलियन ओपनः महिला ताज के लिए भिड़ेंगी सबालेंका और रायबाकिना खेल टाइम्स



गांधी जी के किस्से, जो हमें बनाते हैं बेहतर इंसान सम्पादकीय



मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में हुई फ्लॉप पेज 12

## पारिवारिक कलह के चलते दंपति की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ तीन बच्चे अस्पताल में भर्ती

**ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तृतीय थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है।

पारिवारिक कलह के चलते एक दंपति ने अपने तीन बच्चों सहित जहरीला पदार्थ खा लिया। उपचार के दौरान पति-पत्नी की मौत हो गई, जबकि तीनों बच्चों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक तृतीय थाना क्षेत्रांतर्गत सादुल्लापुर गांव में रह रहे एक पांच सदस्यीय परिवार जिसमें पति-पत्नी और तीन बच्चे एक घर में रह रहे थे जहां बीती देर रात श्रवण पुत्र अमरनाथ पाल और उनकी पत्नी नीलम ने पारिवारिक कारणों से जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों मूल रूप से प्रयागराज जिला स्थित असरवाल कला, गांव एयरपोर्ट थाना के निवासी थे। जहर खाने के बाद दंपति के साथ उनके तीन बच्चे-वैष्णवी (10), वैभव (8) और लाडो (4) भी गंभीर रूप से बीमार हो गए। चिकित्सकों ने श्रवण और नीलम को मृत घोषित कर दिया।

# देश का आर्थिक रिपोर्ट कार्ड लोकसभा में पेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देश में 56.2 करोड़ लोगों के पास रोजगार का दावा, वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 7.4 प्रतिशत तक रहने का अनुमान**

**आर्थिक सर्वे के मुताबिकः आरबीआई व आईएमएफ ने अनुमान जताया, आने वाले साल में महंगाई दर धीरे-धीरे बढ़ेगी**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को देश का आर्थिक रिपोर्ट कार्ड यानी इकोनॉमिक सर्वे लोकसभा में पेश किया। इस सर्वे में बताया गया है वित्त वर्ष 2026-2027 में जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत से 7.4 प्रतिशत की रेंज में रहने का अनुमान है।

इसके अलावा महंगाई, खेती-किसानी की क्या हालत है और क्या आने वाले समय में नई नौकरियां बढ़ेंगी इसकी भी जानकारी सर्वे में दी गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में इकोनॉमिक सर्वे 2025-2026 पटल पर रखा। इकोनॉमिक सर्वे के मुताबिक आरबीआई और आईएमएफ ने अनुमान जताया है कि आने वाले साल में महंगाई दर धीरे-धीरे बढ़ेगी। यह 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य दो प्रतिशत के दायरे में बनी रहेगी। खरीफ की अच्छी पैदावार और रबी की बेहतर बुआई को देखते हुए, दिसम्बर 2025 में आरबीआई ने वित्त वर्ष 2026 के लिए महंगाई दर का अनुमान 2.6 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया था। आरबीआई का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 की पहली और दूसरी तिमाही (फ1 और फ2) में महंगाई दरः 3.9 प्रतिशत और 4 प्रतिशत रह सकती है। सर्वे में अनुमान जताया गया है कि अगले वित्त वर्ष 2027 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.8 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत के बीच रह सकती है। वैश्विक स्तर पर जारी तनाव और अस्थिरता के बावजूद भारतीय इकोनॉमी की रफ्तार मजबूत बनी हुई है। सर्वे के अनुसार, चालू वित्त वर्ष (एफवाई 26) में विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो आरबीआई के 7.3प्रतिशत के अनुमान से भी ज्यादा है। वित्त वर्ष 2026 की दूसरी तिमाही यानी, अप्रैल-जून 2025 में भारत में 15 साल से ज्यादा उम्र के 56.2 करोड़ लोग रोजगार में थे। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2025) के मुकाबले दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2025) में करीब 8.7 लाख नई नौकरियां पैदा हुई हैं। टैक्स सुधार, नियमों के सरलीकरण और राज्यों द्वारा किए गए श्रम सुधारों की वजह से इंडस्ट्रियल और सर्विस सेक्टर में भर्तियां हुई हैं। गिग वर्क भी कमाई का बड़ा जरिया बनकर उभरा है।सरकार ऐसा इंटीग्रेटेड सिस्टम बनाने पर काम कर रही है, जहां सारा डेटा एक जगह होगा। कंपनियों की जरूरत और युवाओं की स्किल के बीच का गैप कम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के सौरव जोशी बने चंडीगढ़ के नए महापौर

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम मेयर चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी जीत हासिल की है। भाजपा के उम्मीदवार सौरव जोशी चंडीगढ़ के नए मेयर चुने गए हैं। उन्हें कुल 18 वोट प्राप्त हुए, जबकि आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार को 11 वोट और कांग्रेस के उम्मीदवार को 7 वोट मिले। इस तरह भाजपा ने स्पष्ट बहुमत के साथ मेयर पद पर कब्जा जमाया। इस बार मेयर चुनाव में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला। सीक्रेट बैलेट की जगह पार्षदों द्वारा हाथ उठाकर मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई। मतदान शुरू होने से पहले ही भाजपा पार्षदों ने सौरव जोशी को बधाई देना शुरू कर दिया था, जिससे पार्टी की स्थिति मजबूत नजर आ रही थी। यह पहला अवसर था जब भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी तीनों दलों ने अलग-अलग उम्मीदवार उतारे।

### संसद भवन में खड़गे व राहुल संग थरूर की अहम मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस लोकसभा सांसद शशि थरूर ने गुरुवार को संसद भवन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर राजनीतिक हलकों में चल रही नाराजगी और तल्खी की चर्चाओं पर विराम लगाने का संकेत दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष और श्री गांधी से मुलाकात के बाद श्री थरूर ने अपने सोशल मीडिया पर जानकारी दी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के साथ गुरुवार को कई महत्वपूर्ण विषयों पर गर्मजोशी और रचनात्मक चर्चा हुई। पार्टी नेतृत्व के साथ संवाद सकारात्मक रहा और सभी नेता देश की जनता की सेवा के लिए आगे की रणनीति पर एकमत हैं।

### नेटफ्लिक्स सीरीजः वानखेड़े का मानहानि का मुकदमा खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी समीर वानखेड़े द्वारा नेटफ्लिक्स सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में कथित रूप से चित्रित किए जाने के संबंध में दायर मानहानि के मुकदमे को क्षेत्राधिकार के अभाव का हवाला देते हुए खारिज कर दिया है।

# यूजीसी के नए नियमों पर सुप्रीम रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने चिंताओं का हवाला देते हुए यूजीसी व केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

■ कहाः इसके कई प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनका किया जा सकता है दुरुपयोग

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नियम, 2026 पर अगले आदेश तक रोक लगा दी। न्यायालय ने इन नियमों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसके कई प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि इस नियम का समाज और शैक्षणिक परिसर पर विभाजनकारी प्रभाव पड़ सकता है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ इन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और राहुल दीवान ने दायर की हैं। पीठ ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि नोटिस का जवाब 19 मार्च तक देना है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि 2012 के पहले के यूजीसी नियम लागू रहेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों को बिना किसी शिकायत निवारण तंत्र के न छोड़ा जाए। सुनवाई के दौरान, पीठ ने मौखिक रूप से कई चिंताओं को उठाया, जिसमें कहा गया कि इसके प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनके दुरुपयोग की संभावना है। याचिका में जाति-आधारित भेदभाव की -शेष पृष्ठ दो पर




### सफाई के दौरान सफाई कर्मियों की मौत पर मिलेगा 30 लाख मुआवजाः उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मैला ढोने और नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का उसका आदेश पुराने मामलों पर भी लागू होगा, यदि उनमें अभी तक मुआवजा तय नहीं हुआ है या मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अक्टूबर 2023 के 'बलराम' मामले में ऐसी मौतों के लिए मुआवजे की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक आवेदन के बाद आया है। नालसा ने कहा था कि अलग-अलग उच्च न्यायालयों का इस मामले पर अलग-अलग थे कि कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए।

### SIR पर फैसला सुरक्षित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई पूरी कर ली है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि चुनाव आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में सभी राज्यों में नियमों का सही ढंग से पालन करना चाहिए। तमिलनाडु में जिन लोगों का नाम स्पेलिंग एरर के चलते काटा गया है। उनकी लिस्ट ग्राम पंचायत भवन, सब-डिवीजन के तालुका ऑफिस और शहरी इलाकों के वार्ड ऑफिस में लगाई जाए। उधर याचिकाकर्ता की तरफ से पेश एडवोकेट प्रशांत भूषण ने दलील दी कि नई वोटर लिस्ट बनाने की कोशिश में महिलाओं के नाम कट रहे हैं। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। गरीब और कमजोर लोगों पर बोझ डाला गया। वोटर को खुद फार्म भरने की जिम्मेदारी दी गई है। जो अनपढ़ हैं या प्रवासी हैं वो फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। चुनाव आयोग मनमानी नहीं कर सकता है। चुनाव अधिकारी यह कैसे तय कर सकता है कि कोई नागरिक है या नहीं? वे कोई अदालत नहीं है। अगर विवाद हो तो जिरह का मौका मिलना चाहिए।

# उप्र में 15 लाख शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का तोहफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ योगी मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में कुल 32 प्रस्तावों में से 30 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उत्तर प्रदेश के लगभग 15 लाख शिक्षकों को कैशलेश चिकित्सीय सुविधा का तोहफा योगी सरकार ने दिया है।

संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई है। बैठक में शिक्षा विभाग से जुड़े अहम फैसले भी लिए गए। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत सभी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा। यह सुविधा आयुष्मान योजना के माध्यम से प्रदान की जाएगी, जिससे लगभग 12 लाख शिक्षक लाभान्वित होंगे। इस निर्णय से शिक्षकों और उनके परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित होगा। वहीं, माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने जानकारी दी कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले लगभग तीन लाख शिक्षकों को भी कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया जाएगा। सरकार शिक्षकों के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और यह निर्णय उसी दिशा में एक बड़ा कदम है। कैबिनेट के इन फैसलों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का हिस्सा माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के लाखों शिक्षकों को सीधा लाभ मिलेगा और उनकी सामाजिक सुरक्षा मजबूत होगी।

## हिमाचल में बर्फबारी, 885 सड़कें और हजारों बिजली ट्रांसफार्मर ठप



■ उत्तराखंड में सड़कों पर चार फीट बर्फ जमी

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर भारी बर्फबारी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भारी बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में न्यूनतम तापमान -6 डिग्री सेल्सियस से -1डिग्री सेल्सियस के बीच रहा।

लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में सबसे कम -6.1डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। बर्फबारी के कारण हिमाचल में चार नेशनल हाईवे सहित कुल 885 सड़कें और 3 हजार से ज्यादा बिजली ट्रांसफार्मर ठप हैं। पाइपलाइन में पानी जमने से वाटर सप्लाई भी बंद हैं, जिससे हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। इधर, उत्तराखंड में दो दिनों से लगातार बर्फबारी के बाद गुरुवार को धूप खिली है। हालांकि, बद्रीनाथ, केदारनाथ और गंगोत्री में सड़कों पर अभी भी 3 से 4 फीट तक बर्फ जमी है। चमोली के औली में बुधवार को लगभग 2 फीट बर्फ गिरी। राज्य में एवलांच का खतरे का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी दिख रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, बिहार सहित अन्य राज्यों में फिर से सर्दी और कोहरे का असर बढ़ गया है। यूपी के गोरखपुर में गुरुवार सुबह बारिश हुई।

## अजित पवार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

**बारामती।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार का गुरुवार को यहां विद्या प्रतिष्ठान के मैदान में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

हजारों लोगों की उपस्थिति के बीच अजित पवार के बेटों पार्थ पवार और जय पवार ने अंतिम संस्कार की रस्में पूरी कीं। इस दौरान उनकी पत्नी सुनेत्रा पवार, चाचा शरद पवार और बहन सुप्रिया सुले तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस, एकनाथ शिंदे, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर सहित कई प्रमुख नेताओं ने अंतिम संस्कार में शिरकत की और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस शोकपूर्ण अवसर पर महाराष्ट्र भर से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता बारामती पहुंचे थे। अंतिम रस्मों के दौरान श्मशान में 'अजित दादा अमर रहे' और 'अजित दादा परत या' (अजित दादा वापस आओ) जैसे भावुक नारे गूंजते रहे।

### दुर्घटनास्थल से ब्लैकबॉक्स बरामद

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के बारामती में गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त विमान का ब्लैकबॉक्स बरामद हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त लीयरजेट 45 विमान का ब्लैकबॉक्स दुर्घटनास्थल से बरामद किया गया है।

### नौ फरवरी से शुरू होगा उप्र विधानमंडल का बजट सत्र, 11 फरवरी को पेश होगा बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से प्रारंभ होगा। सत्र की औपचारिक शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से की जाएगी। इसके बाद 11 फरवरी को योगी सरकार वित्तीय वर्ष 2026-27 का आम बजट विधानसभा में प्रस्तुत करेगी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि 9 फरवरी को विधानसभा का बजट सत्र शुरू होगा और 11 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। बजट सत्र के दौरान सरकार की आर्थिक नीतियों, विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा होने की संभावना है। माना जा रहा है कि इस बजट में बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रावधानों पर विशेष फोकस रहेगा। सत्र के दौरान विभिन्न विभागों के अनुदान मांगों पर भी विचार किया जाएगा, वहीं विपक्ष द्वारा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की रणनीति भी देखने को मिल सकती है।

## विजय चौक पर बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी का शानदार समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ तीनों सेनाओं ने राष्ट्रपति मुर्मू को नेशनल सैल्यूट दिया
■ उपराष्ट्रपति और पीएम मोदी भी मौजूद रहे

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विजय चौक पर गुरुवार शाम को बीटिंग द रिट्रीट सेरेमनी हुई। इसके साथ ही गणतंत्र दिवस के 4 दिन तक चले कार्यक्रमों का समापन हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सेरेमनी में मौजूद रहीं। समारोह की शुरुआत में सेना ने राष्ट्रपति को नेशनल सैल्यूट दिया।

इसके बाद तिरंगा फहराया गया और राष्ट्रगान की धुन बजाई गई। तीनों सेनाओं के बैंड ने सेरेमनी की शुरुआत धुन कदम-कदम बढ़ाए जा बजाकर की। समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, तीनों सेनाओं के प्रमुख सहित अन्य केंद्रीय मंत्री और आम नागरिक मौजूद रहे। विजय चौक की सभी प्रमुख इमारतों को रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया है। संयुक्त सेना के पाइप्स एंड ड्रम्स बैंड ने 'अतुल्य भारत', 'वीर सैनिक', 'मिली झुली', 'नृत्य सरिता', 'मरूनी' और 'झेलम' जैसी मधुर धुनें पेश कीं। वहीं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) के बैंड ने 'विजय भारत', 'हथरोही', 'जय हो' और 'वीर सिपाही' की धुनें बजाईं। भारतीय वायुसेना का बैंड 'ब्रेव वॉरियर', 'ट्वाइलाइट', 'अलर्ट' और 'फ्लाइंग स्टार' की धुनें पेश कीं। नौसेना बैंड 'हम तैयार हैं', 'सागर पवन', 'मां तुझे सलाम', 'जोशीला देश' और 'जय भारती' की प्रस्तुति दी। इसके बाद भारतीय सेना के बैंड ने 'विजयी भारत', 'आरंभ है प्रचंड है', 'ऐ वतन, ऐ वतन', 'आनंद मठ', 'सुगम्य भारत', आता उठवू सारे रान, देस मारो माटी नो रंग चे, देह शिवा वर मोहे और भैरव की मनोहारी प्रस्तुतियां दीं। बीटिंग रिट्रीट समारोह के आखिर में संयुक्त बैंड 'भारत की शान', 'वंदे मातरम' और 'ड्रमर्स काल' बजाएंगे। समारोह का समापन बिगुलरों द्वारा बजाई जाने वाली अमर धुन 'सारे जहां से अच्छा' के साथ होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महाराष्ट्र के दिवंगत उप मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक में महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल ने विगत 28 जनवरी को बारामती, महाराष्ट्र में हुई विमान दुर्घटना में अजित पवार व अन्य लोगों के निधन को अत्यंत दु:खद बताया। कैबिनेट ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत पुण्यात्माओं की शांति की कामना की। कैबिनेट ने कहा कि अजित पवार का असामयिक निधन अपूरणीय क्षति है। स्वर्गीय अजित पवार को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मंत्रिमंडल ने कहा कि अपने दीर्घ सार्वजनिक जीवन में उन्होंने महाराष्ट्र की जनता से गहरा जुड़ाव रखते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए कार्य किया।

### आगरा: मुठभेड़ में बदमाश अरबाज ढेर

**आगरा।** राज चौहान हत्याकांड के हत्यारोपियों से पुलिस की बुधवार रात तीन मुठभेड़ हुईं, इसमें मुख्य आरोपी अरबाज उर्फ मंसूरी ढेर हो गया। उस पर 25 हजार रुपए का इनाम था। उसके दो साथी आशु और मोहित घायल हो गए हैं।

डीसीपी सिटी सैयद अली अब्बास ने बताया कि ट्रांसयमुना पुलिस ने गुरुवार सुबह मुखबिर की सूचना पर राज हत्याकांड के मुख्य आरोपी अरबाज उर्फ मंसूरी को पकड़ने गई थी। इस बीच अरबाज ने दरोगा की पिस्टल छीनकर फायरिंग शुरू कर दी। अरबाज की फायरिंग में सिपाही मनोज कुमार और एसआई ऋषि घायल हो गए। पुलिस टीम में शामिल ट्रांस यमुना थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार और कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक भानु प्रताप की जैकेट पर एक-एक गोली लगी।

### लखनऊ से सटे ऐतिहासिक दरगाहों से जुड़ी हालिया कार्रवाई पर गहरी चिंता जताई

# मजारों पर कार्रवाई से बाज आए केजीएमयू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** जमीयत उलेमा-ए-हिद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू), लखनऊ से सटे ऐतिहासिक दरगाहों से जुड़ी हालिया कार्रवाई पर गहरी चिंता जताई है।

उन्होंने हजरत हाजी हरमैन शाह के आस्ताने में की गई तोड़फोड़ तथा हजरत मखदूम शाह मीनाज परिसर में स्थित पांच सौ वर्ष से अधिक पुराने मजारों के विरुद्ध जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया है। एक दिन पूर्व जमीयत उलेमा-ए-हिंद के सोशल मीडिया पेज पर शेयर करते हुए मौलाना मदनी ने कॉलेज प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वह भ्रामक प्रचार के सहारे वक्फ संपत्तियों से जुड़े कानूनों का



■ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना मदनी ने जारी ध्वस्तीकरण नोटिसों को धार्मिक एवं संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया

उल्लंघन न करे और जारी नोटिस तत्काल वापस ले। उन्होंने स्पष्ट किया कि केजीएमयू से सटे ये मजार लगभग सात सौ वर्ष पुराने हैं, जबकि कॉलेज की स्थापना 1912 में हुई थी। उन्होंने कहा कि यह दावा करना कि दरगाहें कॉलेज परिसर में अवैध रूप से मौजूद हैं, सरासर भ्रामक है। स्थापना के समय ही राजस्व विभाग द्वारा दरगाह की भूमि का अलग सीमांकन कर दिया गया था। दरअसल बीते दिनों परिसर में स्थापित मजारों को लेकर केजीएमयू प्रशासन ने नोटिस जारी कर उन्हें हटाने का निर्देश जारी किया था। मौलाना मदनी का बयान उसी प्रतिक्रिया का हिस्सा है। जमीयत अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि 26 अप्रैल 2025 को हजरत हाजी हरमैन शाह के आस्ताने में वुजूखाना, इबादतगाह तथा जायरीनों की सुविधाओं को बिना किसी न्यायालयी आदेश या वैधानिक अनुमति के ध्वस्त किया गया, जो पूरी तरह गैर-कानूनी है। उन्होंने कहा कि संबंधित भूमि वक्फ अधिनियम 1995 के तहत विधिवत वक्फ संपत्ति है और सुन्नी वक्फ बोर्ड में पंजीकृत है। कानून के अनुसार वक्फ संपत्तियों से जुड़े किसी भी विवाद पर निर्णय लेने का अधिकार केवल सक्षम न्यायालय को है, न कि किसी शैक्षणिक संस्था या उसके अधिकारियों को। मौलाना मदनी ने वक्फ बोर्ड से भी सक्रिय भूमिका निभाने की मांग करते हुए कहा कि प्राचीन मजारों और धार्मिक स्थलों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया जाए, जिन हिस्सों को ध्वस्त किया गया है, उनकी पुनर्बहाली कराई जाए तथा मुतवल्लियों को आवश्यक कानूनी दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुन. रावृत्ति रोकी जा सके।

### इटावा: फिशर वन में बनी अवैध मजार पर चलेगा बुलडोजर

**इटावा।** उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के फिशर वन क्षेत्र में बनी एक पुरानी मजार को अवैध निर्माण मानते हुए वन विभाग ने उसके ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला वन अधिकारी विकास नायक ने गुरुवार को बताया कि फिशर वन में बिना अनुमति निर्मित मजार को हटाने के संबंध में संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी किया गया है, लेकिन अब तक भूमि से जुड़े कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए हैं। ऐसे में नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण किया जाएगा। यह मजार स्थानीय लोगों में बीहड़ वाले सैयद बाबा के नाम से जानी जाती है। वन विभाग के अनुसार यह संरचना संरक्षित वन भूमि पर बनी हुई है, जहां किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है। बिना अनुमति यहां प्रतिवर्ष उर्स का आयोजन किया जाता है और हर गुरुवार को बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं।

## न्यूनतम वेतन को मौलिक अधिकार बनाने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ घरेलू कामगारों के लिए सुनवाई करने से शीर्ष अदालत का इन्कार

शीर्ष अदालत ने न्यूनतम वेतन को मौलिक अधिकार बनाने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से गुरुवार को यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन तय करने और लागू करने से जुड़े मुद्दे नीतिगत हैं, इसलिए बेहतर होगा कि इन्हें राज्य सरकारों पर छोड़ दिया जाए।

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने चिंता जताई कि अदालत के आदेशों से न्यूनतम वेतन को अनिवार्य करने के अनजाने परिणाम हो सकते हैं और इससे घरेलू कामगारों को नुकसान भी हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने चेतावनी दी कि इस तरह के कदम से बड़े पैमाने पर मुकदमेबाजी शुरू हो सकती है, जिसमें ट्रेड यूनियनें अलग-अलग घरों को अदालत में घसीट सकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप लोग घरेलू कामगारों को काम पर रखने से ही इन्कार करने लगेंगे। सीजेआई ने मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हर घर मुकदमेबाजी में फंस जाएगा। एक बार न्यूनतम वेतन तय हो जाने के बाद लोग काम पर रखना बंद कर देंगे। उन्होंने कहा कि अधिक सक्रिय ट्रेड यूनियनों के कारण घरेलू कामगार बड़े पैमाने पर बेरोजगार हो सकते हैं। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 14, 15 और 16 के तहत समानता और निष्पक्षता के आधार पर रोजगार से जुड़े तर्क आकर्षक लग सकते हैं, लेकिन वास्तविक दुनिया में इसका असर उल्टा हो सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि कृपया इसके परिणामों का आकलन करें। ट्रेड यूनियनें इन लोगों को छोड़ देंगी और उनके पास जाने के लिए कोई जगह नहीं होगी। उन्होंने रोजगार एजेंसियों के बारे में चिंता जताते हुए कहा कि वेतन का एक बड़ा हिस्सा बिचौलिए हड़प सकते हैं। उन्होंने शीर्ष अदालत के एक उदाहरण का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने एजेंसियों को प्रति कर्मचारी 40,000 रुपये का भुगतान किया, लेकिन कर्मचारियों को केवल लगभग 19,000 रुपये ही मिले। सीजेआई ने कहा कि इस तरह से विश्वास टूटता है। एजेंसियां इन लोगों का शोषण करती हैं। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि घरेलू कामगारों को बिलकुल भी कोई सुरक्षा नहीं मिलती है। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षा कवच है। असंगठित श्रमिक सामाजिक कल्याण अधिनियम कल्याणकारी उपायों का ध्यान रखता है। जब आर्थिक नीति की बात आती है, तो अदालतें बहुत सावधान रहती हैं। पीठ ने कहा कि मांगी गई राहत देने के लिए विधाई बदलावों की आवश्यकता होगी, जिसका निर्देश अदालत नहीं दे सकती। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि जब तक संसद या राज्य विधानमंडल कोई उपयुक्त कानून नहीं बनाते, तब तक कोई लागू करने योग्य निर्देश पारित नहीं किया जा सकता। उसने ऐसे निर्देश जारी करने से इन्कार कर दिया और याचिका खारिज कर दी। अदालत ने यद्यपि राज्य सरकारों से उठाई गई शिकायतों की जांच करने और घरेलू कामगारों के शोषण को रो. कने के लिए उपयुक्त तंत्र पर विचार करने का अनुरोध किया।

## अयोध्या में दीवार फांदकर भागे दो कैदी, 10 अफसर सस्पेंड

■ मफलर-कंबल से रस्सी बनाकर तीस ईंटें उखाड़ी

**अयोध्या।** जिला जेल से दो कैदियों के रफूचक्कर होने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। फरार कैदियों की पहचान गोलू अग्रहरि उर्फ सूरज और शेर अली उर्फ रफीक अली के रूप में हुई है।

दोनों हत्या और रेप के मामले में जेल में बंद थे। इसके लिए उन्होंने जेल के पीछे की दीवार से तकरीबन 30 ईंटें उखाड़ी, फिर कंबल और मफलर से रस्सी बनाई और 20 फीट ऊंची दीवार फांदकर फरार हो गए। इस मामले में दस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। कैदियों ने जेल की दीवार से ईंट उखाड़ने का काम रात में किया, लेकिन किसी को इसकी जानकारी नहीं हो पाई। कैदियों के फरार होने की सूचना मिलते ही जेल प्रशासन के बीच हड़कंप मच गया। कैदी गोलू अमेठी का रहने वाला है, वहीं रफीक सुल्तानपुर का है। अब इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए डीजी जेल पीसी मीणा ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक समेत दस लोगों को सस्पेंड कर दिया है। इसमें जेल के वरिष्ठ अधीक्षक यूपी मिश्रा, जेलर जेके यादव, डिप्टी जेलर मयंक त्रिपाठी, एक हेड वार्डर और तीन वार्डर शामिल हैं। फिलहाल मामले के विभागीय जांच का आदेश दे दिया गया है।

## सपा नेता बरी, राजू को 20 साल की जेल

**अयोध्या, वार्ता**

■ अयोध्या: भदरसा गैंगरेप मामले में अदालत का फैसला

अयोध्या के बहुचर्चित भदरसा दुष्कर्म कांड में पॉक्सो कोर्ट ने गुरुवार को सजा का ऐलान कर दिया है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी राजू खान को 20 साल की सजा सुनाई है, साथ ही 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इससे एक दिन पहले कोर्ट ने डीएनए रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद समाजवादी पार्टी के नेता मोईद खान को मामले में बरी कर दिया था।

अयोध्या के पॉक्सो प्रथम कोर्ट ने यह भदरसा गैंगरेप मामले में यह फैसला सुनाया है। इस मामले में 29 जुलाइ 2024 को थाना पूराकलंदर में गैंगरेप का मुकदमा दर्ज हुआ था। सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर राजू खान पर आरोप लगा था। दोनों की डीएनए जांच कराई गई थी, जिसमें मोईद खान का रिपोर्ट निगेटिव और राजू खान कीपोजिटिव आई थी। भदरसा में एक 12 साल की नाबालिग लड़की के साथ कथित तौर पर गैंगरेप हुआ था।

पीड़िता के परिजनों ने सपा नेता और भदरसा नगर के अध्यक्ष मोईद खान, उनके यहां काम करने वाले राजू खान पर आरोप लगाया था। आरोप था कि नाबा. लिग को बेकरी में बुलाकर रेप किया, फिर वीडियो बनाया और ब्लैकमेल कर महीनों तक बार-बार दुष्कर्म किया। इस बीच जब लड़की दो महीने की गर्भवती हो गई, तब जुलाई 2024 में मामला सामने आया। 30 जुलाई 2024 को पुलिस ने मोईद खान और राजू खान को गिरफ्तार किया था, तब से दोनों जेल में बंद हैं। पुलिस ने मोईद खान की बेकरी सील कर अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर भी चलाया था। साथ ही पॉक्सो एक्ट, ब्लैकमेलिंग समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया था। अयोध्या के पक्क्सो प्रथम कोर्ट ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए मोम्रद खान को निर्दोष बरी कर दिया, डीएनए जांच में उसकी रिपोर्ट निगेटिव आई थी, जबकि राजू खान का डीएनए पोजिटिव आया, उसे दोषी ठहराया गया था। आज कोर्ट ने सभी तथ्यों और गवाहों को सुनने के बाद राजू खान को 20 साल की जेल और 50 हजार जुर्माना लगाया है।



सेंसेक्स 82266.37
निफ्टी 25418.90



सोना रु. 176121
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

# अर्थ व्यापार



चांदी रु. 385933
प्रति किलो



# शुरूआती गिरावट से उबरे शेयर बाजार निजी बैंक और धातु कंपनियों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को 982 अंक का बड़ा उतार-चढ़ाव देखा गया और शुरुआती गिरावट से उबरकर प्रमुख सूचकांक अंतत: हरे निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 221.69 अंक (0.27 प्रतिशत) चढ़कर 82,566.37 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 76.15 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की बढ़त में 25,418.90 अंक पर रहा। सेंसेक्स 24 अंक की बढ़त के साथ खुला और खुलते ही लाल निशान में चला गया। हालांकि संसद में वित्त वर्ष 20225-26 का आर्थिक सर्वेक्षण पेश होने के बाद बाजार में तेजी लौट आई। एक समय यह 637 अंक टूटकर नीचे 81,707.94 अंक तक उतर गया था। बाद में 82,689.96 अंक



तक चढ़ा भी। मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक और स्मॉलकैप 100 सूचकांकों में 0.20 प्रतिशत की समान मजबूती दर्ज की गई। धातु, निजी बैंकिंग, रियलटी और तेल एवं गैस क्षेत्रों की कंपनियों में लिवाली का जोर रहा। वहीं एफएमसीजी, आईटी, ऑटो, फार्मा, सार्वजनिक बैंकों, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों की कंपनियों में बिकवाली हावी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर लगभग साढ़े चार प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी और एक्सिस बैंक में साढ़े तीन प्रतिशत के करीब तेजी रही। इटरनल का शेयर भी तीन फीसदी के ज्यादा चढ़ा। एनटीपीसी और अडानी पोर्ट्स के शेयर दो से तीन प्रतिशत के बीच मजबूत हुए। आईसीआईसीआई बैंक में एक प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

पावरग्रिड, भारती एयरटेल और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स में पौने चार प्रतिशत की गिरावट रही। इंडिगो और मारुति सुजुकी के शेयर ढाई-ढाई प्रतिशत गिरे। बीईएल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर और ट्रेंट के शेयर एक से दो प्रतिशत तक टूटे। टाइटन, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इंफोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए।

## सोना एक 1.76 लाख पहुंचा: चांदी तीन दिन में 68,228 महंगी

**नई दिल्ली।** चांदी-सोने के दाम लगातार चौथे दिन अपने सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार गुरुवार को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 11,486 रुपए बढ़कर 1,76,121 रुपए पर पहुंच गया है। तीन दिन में सोना 21,811 महंगा हुआ है। इससे पहले सोने का भाव 23 जनवरी को 1,54,310 रुपए/10 ग्राम था। एक किलो चांदी की कीमत 27,666 रुपए बढ़कर 3,85,933 रुपए किलो पर पहुंच गई है। तीन दिन में चांदी की कीमत 68,228 रुपए महंगी हुई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 3,17,705 रुपए किलो थी। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,33,195 रुपए का था, जो अब 1,76,121 रुपए हो गया है। वहीं चांदी 1,55,513 रुपए महंगी हो गई है। 31 दिसंबर 2025 को एक किलो चांदी की कीमत 2,30,420 रुपए थी, जो अब 3,85,933 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ग्रीनलैंड पर कब्जा करने की जिद और इस मुद्दे पर यूरोपीय देशों को टैरिफ की धमकी ने वैश्विक बाजारों बाजारों अस्थिरता बढ़ गई है।

**DABUR INDIA LIMITED**
Regd. Office: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi - 110 002
CIN - L24230DL1975PLC007908
Tel. No.: 011-23253488, Fax No.: 011-23222051
Website: www.dabur.com I E-mail: corpcomm@dabur.com

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND NINE MONTHS ENDED DECEMBER 31, 2025**

The consolidated and standalone unaudited financial results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2025, approved by the Board of Directors in their meeting held on January 29, 2026, along with the Auditors' Limited Review Reports thereon (expressing an unmodified opinion), as filed with the Stock Exchanges under Regulations 33 and 52 of the SEBI (Listing Obligations & Disclosure Requirements) Regulations, 2015 are available on the Stock Exchange websites (www.bseindia.com & www.nseindia.com), the Company's webpage (www.dabur.com/investor/financial-information/results) and can also be accessed by scanning the following Quick Response Code.

For and on behalf of the Board of Directors

Place: New Delhi
Date: January 29, 2026

**Mohit Burman**
Chairman
DIN: 00021963

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**यूजीसी के नए**

अलग परिभाषा की आवश्यकता पर सवाल उठाया गया, जबकि भेदभाव की सामान्य परिभाषा पहले से मौजूद है। इसमें रैगिंग पर प्रावधानों की पूरी तरह अनुपस्थिति की कड़ी आलोचना की गई। न्यायालय ने चिंता प्रकट करते कहा कि ये नियम एकता को बढ़ावा देने के बजाय छात्रों को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं। पीठ ने सुझाव दिया कि नियमों पर प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा फिर से विचार किया जाना चाहिए जो सामाजिक वास्तविकताओं और मूल्यों को समझते हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता को संबोधित करते हुए, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि न्यायालय तुरंत अंतिम आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं है और इसके बजाय विशेषज्ञ से इस पर पुनर्विचार चाहता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि एक ऐसी समिति होनी चाहिए, जिसमें प्रतिष्ठित न्यायविद हों ऐसे लोग जो सामाजिक मूल्यों और समाज जिन समस्याओं का सामना कर रहा है, उन्हें समझते हों।

उन्हें इस बात पर विचार करना चाहिए कि समाज कैसे आगे बढ़ेगा और लोग कैसे व्यवहार करेंगे।ष याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से पेश हुए एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने नियम 3 (1) (सी) की ओर ध्यान दिलाया, जो जाति-आधारित भेदभाव को अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के खिलाफ भेदभाव के रूप में परिभाषित करता है। उन्होंने तर्क दिया कि सामान्य श्रेणी के छात्रों के खिलाफ भेदभाव को मान्यता नहीं दी गई है। चूंकि नियम 3(1)(ई) पहले से ही भेदभाव को व्यापक रूप से परिभाषित करता है, इसलिए जाति-आधारित भेदभाव के लिए एक अलग परिभाषा अनावश्यक है। यह प्रावधान मानता है कि केवल कुछ समूहों को ही भेदभाव का सामना करना पड़ता है, जो संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है। श्री जैन ने अपने तर्क में कहा कि जब नियम 3(1)(ई) पहले से मौजूद है, तो 3(1)(सी) की क्या ज़रूरत है? एक अन्य वकील ने एक ऐसे परिदृश्य की ओर इशारा किया जहां एक सामान्य श्रेणी के नए छात्र को आरक्षित श्रेणी के एक सीनियर द्वारा रैगिंग का शिकार बनाया जाता है। ऐसे में वर्तमान नियम ऐसे मामले के लिए कोई उपाय प्रदान नहीं करते हैं और यहां तक कि पीड़ित को जवाबी कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि ऐसे नियम जातिविहीन समाज की दिशा में हुई प्रगति को खत्म कर सकते हैं। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि जातिविहीन समाज की ओर बढ़ने में हमने जो कुछ भी हासिल किया है, क्या अब हम प्रतिगामी हो रहे हैं? न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने इस बात पर जोर दिया कि विविधता में एकता शिक्षण संस्थानों में झलकनी चाहिए। न्यायमूर्ति बागची ने पूछा कि अगर 2012 के रेगुलेशन में व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण था, तो अब इसे प्रतिगामी क्यों होना चाहिए? विदित हो कि 2026 के ये नियम रोहित वेमुला और पायल तडवी की मां राधिका वेमुला और अबेदा सलीम तडवी द्वारा 2019 में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाए गए थे, जिनकी कथित तौर पर अपने विश्वविद्यालयों में जाति-आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या से मौत हो गई थी। उच्चतम न्यायालय ने पहले केंद्र सरकार से कैंपस में भेदभाव से निपटने के लिए एक मजबूत और प्रभावी सिस्टम बनाने के लिए कहा था और संबंधित पक्षों को सुझाव देने को कहा था। यूजीसी ने मिले सुझावों पर विचार करने के बाद, जनवरी 2026 में नए नियम नोटिफाई किए, जिन्होंने 2012 के रेगुलेशन की जगह ली। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। कुछ समूहों ने इसे वापस लेने की मांग की तो दूसरे पक्ष ने इसमें किसी भी तरह की ढील का विरोध किया है। उच्चतम न्यायालय में दायर कई याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि ये नियम सामान्य श्रेणी के छात्रों के लिए नुकसानदायक हैं। केंद्र सरकार और यूजीसी के जवाब दाखिल करने के बाद अब इस मुद्दे पर फिर से विचार किया जाएगा।

## यूजीसी नियमों पर रोक के बाद वाराणसी में जश्न

**वाराणसी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की नई नियमावली पर उच्चतम न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद वाराणसी में विरोध प्रदर्शन जश्न में बदल गया।

जिला मुख्यालय पर बीते कई दिनों से चल रहा धरना गुरुवार को कोर्ट के आदेश की खबर मिलते ही उत्सव में तब्दील हो गया। प्रदर्शनकारी एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर बधाइयां देते नजर आए। जश्न के दौरान लोगों ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। पूरे क्षेत्र में जयकारों और नारों के साथ खुशी का माहौल देखा गया।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि यह फैसला सामाजिक समरसता और समानता के पक्ष में है, जिससे समाज में फैल रही असमानता को रोका जा सका है। अधिवक्ता सारिका दुबे ने कहा कि पिछले तीन दिनों से जिला मुख्यालय पर लगातार यूजीसी के नए नियमों के खिलाफ विरोध हो रहा था। उन्होंने इसे सनातन धर्म और सामाजिक न्याय की जीत बताते हुए कहा कि यह नियमावली आपसी भाईचारे और सौहार्द को प्रभावित करने वाली थी। केसरिया भारत संस्था के गौरीश सिंह और अधिवक्ता संतोष सिंह ने भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया।

## सुधारों से तीन साल में आठ प्रतिशत तक पहुंच सकती है विकास दर: डॉ. नागेश्वरन

**नई दिल्ली, वार्ता**

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने गुरुवार को कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वार्षिक वृद्धि दर की संभावनाओं को नीतियों और प्रक्रियाओं में सुधारों के माध्यम से दो-तीन वर्ष के अंदर ही साढ़े सात-आठ प्रतिशत के स्तर तक पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर की संभावनाएं 6.5 प्रतिशत वार्षिक से बढ़कर इस समय सात प्रतिशत हो गई है।

इसके आधार पर ही वित्त वर्ष 2025-26 के आर्थिक सर्वेक्षण में आगामी वित्त वर्ष 2026-27 में आर्थिक वृद्धि के 6.8 से 7.2 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया गया है। यह औसतन सात प्रतिशत के स्तर का अनुमान है। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में आज रखी गई आर्थिक सर्वे रिपोर्ट में चालू वित्त वर्ष की जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान है। डा. नागेश्वरन ने कहा कि भू-राजनीतिक परिस्थितियों और अन्य वाह्य कारणों से कोई बड़ी चुनौती न उत्पन्न हुई, तो चालू वित्त वर्ष की वृद्धि सात प्रतिशत के दायरे में रहेगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के इसी माह के शुरू में प्रस्तुत प्रथम अग्रिम अनुमानों में वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया है।

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हुआ, तो सात प्रतिशत के स्तर की वृद्धि दर में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि भूमि और अन्य क्षेत्रों में सुधारों के माध्यम से देश की संभावित जीडीपी वृद्धि दर को तीन साल के अंदर 7.5 प्रतिशत से 8.0 प्रतिशत के स्तर पर ले जाया जा सकता है। वैश्विक चुनौतियों और अमेरिका में भारतीय माल के खिलाफ ऊंचे शुल्क के बावजूद आर्थिक वृद्धि में जो सुधार आया है वह एक के बाद एक कई बुनियादी सुधारों और नीतिगत उपायों के चलते आई है।

# उत्तराखंड को एवियशन इको सिस्टम में बेस्ट स्टेट का राष्ट्रीय पुरस्कार

**■ विंग्स इंडिया 2026 में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने दिया आवार्ड**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हैदराबाद / देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय विमानन सम्मेलन एवं प्रदर्शनी विंग्स इंडिया 2026 में उत्तराखंड को बेस्ट स्टेट फोर प्रमा. ेशन का एवियशन इको सिस्टम के प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा किए गए प्रभावी प्रयासों, नीति समर्थन और विमानन पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार बेगमपेट एयरपोर्ट, हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सचिव सचिन कुर्वे, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. आशीष चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय सिंह टोलिया तथा हेड ऑफ ऑपरेशंस कैप्टन अमित शर्मा उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विंग्स इंडिया 2026 देश का प्रमुख विमानन मंच है, जिसमें देश-विदेश के नीति निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ, निवेशक और विमानन क्षेत्र से जुड़े हितधारक भाग लेते हैं। इस मंच पर उत्तराखंड को मिला यह सम्मान राज्य के लिए गौरव का विषय है और भविष्य में निवेश व विकास के नए अवसर खोलेगा।



> यह पुरस्कार उत्तराखंड की समग्र विमानन नीति, बेहतर प्रशासनिक समन्वय और प्रदेश में हवाई संपर्क को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों को हवाई सेवाओं से जोड़ना हमारी प्राथमिकता रही है, जिससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिला है बल्कि आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केंद्र सरकार के सहयोग से ली सेवाओं के विस्तार, उड़ान योजना के सफल क्रियान्वयन और आधुनिक विमानन अवसंरचना के विकास से उत्तराखंड तेजी से एक उभरते विमानन हब के रूप में स्थापित हो रहा है।
>
> **'पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड'**

# एचआईएमएस को प्राथमिकता से फॉलों करें अस्पताल: रीना

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की स्टेट मिशन निदेशक रीना जोशी ने एबीडीएम के गवर्मेंट हास्पिटल इंफार्मेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एचआईएमएस) लागू करने, तथा प्रत्येक जनपद में एबीडीएम का एक मॉडल अस्पताल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी सीएचसी व पीएचसी को आयुष्मान योजना में इंपैनल कार्य भी प्राथमिकता के साथ करने के निर्देश दिए।

प्रदेश के सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारियों व



**■ एबीडीएम की मिशन निदेशक ने सभी जनपदों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को जारी किए निर्देश**

एबीडीएम से जुड़े अन्य अधिकारियों की वर्चुअल बैठक में मिशन निदेशक रीना जोशी ने कहा कि भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में एचआईएमएस को मिशन मोड में लागू किया जाना है। साथ ही अस्पतालों में सभी मरीजों का क्यूआर कोड से पंजीकरण कराने तथा मरीजों के स्वास्थ्य रिकार्ड डिजीटली लिंक किए जाने की व्यवस्था देने के निर्देश दिए।

मिशन निदेशक ने सभी जनपदों में एबीडीएम का नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा प्रत्येक व्यक्ति को स्कैन एंड शेयर व स्कैन एंड पे की जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही इस सिस्टम के व्यापक प्रचार प्रसार कराए जाने पर जोर दिया। इस मौके पर एबीडीएम की प्रबंधक प्रज्ञा पालीवाल ने पीपीटी के जरिए एचआईएमएस के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारियां दी।

# राज्य में संरक्षित एक भी स्मारक जर्जर नहीं: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारत सरकार ने कैम्पा फंड के तहत वर्तमान वर्ष में अब तक 150 करोड़ से अधिक की धनराशि वनों की बेहतरी के लिए राज्य को दिया है। वहीं वन्य जीव संरक्षण के लिए भी केंद्र ने 60 करोड़ से अधिक निधि जारी की है। वहीं एक सवाल के जबाब में एक अच्छी सूचना आई है कि केंद्र द्वारा राज्य में संरक्षित कोई भी स्मारक और क्षेत्र जर्जर स्थिति में नहीं है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा में पूछे गए सवालों के जवाब में यह महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। उनके द्वारा पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय से वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान कैम्पा निधि के अंतर्गत उत्तराखंड को दी गई वित्तीय सहायता को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके उत्तर में विभाग के केंद्रीय मंत्री श्री कीर्तवर्धन सिंह ने बताया कि वर्ष 2025-26 में, राष्ट्रीय प्राधिकरण काम्पा ने वन अधिनयम, 1980 के तहत वन भूमि के विचलन के



**■ कहा, वर्तमान वित्तीय वर्ष में केंद्र ने राज्य को जारी किया 150 करोड़ का कैंपा फंड**

कारण उत्तराखंड राज्य को प्रतिपूरक शुल्क की वसूली के रूप में 156. 52 करोड़ रुपये जारी किए हैं। जिसका उपयोग प्रतिपूरक वनीकरण निधि अधिनियम, 2016 और प्रतिपूरक वनीकरण निधि नियम, 2018 के प्रावधानों के अनुसार वन्यजीव संरक्षण सहित विभिन्न प्रतिपूरक वनीकरण और अन्य कार्यकलापों को करने के लिए किया जा रहा है। इसी तरह वर्तमान वित्तीय वर्ष, 2025-26 के दौरान, राज्य में वन्यजीव संरक्षण के लिए जारी धनराशि को लेकर पूछे सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि अब इसके लिए 60.81 करोड़ रुपये दिए गए हैं।

# युवाओं के कौशल विकास पर दें खास ध्यान : सीएम

## मुख्यमंत्री ने की रोजगार एवं स्वरोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में कृषि, पशुपालन, पर्यटन एवं उद्योग क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में विशेष ध्यान दिया जाए। 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के माध्यम से लोगों को इन योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान की जाए, ताकि वे इनका लाभ उठा सकें।

मुख्यमंत्री ने युवाओं के कौशल विकास पर विशेष ध्यान देने तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र लोगों को योजनाओं का समय पर एवं पूरा लाभ मिले, इस पर सभी विभाग



**■ स्वरोजगार के लिए अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभागों को तेजी से कार्य करने के निर्देश**

**■ पात्र लोगों को योजनाओं का समय पर एवं पूर्ण लाभ मिले: मुख्यमंत्री**

विशेष ध्यान दें। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि आवंटित बजट का पूर्ण आउटकम प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि उच्च स्तरीय बैठकों के कार्यवृत्त उन्नति पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं। उन्होंने सेब की अतिसघन बागवानी योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावी ढंग से संचालित कर निर्धारित लक्ष्यों को समय से प्राप्त किया जाए तथा किसानों को अधिकाधिक प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसानों से संबंधित देयकों का भुगतान समय पर हो। किसानों को उनके उत्पादन का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए राज्य में कीवी उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहद उत्पादन के क्षेत्र में उत्तराखंड में व्यापक संभावनाएं हैं। इसे देखते हुए 'हनी मिशन' के अंतर्गत शहद उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए और अधिक प्रभावी प्रयास किए जाएं। बैठक में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी, प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, दिलीप जावलकर, विनय शंकर पाण्डेय, एस.एन. पाण्डेय, वी. षणमुगम, धीराज गर्ब्याल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रदेश के 29 उत्पादों को जी.आई. टैग मिला

बैठक में बताया गया कि प्रदेश के 29 उत्पादों को जी.आई. टैग प्राप्त हुआ है, जिनमें से 18 कृषि एवं कृषि कल्याण से संबंधित हैं। इस वर्ष 25 अन्य उत्पादों को जी.आई. टैग के लिए चिन्हित किया जाएगा। राज्य में 134 करोड़ रुपये की लागत से लागू स्टेट मिलेट पॉलिसी के अंतर्गत मंडुवा, झंगोरा, रामदाना, कौणी एवं चीना को शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में 30 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल के 24 विकासखंडों तथा द्वितीय चरण में 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल के 44 विकासखंडों का चयन किया गया है। प्रथम चरण में 5 हजार से अधिक गांवों को आच्छादित कर लगभग डेढ़ लाख कृषकों को लाभान्वित किया गया है। मिलेट फसलों की क्रय-विक्रय के लिए 216 क्रय केंद्र खोले गए हैं। सहकारिता विभाग के अंतर्गत 20 करोड़ रुपये का रिवाल्विंग फंड बनाया गया है। इस वित्तीय वर्ष में 5000 मीट्रिक टन के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 5,386 मीट्रिक टन मिलेट फसलों का क्रय किया जा चुका है।

### चार वर्षों में लक्ष्य से ज्यादा लाभार्थियों को धनराशि उपलब्ध कराई

बैठक में जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना 2.0 के अंतर्गत चार वर्षों में 32 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष 33,620 लाभार्थियों को 202.72 करोड़ रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। आगामी वर्ष में 9 हजार लोगों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पर्यटन विभाग के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना के तहत चार वर्षों में 780 होम स्टे स्थापित किए गए हैं, जिसके लिए 188.58 करोड़ रुपये का वित्त पोषण किया गया है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चार वर्षों में एक हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया है, जिसमें कुल 105 करोड़ रुपये से अधिक की धनरा. शि का वित्त पोषण किया गया है।

# विशेष कैम्पों के माध्यम से लाखों लोगों को मिला सीधा लाभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड सरकार द्वारा जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेशभर में 'जन जन की सरकार जन की द्वार' के तहत विशेष कैम्पों का सफल आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रदेश में कुल 20 कैम्प आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से 18,673 लोगों ने विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त किया।

अब तक राज्यभर में कुल 504 कैम्पों का आयोजन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से 4,08,541 से अधिक नागरिकों को सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया है। यह आंकड़े मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की संवेदनशील, सक्रिय और जनोन्मुखी कार्यशैली को दर्शाते हैं।

इन कैम्पों के माध्यम से आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं।

# 'डबल इंजन' जनता के लिए डबल अत्याचार साबित हो रहा: आर्य

**■ कांग्रेस ने जन-जागरण अभियान का किया ऐलान**

**■ भ्रष्टाचार, अपराध व बेरोजगारी के खिलाफ 3 माह तक चलेगा आंदोलन**

**■ 16 फरवरी को राजभवन घेराव करेगी कांग्रेस**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में बढ़ते भ्रष्टाचार, महिला अपराध, बेरा. ेजगारी और प्रशासनिक अराजकता के खिलाफ कांग्रेस ने निर्णायक संघर्ष का ऐलान किया है। गुरुवार को उत्तराखंड कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत, सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं मनोज यादव



की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक के बाद सभी नेताओं ने संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

प्रेस वार्ता में कांग्रेस नेताओं ने एक स्वर में भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि राज्य आज अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। भ्रष्टाचार, महिला अपराध, बेरोजगारी, अन्याय और अव्यवस्था चरम पर है। भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल में रिकॉर्डतोड़ भ्रष्टाचार, नौकरियों की बंदरबांट और अपराधियों को संरक्षण देने को ही अपनी पहचान बना लिया है। सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होने के बजाय सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि मुख्य विपक्षी दल होने के नाते कांग्रेस आगामी तीन महीनों तक राज्यव्यापी जन-जागरण अभियान चलाएगी। इस अभियान में युवा, महिलाएं, किसान, कर्मचारी और बेरोजगार वर्ग को जोड़ा जाएगा।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि भाजपा सरकार की विफलताएं अब हर घर तक पहुंच चुकी हैं। किसान आत्महत्या कर रहे हैं और सरकार मूक दर्शक बनी हुई है। कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक जनता की आवाज को मजबूती से उठाएगी। उन्होंने कहा कि अं. कता भंडारी हत्याकांड से लेकर नौकरियों की बंदरबांट तक हर मामले में सरकार का चेहरा बेनकाब हुआ है। भाजपा का "डबल इंजन" उत्तराखंड के लिए डबल अत्याचार साबित हुआ है।

### भाजपा ने अस्मिता, संसाधनों और युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात किया: हरदा

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने उत्तराखंड की अस्मिता, संसाधनों और युवाओं के भविष्य के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस अब चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने पार्टी के वर्तमान "चतुर्भुज नेतृत्व" की सराहना करते हुए कहा कि यह नेतृत्व साहस और संघर्ष का प्रतीक है। अं. कता भंडारी हत्याकांड को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए उन्होंने प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी। चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बताया कि जन-जागरण अभियान की कड़ी में 16 फरवरी को राजभवन का घेराव किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से कांग्रेस कार्यकर्ता और आम नागरिक शामिल होंगे। चुनाव प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरक सिंह रावत ने कहा कि संगठन पूरी तरह एकजुट है और यह जन आंदोलन गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाया जाएगा। सह प्रभारी सुरेंद्र शर्मा एवं मनोज यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी शासन के खिलाफ संघर्ष और तेज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को होने वाले राजभवन घेराव कार्यक्रम के संयोजक प्रीतम सिंह होंगे।

# राज्यपाल को देहरादून उत्तरायणी कौथिक महोत्सव-2026 के लिए दिया निमंत्रण

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को लोक भवन में ट्रस्टी संस्थापक, सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन श्रीमती गीता धामी ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को सेवा संकल्प (धारिणी) फाउंडेशन के तत्वावधान में 05 से 08 फरवरी, तक आयोजित होने वाले "देहरादून उत्तरायणी कौथिक महोत्सव-2026" के लिए निमंत्रण दिया।






# यूपीईएस व आइकोना डिजाइन समूह के बीच अहम करार

**■ भविष्य की गतिशीलता के लिए खुलेगा उत्कृष्टता केंद्र**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूपीईएस देहरादून ने ऑटोमोबाइल और परिवहन डिजाइन के क्षेत्र में वैश्विक पहचान रखने वाले आइकोना डिजाइन समूह के साथ एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी की है। इस समझौते के तहत यूपीईएस परिसर में भविष्य की गतिशीलता (फ्यूचर मोबिलिटी) से जुड़ा एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा।

यह केंद्र आने वाले समय में विद्युत वाहन, स्वायत्त वाहन प्रणाली, स्मार्ट शहरी परिवहन, हरित ऊर्जा आधारित यातायात, शहरी नियोजन, नीति निर्धारण और सतत परिवहन तकनीक जैसे विषयों पर शिक्षा, शोध और नवाचार को बढ़ावा देगा। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहल भारत में बदलते परिवहन परिदृश्य को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

**आमंत्रण पर आधारित वैश्विक मान्यता:** आइकोना डिजाइन समूह द्वारा यूपीईएस को यह साझेदारी आमंत्रण के आधार पर प्रदान की गई है, जो इस बात का संकेत है कि विश्वविद्यालय ने परिवहन डिजाइन और नवाचार के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। यह सहयोग केवल चुनिंदा शैक्षणिक संस्थानों को ही दिया जाता है।

### छात्रों को मिलेगा उद्योग से सीधा जुड़ाव

साझेदारी के तहत यूपीईएस के विद्यार्थियों को संयुक्त शोध परियोजनाओं, उद्योग प्रायोजित कार्यों, इंटर्नशिप और विशेषज्ञों के साथ संवाद का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों को वैश्विक परिवहन उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं को समझने और व्यावहारिक अनुभव हासिल करने में मदद मिलेगी।

विश्वविद्यालय प्रबंधन के अनुसार, यह उत्कृष्टता केंद्र यूपीईएस की मौजूदा शैक्षणिक और शोध संरचना के भीतर ही संचालित किया जाएगा। इसके लिए किसी नए भौतिक ढांचे के निर्माण की आवश्यकता नहीं होगी, जिससे संसाधनों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा सकेगा।

### भविष्य के परिवहन विशेषज्ञ तैयार करने की दिशा में कदम

यूपीईएस के रजिस्ट्रार मनीष मदन का कहना है कि यह साझेदारी भारत में भविष्य के परिवहन समाधान विकसित करने वाले कुशल मानव संसाधन तैयार करने में सहायक सिद्ध होगी।

साथ ही, यह केंद्र नीति-निर्माताओं और उद्योग जगत के लिए भी शोध और परामर्श का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा।

# मुख्यमंत्री न किया लैब ऑन व्हील्स का फ्लैग ऑफ



**■ भविष्य की गतिशीलता के लिए खुलेगा उत्कृष्टता केंद्र**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय से छात्र कौशल संवर्धन के लिए लैब ऑन व्हील्स (इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड) का फ्लैग ऑफ किया। यह लैब ऑन व्हील्स छात्रों को ए.आई, कोडिंग, आई.ओ.टी एवं अन्य इमर्जिंग टेक क्षेत्रों में कौशल संवर्धन के लिए हैण्ड्स ऑन सुविधा उपलब्ध कराएगा। इसके साथ ही विज्ञान विषय के विभिन्न प्रयोगों को वर्चुअल मोड से सीखने में सहायता प्रदान करेगा।

लैब ऑन व्हील्स छात्रों को लर्निंग बाई डूइंग के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। इंफोसिस स्प्रिंगबोर्ड लैब ऑन व्हील्स आगामी 05 वर्ष तक पूरे राज्य संस्थाओं में जाकर छात्रों को जागरूक करते हुए उनको हैण्स ऑन प्रशिक्षण प्रदान करेगा और उनको वैश्विक संभावनाओं से जोड़ेगा। लैब ऑन व्हील्स राज्य में छात्रों के लिए हैण्स ऑन प्रशिक्षण की अनुपलब्धता को न्यून करेगा। लैब ऑन व्हील्स में उपलब्ध हैण्ड्स ऑन एवं प्रैक्टिकल्स उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर, प्रमोद नैनवाल,उच्च शिक्षा उन्नयन समिति के उपाध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र भसीन, डॉ. जयपाल सिंह चौहान, सचिव उच्च शिक्षा डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा के अधिकारी एवं इंफोसिस प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# 22 साल के दर्द पर भारी पड़ी बारिश की बूंदें, विस्थापितों का संघर्ष जारी

■ टीन शेड के स्थाई आवंटन की मांग को लेकर 15वें दिन भी डटे रहे आंदोलनकारी, कांग्रेस ने दिया समर्थन, जर्जर हो चुके आशियानों में रहने को मजबूर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** ऐतिहासिक पुरानी टिहरी शहर के राष्ट्र के लिए बलिदान होने के दो दशक बाद भी विस्थापितों का संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। अपने आशियानों के स्थाई मालिकाना हक की मांग को लेकर केमसारी टीन शेड में निवासरत विस्थापितों का आंदोलन अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुका है। एकता शक्ति संगठन के बैनर तले चल रहा यह धरना प्रदर्शन गुरुवार को 15वें दिन भी लगातार जारी रहा। खास बात यह रही कि गुरुवार को हुई मूसलाधार बारिश और कड़ाके की ठंड भी आंदोलनका. रियों के हौसलों को नहीं डिगा सकी। अपनी मांगों को लेकर अडिग विस्थापित छाता तानकर और भीगते हुए भी धरना स्थल पर डटे रहे। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुरारीलाल खंडवाल और नगर अध्यक्ष कुलदीप सिंह पंवार ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया और विस्थापितों की मांगों को जायज ठहराया।

धरना स्थल पर आक्रोश व्यक्त करते हुए टीन शेड कॉलोनी वासियों ने शासन और प्रशासन पर घोर उपेक्षा का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि जब पुरानी टिहरी झील में समा रही थी, तो प्रशासन ने उन्हें यह कहकर यहां बौराड़ी के केमसारी स्थित टीन शेड्स में शिफ्ट किया था कि यह व्यवस्था कुछ समय के लिए है। आज उस बात को 22 साल बीत चुके हैं, लेकिन सरकार ने अभी तक इन आवासों का स्थाई आवंटन उनके नाम नहीं किया है। दो दशकों से अधिक समय बीत जाने के कारण लोहे की चादरों से बने ये टीन शेड अब पूरी तरह से सड़ और गल चुके हैं। चूंकि आवंटन स्थाई नहीं है, इसलिए नियमत: वे न तो इसकी मरम्मत करवा सकते हैं और न ही पक्का निर्माण करा सकते हैं।

विस्थापितों ने अपनी दयनीय स्थिति बयां करते हुए बताया कि बरसात के दिनों में छतों से पानी टपकता है और कमरों में भर जाता है, जिससे उनका जीना मुहाल हो गया है। हालात इतने बदतर हैं कि एक-एक छोटे से कमरे में दो से तीन परिवार भेड़ों की तरह रहने को मजबूर हैं। विस्थापितों का कहना है कि वे लंबे समय से इन अस्थाई आवंटित टीन शेड्स को फ्री-होल्ड या स्थाई रूप से आवंटित करने की गुहार लगा रहे हैं, लेकिन शासन और प्रशासन कुंभकरणीय नींद सोया हुआ है। करीब 245 परिवार आज भी अपने भविष्य को लेकर असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द उनकी सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष सुरेंद्र खत्री, मनीष तोमर, सीताराम सैनी, जमीर अहमद, ममता पैन्यूली, नाजीम हनीफ, रेखा देवी और सतीश सहित बड़ी संख्या में प्रभावित मौजूद रहे।

# सरकारी शिविर से नदारद रहा समाज कल्याण विभाग, पेंशनरों को लौटना पड़ा खाली हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विकासखंड प्रतापनगर की पट्टी ओण के मांजफ गांव में प्रशासन द्वारा आयोजित जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार कार्यक्रम अव्यवस्थाओं और अधिकारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। सुदूरवर्ती क्षेत्रों से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे ग्रामीणों को उस वक्त भारी निराशा हाथ लगी, जब उन्हें पता चला कि शिविर से समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और कर्मचारी ही नदारद हैं। विशेषकर पेंशन प्रकरणों और समाज कल्याण से जुड़ी अन्य योजनाओं का लाभ लेने आए बुजुर्गों और जरूरतमंदों को बिना समाधान के बैरंग वापस लौटना पड़ा, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। उपजिलाधिकारी अंकित राज की अध्यक्षता में आयोजित इस बहुउद्देशीय शिविर में क्षेत्र की जनता ने कुल 120 शिकायतें दर्ज कराईं। मौके पर मौजूद अधिकारियों द्वारा इनमें से केवल 35 शिकायतों का ही त्वरित निस्तारण किया जा सका। उपजिलाधिकारी ने शेष बची शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए उन्हें शीघ्र अति शीघ्र निस्तारित करने के कड़े निर्देश दिए। हालांकि, शिविर का मुख्य आकर्षण समाज कल्याण विभाग की अनुपस्थिति ने प्रशासन के दावों की पोल खोल कर रख दी।शिविर में जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी देवी और ज्येष्ठ उप प्रमुख प्रकाश रमोला ने समाज कल्याण विभाग की गैर-मौजूदगी पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने उपजिलाधिकारी के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराते हुए मांग की कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब किया जाए और उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाए, ताकि भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे जनहित के कार्यक्रमों में जनता को परेशान न होना पड़े।एक ओर जहां अधिकारी नदारद थे, वहीं दूसरी ओर शिविर में पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने भी प्रशासन पर उपेक्षा का गंभीर आरोप लगाया। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी देवी, ज्येष्ठ प्रमुख प्रकाश चंद रमोला, क्षेत्र पंचायत सदस्य रंजना देवी, प्रधान रमेश पंवार और आरती देवी ने कहा कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचे थे।

# चोपता में ओवरचार्जिंग पर प्रशासन सख्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** प्रमुख पर्यटन स्थल मिनी स्विट्जरलैंड चोपता क्षेत्र में टैक्सी संचालकों द्वारा पर्यटकों एवं स्थानीय नागरिकों से निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूले जाने की लगातार मिल रही शिकायतों को जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग प्रतीक जैन ने गंभीरता से लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को उप जिलाधिकारी उखीमठ अनिल रावत एवं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह बिष्ट ने स्थानीय थानाध्यक्ष के साथ चोपता क्षेत्र में संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टैक्सी वाहनों की किराया दर सूची, परमिट, फिटनेस प्रमाण पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच में कुछ टैक्सी संचालकों द्वारा निर्धारित किराया दरों से अधिक वसूली किए जाने की पुष्टि होने पर संबंधित चालकों को कड़ी चेतावनी दी गई तथा नियमानुसार चालान की कार्रवाई भी की गई।अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी टैक्सी संच. ालक अपने वाहनों में स्वीकृत किराया दर सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करें और केवल निर्धारित दरों के अनुसार ही किराया वसूलें। पर्यटकों के साथ किसी भी प्रकार की ओवरचार्जिंग या अनुचित व्यवहार को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान कुछ प्राइवेट वाहनों की भी जांच की गई।

# अपर जिलाधिकारी ने तिलवाड़ा का किया स्थलीय निरीक्षण

■ गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समयबद्ध पूर्णता और नियमित मॉनिटरिंग के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने तिलवाड़ा में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (ज्च्) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, निर्माण गुणवत्ता तथा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन की स्थिति का गहन अवलोकन किया।

अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से परियोजना की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानक. ारी ली और निर्माण कार्य में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ज्च् जैसे महत्वपूर्ण जनहितकारी प्रोजेक्ट में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

उन्होंने कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य पूर्णत: मानकों के अनुरूप, उच्च गुणवत्ता के साथ किया जाए तथा परियोजना को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न हो।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि तिलवाड़ा क्षेत्र में सीवेज प्रबंधन की दृष्टि से यह परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ पर्यावरण और बेहतर स्वच्छता व्यवस्था का लाभ मिलेगा।

निरीक्षण के दौरान मौके पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए गए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि परियोजना की प्रगति की नियमित रिपोर्ट प्रशासन को उपलब्ध कराई जाए।

इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक श्रीनगर, सहायक अभियंता पेयजल निगम तथा कार्यदाई संस्था के प्रति. निधि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव में अर्जुन के लिए मांगे वोट

**श्रीनगर।** बार एसोसिएशन श्रीनगर के अधिवक्ताओं ने उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव को लेकर चर्चा की। इस दौरान उन्होने उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव में अर्जुन सिंह भंडारी को प्रथम वरीयता से जिताने का आह्वान किया। श्रीनगर बार एसोसिएशन के संरक्षक अनूप श्री पांथरी ने कहा कि अर्जुन सिंह भंडारी ने अपने पूर्व के कार्यकाल में अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए कई अभूतपूर्व कार्य किए हैं। कहा कि उनकी कार्य कुशलता और अधिवक्ताओं के प्रति अटूट समर्पण ही उनकी पहचान है। वह अधिवक्ताओं के हितों के लिए सदैव तत्पर और संघर्षशील रहे हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमेश चंद्र जोशी ने उत्तराखंड बार काउंसिल के चुनाव में अर्जुन सिंह भंडारी को जिताने का आह्वान किया है। मौके पर बार एसोसिशन के पूर्व अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, महासचिव ब्रह्मानंद भट्ट, पूर्व अध्यक्ष दीपक भंडारी, उपाध्यक्ष जगजीत सिंह जयाडा, सह सचिव देवी प्रसाद खरे, पूर्व सह सचिव प्रदीप मैठाणी, कोषाध्यक्ष सुबोध भट्ट, बलवीर सिंह रौतेला सहित आदि शामिल थे।

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने देश का पहला 'पीएम ई-ड्राइव' सर्टिफाइड इलेक्ट्रिक ट्रक किया डिलीवर

**देहरादून।** मुरूगप्पा ग्रुप के हिस्से मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की क्लीन मोबिलिटी यात्रा में एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। कंपनी पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत सर्टिफिकेशन प्राप्त करने वाली पहली हैवी-ड्यूटी इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माता बन गई है। इस उपलब्धि के साथ मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत की सबसे बड़ी सीमेंट एवं रैडी-मिक्स कॉन्क्रीट कंपनी अल्ट्रा टेक सीमेंट लिमिटेड को देश का पहला पीएम ई-ड्राइव-सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी ट्रक, राइनो 5538, ईवी 6 ग 4 ट्रैक्टर ट्रेलर डिलीवर किया है। यह उपलब्धि इलेक्ट्रिक वाहनों के विकास को बढ़ावा देने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि का जश्न अरुण मुरुगप्पन, चेयरमैन-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), जलज गुप्ता, एमडी-मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक (टीआई क्लीन मोबिलिटी), साथिया राज, चीफ प्रोक्योरमेंट ऑफिसर, अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की मौजूदगी में मनाया गया।

### कीर्तिनगर पुलिस ने रानीहाट में बालिकाओं को किया जागरूक



**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीहाट में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरूवार को कोतवाली कीर्तिनगर कि उपनिरीक्षक सुषमा रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बालिकाओं को छेड़छाड़, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी, फर्जी आईडी, साइबर स्टॉकिंग आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही अपराध की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना देने एवं सहायता प्राप्त करने के विभिन्न माध्यमों के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें निर्भीक होकर आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

### ओवरटेक मामले को लेकर विवाद

**श्रीनगर।** कोतवाली श्रीनगर क्षेत्रांर्गत फरासू के पास वाहन को ओवरटेक करने पर स्थानीय युवा और यात्री आपस में विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद हाथापाई में बदल गया। जिससे क्षेत्र में कुछ देर के लिए तनावपूर्ण माहौल बन गया। भीड़ को तितर बितर करने के लिए पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा. जिससे हालात काबू में आया। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार हरियाणा के पर्यटक गलत दिशा स्थानीय युवाओं को ओवरटेक किया गया। इसी दौरान स्कूटी सवार स्थानीय युवाओं ने इसका विरोध किया, जिस पर पर्यटकों और युवाओं के बीच कहासुनी हो गई। बात कहासुनी तक नहीं रूकी, थोड़ी देर में मारपीट भी शुरू हो गई. मारपीट की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए।

# तेज आवाज वाले साइलेंसर पर पुलिस की सख्ती

■ धनौल्टी और थत्यूड़ क्षेत्र में पुलिस का चेकिंग अभियान, बुलेट बाइक का चालान काटकर दिया कड़ा संदेश ,एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देश पर सड़कों पर उतरी पुलिस, रेट्रो साइलेंसर हटाने की अपील अन्यथा होगी सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** सार्वजनिक शांति में खलल डालने वाले और सड़कों पर कानफाड़ू आवाज के साथ फर्राटा भरने वाले वाहन चालकों के खिलाफ टिहरी पुलिस ने अब कमर कस ली है। इसी क्रम में थाना थत्यूड़ पुलिस ने अपने क्षेत्र में एक विशेष सघन चे. कंग अभियान चलाया, जिसका मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराना और ध्वनि प्रदूषण पर लगाम लगाना है। पुलिस की इस सख्ती से नियमों की अनदेखी करने वाले और वाहनों में मनमाने बदलाव करने वाले चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

इस विशेष अभियान के दौरान धनौल्टी चौकी और थत्यूड़ थाना क्षेत्र में पुलिस ने दोपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक बुलेट मोटरसाइकिल को रोका, जिसमें कंपनी के मानकों के विपरीत अवैध रेट्रो साइलेंसर लगा हुआ पाया गया। तेज आवाज करने वाले इस साइलेंसर के कारण न केवल ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, बल्कि यह आम राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए भी परेशानी का सबब बना हुआ था। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल मोटर वाहन अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत उक्त वाहन चालक का चालान किया और भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी।

थाना थत्यूड़ पुलिस ने क्षेत्र के सभी वाहन चालकों, विशेषकर युवाओं से सार्वजनिक अपील की है कि वे अपने दोपहिया वाहनों में लगे ऐसे मॉडिफाइड या रेट्रो साइलेंसरों को स्वेच्छा से हटवा लें। पुलिस ने स्पष्ट चेतावनी जारी की है कि यदि भविष्य में कोई भी वाहन चालक इन नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ भारी जुर्माने के साथ-साथ अन्य कठोर दंडात्मक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। एसएसपी आयुष अग्रवाल ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सड़कों पर सुरक्षा, शांति और अनुशासन बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभियान महज औपचारिकता नहीं है, बल्कि इसे नियमित रूप से जारी रखा जाएगा ताकि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और आम जनता को शोर-शराबे से राहत मिल सके।

# प्रो. दीपक मुख्य नियंता और प्रो. आर्य बनी उप नियंता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर ।** गढ़वाल विश्वविद्यालय में अनुशासन बनाए रखने और शैक्षणिक माहौल को सुरक्षित रखने को लेकर मुख्य नियंता बोर्ड का गठन किया गया है। गुरूवार को गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीस-उज-जमाल के अनुमोदन के उपरांत मुख्य नियंता बोर्ड ने अपनी टीम का गठन किया गया है। बोर्ड में प्रो. दीपक कुमार को मुख्य नियंता किया नियुक्त जबकि प्रो. ममता आर्य और एमबीए विभाग के डॉ. सुरेंद्र मीणा को उप नियंता बनाया। हिरामण रॉय, डॉ. डीके राणा, जैव-रसायन कि डॉ. मनीषा निगम, भौतिकी विभाग के डॉ. आलोक सागर गौतम, शारीरिक शिक्षा विभाग के डॉ. हिरालाल यादव, रसायन विभाग के जितेंद्र कुमार, माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के डॉ. विनित मौर्य, कम्प्यूटर साइंस के डॉ. ओम प्रकाश, इंग्लिस विभाग के डॉ. नितेश बौठियाल, हिंदी विभाग के अनुप सेमवाल, शिक्षा विभाग के डॉ. पुनीत वालिया, समाजशास्ध के डॉ. दिनेश चौधरी, एमएसडब्ल्यू डॉ. रितू मिश्रा, कॉमर्श विभाग के डॉ. कमल आजाद, बी.एलबी डॉ. गांधी सिंह, दर्शनशास्त्र कि डॉ. कविता भट्ट, अर्थशास्ध्त्र विभाग की डॉ. रकमणी, भूगोल विभाग डॉ. धीरज कुमार, उद्यानिकी विभाग के डॉ. तेजपाल सिंह बिष्ट को सहयाक नियंता बनाया गया है।

# सहकार भारती ने किया टिहरी जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**नई टिहरी।** सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रमुख संगठन सहकार भारती ने जनपद टिहरी में अपने संगठनात्मक ढांचे को विस्तार देते हुए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। सहकार भारती उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार गौड़ के निर्देशानुसार और जिला प्रभारी गीता मौर्य के नेतृत्व में इस नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य जनपद में सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना तथा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है।

# सीएम के आत्मनिर्भर उत्तराखंड विजन की सशक्त मिसाल बना नौगांव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हरित ऊर्जा, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण सशक्तिकरण के दूरदर्शी विजन को धरातल पर साकार करते हुए विकासखंड बीरा. ेखाल की ग्राम पंचायत नौगांव ने सोलर ऊर्जा के माध्यम से सतत विकास की एक प्रेरणादायी पहल की है।

सीमित संसाधनों के बावजूद दूरदर्शी योजना और सामूहिक प्रयासों से नौगांव आज जिले ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में उभर रहा है। पूर्व में जहां गांव के अधिकांश मार्ग रात्रि में अंधेरे में डूबे रहते थे, वहीं अब सोलर ऊर्जा की बदौलत पूरा गांव उजाले से जगमगा रहा है। ग्राम पंचायत भवन की छत पर स्थापित तीन किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट से प्रतिदिन लगभग 16 यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन किया जा रहा है। इस ऊर्जा को गांव में स्थापित 40 सोलर स्ट्रीट लाइटों से जोड़ा गया है, जिससे सभी प्रमुख मार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं आवासीय क्षेत्रों में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित हुई है। ग्राम प्रधान ओमपाल सिंह ने बताया कि यह सोलर प्लांट राज्य वित्त से लगभग दो लाख रुपये की लागत से एक वर्ष पूर्व स्थापित किया गया। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करना नहीं, बल्कि गांव को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना भी है। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 70 परिवार निवास करते हैं और सोलर स्ट्रीट लाइटों से न केवल विद्युत व्यय में कमी आयी है, बल्कि रात्रिकालीन सुरक्षा एवं सुग. मता भी सुनिश्चित हुई है।

जिला पंचायतीराज अधिकारी जितेंद्र कुमार ने नौगांव की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र में सोलर ऊर्जा का प्रभावी उपयोग ग्राम पंचायत की सक्रियता और विकासोन्मुख सोच को दर्शाता है। उन्होंने बताया कि यह नवाचार अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ग्राम पंचायत नौगांव स्वच्छता के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकी है। वर्ष 2023दृ24 में स्वच्छता कार्यों के लिए नौगांव को जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था, जिसके लिए पंचायत को पांच लाख रुपये की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने कहा कि नौगांव ग्राम पंचायत द्वारा सौर ऊर्जा के माध्यम से की गयी यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में संसाधनों के कुशल उपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इससे न केवल ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है, बल्कि रात्रिकालीन सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक सुविधाओं की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि इस प्रकार के सफल मॉडल को अन्य ग्राम पंचायतों में भी चरणबद्ध रूप से अपनाया जाय, ताकि हर गांव सुरक्षित, स्वच्छ और आत्मनिर्भर बन सके। गांव की रीना देवी, मीनाक्षी देवी, रविन्द्र रावत एवं जगदीप सिंह ने बताया कि सोलर प्लांट स्थापित होने के बाद गांव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। प्रत्येक मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था होने से सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है और ग्रामीणों को सुविधाजनक वातावरण मिला है।

ग्रामीणों ने इस पहल को मुख्यमंत्री के विकास विजन से जुड़ा हुआ बताते हुए ग्राम पंचायत के प्रयासों की सराहना की। नौगांव की यह पहल इस बात का सशक्त प्रमाण है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तराखंड का हर गांव हरित, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निरंतर अग्रसर है।

# सवाड़ गांव में एक समीक्षा बैठक आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में सवाड़ गांव में बने केंद्रीय विद्यालय के संबंध में वर्चुअल माध्यम से एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सवाड़ गांव में संचालित किए जाने वाले केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।जिलाधिकारी ने विद्यालय के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक सभी बिंदुओं पर अधिकारियों से जानक. ारी लेते हुए समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी भवन में फायर सेफ्टी, मरम्मत एवं रखरखाव, बाउंड्री वॉल तथा फेंसिंग आदि कार्य स्थायी भवन के निर्माण तक सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को आगामी जिला योजना में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण निर्माण विभाग को आवश्यक निर्माण कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए, जिससे इस शैक्षणिक सत्र से विद्यालय में बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा विद्यालय में बिजली फिटिंग, पानी का कनेक्शन, शौचालय व्यवस्था,खेल मैदान सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन से सहयोग का अनुरोध किया गया। इस पर जिलाधिकारी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए कहा कि केंद्रीय विद्यालय को इस सत्र से प्रारंभ करने हेतु आवश्यक सभी कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में ब्लॉक प्रमुख देवाल तेजपाल रावत, ग्राम प्रधान आशा धपोला, सवाड़ से आलम सिंह बिष्ट, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अल्ला दिया, खंड शिक्षा अधिकारी देवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे।

# गुरु राम राय पब्लिक स्कूल तिलणी में पुलिस का जागरूकता अभियान




**शाह टाइम्स संवाददता**

**रूद्रप्रयाग।** पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशन में पुलिस की ओर से शिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की कड़ी में गुरु राम राय पब्लिक स्कूल, तिलणी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, कानून एवं सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति सजग बनाना रहा।

जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सुरेश चन्द्र बलूनी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में बढ़ते अपराधों, साइबर फ्रॉड, नशे के दुष्प्रभावों तथा सड़क सुरक्षा नियमों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं को महिला सम्बन्धी अपराधों जैसे गुड टच-बैड टच, छेड़छाड़ एवं घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया तथा ऐसी घटनाओं के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही आपातकालीन नंबर 112 एवं महिला हेल्पलाइन 1090 के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों पर विशेष चर्चा करते हुए पुलिस अधिकारियों ने सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, अनजान लिंक से बचाव तथा निजी जानकारी साझा न करने की सलाह दी। इसके साथ ही साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की उपयोगिता से भी छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया। पुलिस टीम ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने की शपथ दिलाई और बताया कि नशा किस प्रकार स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में चल रहे सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया गया। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ओवरस्पीडिंग से बचने और सड़क पार करते समय आवश्यक सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक सुरेश चन्द्र बलूनी ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। यदि वे जागरूक होंगे, तो समाज स्वत: सुरक्षित बनेगा। पुलिस जनता की सेवा और सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, कोतवाली रुद्रप्रयाग का पुलिस बल तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एमडीडीए का अवैध निर्माणों पर करारा प्रहार



■ सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई तेज
■ कई स्थानों पर अवैध निर्माण किए गए सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) द्वारा प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत किए जा रहे अवैध निर्माणों के विरुद्ध सखघ्त रुख अपनाते हुए सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्यवाही लगातार जारी है। प्राधिकरण की ओर से स्पष्ट किया गया है कि बिना स्वीकृति एवं नियमों के विरुद्ध किए जा रहे किसी भी प्रकार के निर्माण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इसी क्रम में देहरादून के प्रगति विहार क्षेत्र में अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की गई। प्रगति विहार लेन संख्या-06, देहरादून में उपेन्द्र कुमार अग्रवाल द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए सीलिंग की कार्यवाही की गई। वहीं, इसी क्षेत्र में श्रेयष अग्रवाल द्वारा निर्मित अवैध टिन शैड को चिन्हित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई अमल में लाई गई। दोनों ही मामलों में निर्माण प्राधिकरण से बिना स्वीकृति के किए जा रहे थे। यह कार्रवाई संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के निर्देशों पर की गई, जिसमें सहायक अभियंता निशांत कुकरेती, अवर अभियंता जयदीप राणा एवं प्राधिकरण के सुपरवाइजर मौके पर उपस्थित रहे। एमडीडीए ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य से पूर्व प्राधिकरण से स्वीकृति अवश्य प्राप्त करें। नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार कार्रवाई जारी रहेगी। यह अभियान शहर को सुनियोजित, सुरक्षित एवं अवैध निर्माण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्राधिकरण क्षेत्र में अवैध निर्माण किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण शहर के सुनियोजित विकास के लिए प्रतिबद्ध है। नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण न केवल शहर की व्यवस्था को प्रभावित करते हैं, बल्कि भविष्य में गंभीर समस्याएं भी पैदा करते हैं। एमडीडीए द्वारा लगातार निरीक्षण कर अवैध निर्माणों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके विरुद्ध सखघ्त कार्रवाई की जा रही है। आमजन से अपील है कि निर्माण से पूर्व प्राधिकरण की स्वीकृति अवश्य लें, अन्यथा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**बंशीधर तिवारी ,उपाध्यक्ष एमडीडीए**

एमडीडीए द्वारा अवैध निर्माणों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। प्राधिकरण क्षेत्र में बिना अनुमति किए गए निर्माणों को चिन्हित कर सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। यह कदम शहर के सुनियोजित विकास और नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। नागरिक सहयोग से ही अवैध निर्माणों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

**मोहन सिंह बर्निया, सचिव एमडीडीए**

# सख्त नकल विरोधी कानून पर आधारित शॉर्ट फिल्म 'आखिरी कोशिश' रिलीज

■ सीएम धामी के ऐतिहासिक निर्णय ने सुरक्षित किया युवाओं का भविष्य

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तराखंड में लागू किए गए देश के सबसे सख्त नकल विरोधी कानून पर आधारित शॉर्ट फिल्म "आखिरी कोशिश" का विमोचन किया गया। यह शॉर्ट फिल्म युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने वाले राज्य सरकार के ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत करती है।

मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में लागू इस कठोर कानून ने प्रदेश में वर्षों से सक्रिय नकल माफिया की कमर तोड़ दी। कानून के सख्त क्रियान्वयन का सीधा परिणाम यह रहा कि 28,000 से अधिक युवाओं को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सरकारी सेवाओं में नियुक्ति प्राप्त हुई।

शॉर्ट फिल्म "आखिरी को. शिश" ईमानदारी, मेहनत और न्याय आधारित व्यवस्था का संदेश देती है तथा यह दर्शाती है कि कैसे नकल और भ्रष्टाचार मुक्त परीक्षा प्रणाली युवाओं के सपनों को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करती है। यह फिल्म न केवल युवाओं बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्रोत है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि युवाओं के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। नकल विरोधी कानून उत्तराखंड में सुशासन, पारदर्शिता और योग्यता आधारित चयन प्रणाली की मजबूत नींव है। यह शॉर्ट फिल्म युवाओं से आग्रह करती है कि वे इसे अवश्य देखें और ईमानदारी व आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें। "आखिरी को. शिश" उत्तराखंड की उस नई पहचान को दर्शाती है, जहां मेहनत की जीत और नकल की हार सुनिश्चित की गई है।

# गोमाता में बसती है सनातन की आत्मा: महाराज

■ फिल्म गोदान का टीजर, गाना और पोस्ट लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** सनातन की आत्मा गौमाता में बसती है। आज के समय में जब हम अपनी जड़ों से दूर हो रहे हैं, यह फिल्म गुम हो रही गौमाता को बचाने और उनकी अहमियत को समझाने की एक बड़ी कोशिश है।

यह बात प्रदेश के पर्यटन धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को सुभाष रोड़ स्थित अपने कैम्प कार्यालय में कामधेनु इंटरनेशनल प्रोडक्शन के बैनर तले गौ माता के महत्व पर बनी फिल्म षोदानष के टीजर, गाने और पोस्ट लॉन्चिंग के अवसर पर कही। उन्होंने फिल्म निर्माण के लिए पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों बदलाव के एक बड़े दौर से गुजर रही है।

महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में गौमाता की अहमियत को समझाने के लिए विनोद चौधरी के निर्देशन में बनी फीचर फिल्म 'गोदान' 6 फरवरी 2026 से पूरे देश के सिनेमाघरों में प्रदर्शित होने वाली है।

'गोदान' फिल्म को वैज्ञानिक नजरिये के साथ प्रस्तुत कर फिल्म के निर्माता निर्देशक, कलाकारों और गेस्ट ने समाज को एक बड़ा मैसेज देने का काम किया है। महाराज ने कहा कि उनका विश्वास है कि अगर गौ हत्या जैसे अपराधों में शामिल लोग एक बार इस फिल्म को देख लें, तो उनका हृदय परिवर्तन अवश्य होगा। उन्होंने बताया कि 40 करोड़ रुपये की लागत से बनी फिल्म 'गोदान' की भव्यता को दर्शाने के लिए इसकी शूटिंग उत्तराखंड की वादियों, नोएडा, मथुरा और मुंबई के विभिन्न स्थानों पर की गई है।

फिल्म षोदानष के टीजर, गाने और पोस्ट लॉन्चिंग के अवसर पर बद्रीनाथ, केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विश्व संवाद केंद्र के प्रबंधक सुरेंद्र मित्तल, कामधेनु गौशाला समिति की सदस्य मनिका शर्मा सहित टीम के कई सदस्य उपस्थित थे।

# अंगीठी जलाकर सो गया युवक, धुएं से दम घुटने पर मौत

**उत्तरकाशी।** भटवाड़ी ब्लॉक के झाला क्षेत्र में एक होटल में काम करने वाले युवक की अंगीठी के धुएं से दम घुटने के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर दिया है। हर्षिल थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक झाला के एक होटल में नौकरी करता था। बीती रात अत्यधिक ठंड से बचने के लिए उसने कमरे में अंगीठी जलाकर सो गया, जिससे कमरे में धुआं भर गया और दम घुटने से उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान महेश (उम्र करीब 25 वर्ष), निवासी हीना, के रूप में हुई है।

# हिमालया में ट्रैफिक सेफ्टी मंथ जागरूकता सत्र आयोजित

■ विशेषज्ञ हरिश राठौर और अनुराग रावत ने मार्गदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** हिमालया वेलनेस कंपनी ने ट्रैफिक सेफ्टी मंथ के तहत एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया, जो कर्मचारियों के कल्याण और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस सत्र में इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च के विशेषज्ञ हरिश राठौर और अनुराग रावत ने मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए व्यावहारिक सुझाव साझा किए और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व पर जोर दिया। उनके विचारों में रोजमर्रा की सावधानियां, डिफेंसिव ड्राइविंग तकनीकें और सड़क पर जोखिम कम करने में जागरूकता की भूमिका शामिल रही।

कार्यक्रम में वक्ताओं का स्वागत करते हुए डॉ. एस. फारूक ने इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित ड्राइविंग का सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत यह है कि कभी जोखिम न लें, बल्कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए दूसरों को रास्ता दें। उन्होंने इसे एक सामूहिक जिम्मेदारी बताते हुए इस पहल की सराहना की, जो आम

## एक नजर .......

### देहरादून में देश की पहली 'ऑटोमेटेड बॉटल क्रैशर मशीन' का शुभारंभ

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 'प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड' के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए नगर निगम देहराद.न ने एक अभिनव पहल की है। गुरुवार को मेयर सौरभ थपलियाल और नगर आयुक्त नमामि बंसल ने नगर निगम परिसर के बाहर शहर की पहली ऑटोमेटेड प्लास्टिक बॉटल क्रैशर मशीन का भव्य उद्घाटन किया।नगर निगम की योजना के अनुसार, यह मशीनें शहर के प्रमुख पर्यटक स्थलों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, शैक्षणिक संस्थानों और मुख्य चौराहों पर लगाई जाएंगी। इससे न केवल कचरे का निस्तारण होगा, बल्कि आम जनता को भी प्लास्टिक कचरे के सही प्रबंधन के लिए प्रेरणा मिलेगी।इस परियोजना की खास बात इसका रीसाइक्लिंग मॉडल है।मशीन का संचालन 'मनसा फैसिलिटी एंड सर्विस प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा पीपीपी मोड पर किया जाएगा। नगर निगम सीधे कंपनी से रीसायकल किया हुआ कच्चा माल खरीदेगा। इस मैटेरियल से शहर के लिए सुंदर टेबल, चेयर, फ्लावर पॉट और सजावटी शोपीस बनाए जाएंगे।




### यूनियन म्यूचुअल फंड ने 'अर्थया एसआईएफ' किया लॉन्च

**देहरादून।** यूनियन एसेट मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ने आज 'अर्थया एसआईएफ' के लॉन्च के साथ स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स के क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। यूनियन म्यूचुअल फंड द्वारा पेश किया गया यह प्लेटफॉर्म बिल्कुल अलग है, जिसे इक्विटी, हाइब्रिड और फिक्स्ड इनकम सेगमेंट में उद्देश्य के अनुरूप और विशेषज्ञों की लगातार निगरानी में निवेश की सबसे बेहतर रणनीतियां उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है। यूनियन एएमसी के सीईओ, मधु नायर ने कहा "अर्थया एसआईएफ के माध्यम से हमने तेजी से विकसित हो रहे एक ऐसे क्षेत्र में कदम रखा है।

# बंसल ने सदन में उठाई उत्तराखण्ड में ग्रामीण पर्यटन के विकास की मांग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सदन मे शून्य काल के माध्यम से राज्यसभा सांसद एवं भाजपा राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष डा. नरेश बंसल ने देवभूमि उत्तराखण्ड में ग्रामीण पर्यटन के विकास व विश्व प्रसिद्ध चारधाम के अलावा राज्य में अन्य स्थानों पर स्थित धार्मिक महत्व के पुरातन मन्दिर श्रृंखला जैसे पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से की।डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि ग्रामीण पर्यटन प्रकृति आधारित पर्यटन है जो प्रकृति प्रेमियों के लिए एक लोकप्रिय गंतव्य स्थान होता है। उन्होने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड एक पौराणिक, धार्मिक महत्व प्राकृतिक सौंदर्य के पूर्ण एक अत्यंत सुंदर क्षेत्र है, जो प्राकृतिक सुंदरता के साथ जीवन की हलचल से दूर शांतिपूर्ण विश्राम की तलाश करने वाले पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है व खास तौर पर ग्रामीण पर्यटन और गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू नदी विभिन्न नदियों को संजोये विदेशी पर्यटकों और अपने देश के पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है।डा. नरेश बंसल ने सदन मे कहा कि यह गंगा स्नान और शांत माहौल के लिए जाना जाता है। विश्राम और पानी के खेल के लिए भी आदर्श है। यह शहर और क्षेत्र पर्यटकों को ट्रेकिंग, कैम्पिंग और समृद्ध वनस्पतियों की खोज का अवसर प्रदान करता है। लाखामण्डल, पाताल भुवनेश्वरी आदि प्राचीन गुफायें, शहीद स्मारक व ऐतिहासिक स्थलों का भी घर है। जो उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाता है।

# राष्ट्रपति आशियाना में गूँजा सड़क सुरक्षा का संदेश

■ 130 छात्रों ने ली सुरक्षित जीवन की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा ऐतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना (राष्ट्रपति निकेतन) परिसर में एक भव्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में देहरादून के 6 प्रमुख स्कूलों के लगभग 130 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।सड़क सुरक्षा को जीवन का संस्कार बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता और क्विज के माध्यम से बच्चों को यातायात नियमों की बारीकियां सिखाई गईं। मुख्य आकर्षण पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, सालावाला के छात्रों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा, जिसने सड़क हादसों के दर्दनाक परिणामों को दिखाकर सबको भावुक कर दिया। अपर परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने 'गुड सेमेरिटन लॉ' (नेक मददगार कानून) पर जोर देते हुए कहा कि घायल की मदद करने वाला व्यक्ति समाज का नायक है, उसे अब कानूनी प्रक्रियाओं से डरने की जरूरत नहीं है।आर.टी.ओ. (प्रवर्तन) डॉ. अनिता चमोली ने कहा, ष्हेल्मेट और सीट बेल्ट चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि परिवार की खुशियों को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी हैं।संयुक्त परिवहन आयुक्त राजीव कुमार मेहरा ने ऐतिहासिक स्थल पर इस आयोजन को बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बताया। कार्यक्रम में केंद्रीय विद्यालय (अपर कैंप), जीजीआईसी लखीबाग, एसआरएन पब्लिक स्कूल, सीएनआई गर्ल्स इंटर कॉलेज, श्री गुरु राम राय पब्लिक इंटर कॉलेज और पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सालावाला के छात्र शामिल हुए।

# देवभूमि की शान बनी रुद्रप्रयाग की बेटी नेहा बिष्ट

■ कर्तव्य पथ पर संभाली उत्तराखंड की कमान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** देवभूमि उत्तराखंड की बेटियों ने हर युग में साहस, शौर्य और नेतृत्व की अद्भुत मिसालें कायम की हैं। इतिहास के पन्नों में जहां गढ़वाल की वीर रानी कर्णावती ने विदेशी आक्रांताओं को पराजित कर स्वाभिमान की रक्षा की, वहीं रणभूमि में वीरांगना तीलू रौतेली ने दुश्मनों के दांत खट्टे किए। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में गौरा देवी ने चिपको आंदोलन के माध्यम से पूरी दुनिया को प्रकृति बचाने का संदेश दिया। इसी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज की बेटियां भी नए इतिहास रच रही हैं।

इसी कड़ी में जनपद रुद्रप्रयाग की होनहार बेटी नेहा बिष्ट ने गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अवसर पर राजपथ (कर्तव्य पथ), नई दिल्ली में एनसीसी गर्ल्स कंटिजेंट कमांडर के रूप में उत्तराखंड का नेतृत्व कर प्रदेश का मान बढ़ाया है।

नेहा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल रुद्रप्रयाग बल्कि पूरे उत्तराखंड में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई है।

नेहा बिष्ट मूल रूप से अगस्त्यमुनि विकासखंड के ग्राम सांदर की निवासी हैं। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर, बेलनी (रुद्रप्रयाग) से हुई। वर्तमान में वह एसएसजीआरआर पटेल नगर, देहरादून से बीएससी नर्सिंग (फोर्थ ईयर) की पढ़ाई कर रही हैं।

वर्ष 2024 में एनसीसी ज्वाइन करने के बाद नेहा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और अदम्य इच्छाशक्ति के बल पर रिपब्लिक डे कैंप (त्क्ब) 2026 तक का सफर तय किया और यह गौरव हासिल किया।

नेहा के परिवार में शुरू से ही सेवा, अनुशासन और देशभक्ति का वातावरण रहा है। उनके पिता गो. विंद सिंह बिष्ट, पंजाब नेशनल बैंक, ऊखीमठ में कार्यरत हैं, जबकि माता शर्मिला देवी गांव में रहकर परिवार की मजबूती हैं।

परिवार की सैन्य पृष्ठभूमि ने नेहा के सपनों को पंख दिएख्रउनके ताऊ दयाल सिंह बिष्ट एवं चाचा सुरेंद्र सिंह बिष्ट वर्तमान में एसएसबी में सेवारत हैं।

## सेवा सप्ताह के तहत कैबिनेट मंत्री जोशी ने छात्र-छात्राओं को ब्लैंकेट किए वितरित

# बच्चों ने एक स्वर में बोला 'थैंक्यू मंत्री जी'

■ कैबिनेट मंत्री ने कहा, जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच रहकर खुशियां बांटने का प्रयास



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के जन्मदिवस (31 जनवरी) के अवसर पर जनसेवा की भावना से समर्पित "सेवा सप्ताह" के अंतर्गत आज ब्लूमिंग बड्स स्कूल, गढ़ी कैंट में शहीद दुर्गामल्ल मंडल द्वारा ब्लैंकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिभाग कर निजी संस्था के सहयोग से विद्यालय के छात्रख्रछात्राओं को ब्लैंकेट वितरित किए। ब्लैंकेट प्राप्त कर विद्यालय के बच्चों ने एक स्वर में "थैंक्यू मंत्री जी" कहकर अपना आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि डबल इंजन सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के ध्येय वाक्य के साथ लगातार कार्य कर रही है। मंत्री जोशी ने कहा कि चाहे उनका जन्मदिवस हो या परिवार के किसी सदस्य का, वे हमेशा गरीब, जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच रहकर खुशियां बांटने का प्रयास करते हैं। मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के लगभग 98 विद्यालयों में कुर्सीख्रमेज उपलब्ध कराई जा चुकी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही ब्लूमिंग बड्स स्कूल का उच्चीकरण कर यहां कक्षा 8 तक की शिक्षा को बढ़ाकर कक्षा 10 तक किया जाएगा। विद्यालय में छात्र संख्या में हो रही वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मंत्री जोशी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय में सभी सुविधाओं को सुदृढ़ करने का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, हिमालयन ट्रस्ट चेयरमैन डॉ. एस फारुख, मंडल अध्यक्ष राजीव गुरुंग, विष्णु गुप्ता, मनोज छेत्री, प्रभा शाह सहित छात्र छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जानलेवा विंडपाइप चोट के बाद 45 साल की स्कूल टीचर की बचाई जान

■ मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के डॉक्टरों ने किया सफलतापूर्वक इलाज



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने एक सराहनीय और जीवन रक्षक प्रयास में, हरिद्वार के पास हुई सड़क दुर्घटना के बाद सांस की नली में आई एक दुर्लभ व अत्यंत गंभीर चोट से पीड़ित 45 वर्षीय महिला का सफलतापूर्वक इलाज किया।

स्कूल टीचर पूनम एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठी थीं, जब उनका दुपट्टा पहिए में फंस गया, जिससे उनकी गर्दन जोर से खिंच गई और उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। उन्हें तुरंत पास के एक अस्पताल में ले जाया गया और बाद में उनकी हालत बिगड़ने के कारण उन्हें बेहतर और स्पेशलाइज्ड इलाज के लिए मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून रेफर कर दिया गया। पहुंचने पर, डॉक्टरों ने चिंताजनक संकेत देखे, जिसमें सिर और गर्दन में चोटें, त्वचा के नीचे बड़े पैमाने पर हवा का फंसना और सीने में हवा का रिसाव शामिल था, जो गंभीर एयरवे चोट का संकेत दे रहा था। अगले 24 घंटों में, उनको सांस लेना और भी मुश्किल हो गया, जिससे मेडिकल टीम को समय के खिलाफ दौड़ लगानी पड़ी। नुकसान की सीमा के कारण मरीज के एयरवे को सुरक्षित करना विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण था। एक विस्तृत सीटी स्कैन ने पुष्टि की कि मरीज की विंडपाइप लगभग पूरी तरह से फट गई थी, यह एक दुर्लभ चोट है, जो अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो जानलेवा साबित हो सकती है। डॉ. अरविंद मक्कर, डायरेक्टर, कार्डियक, थोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून के नेतृत्व में डॉक्टरों की एक मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम ने फटी हुई विंडपाइप की मरम्मत के लिए एक इमरजेंसी सर्जरी की, जिसमें डॉ. इरम खान, सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी सर्जरी भी शामिल थे।

### विंडपाइप में चोट लगना होता है बहुत ही दुर्लभ : डॉ मक्कर

इस मामले पर बात करते हुए डॉ. अरविंद मक्कर ने कहा कि, "शुरुआती रिकवरी के बाद, मरीज के गले में सूजन आ गई और सीने के एक तरफ हवा का रिसाव होने लगा, जिससे फिर से उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। हमारी टीम ने तुरंत उसकी हालत स्थिर की और विस्तृत जांचें की, जिससे पुष्टि हुई कि विंडपाइप की मरम्मत सही थी। ठीक हो रहे एयरवे को सुरक्षित रखने और मरम्मत किए गए हिस्से पर दबाव डाले बिना सूजन को कम होने देने के लिए, हमने एक अस्थायी ट्रेकियोस्टोमी (एक सर्जिकल प्रक्रिया जिसमें ऊपरी एयरवे रुकावटों को बायपास करने के लिए विंडपाइप में एक छोटा सा छेद किया जाता है) की। यह कदम सुरक्षित सांस लेने और सुचारू रिकवरी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण था।" इसके अलावा, डॉ. अरविंद ने कहा कि, "विंडपाइप में चोट लगना बहुत ही दुर्लभ होता है और अगर इसे तुरंत पहचाना और इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकता है। इस मामले में, एयरवे लगभग पूरी तरह से फट गया था, जिससे डायग्नोसिस और एयरवे मैनेजमेंट दोनों ही बहुत मुश्किल हो गए थे। यह नतीजा सिर्फ तेजी से फैसले लेने, एडवांस्ड सर्जिकल इंटरवेंशन और कई स्पेशलिटीज के बीच करीबी तालमेल की वजह से ही संभव हो पाया। मरीज को ठीक होते और अपनी सामान्य जिंदगी में लौटते देखना पूरी टीम के लिए बहुत संतोषजनक है।"

# धरासू में अवैध अंग्रेजी व कच्ची शराब के साथ 2 गिरफ्तार

**उत्तरकाशी।** आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय ने पुलिस अधिकारियों को अपराधियों की धरपक्कड के साथ आपराधिक गतिविधयों में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। इसी क्रम में पुलिस प्रभारी निरीक्षक मनेरी प्रदीप सिंह तोमर कोतवाली मनेरी क्षेत्र के अभ्यस्त अभियुक्त रवीन्द्र सिंह राणा(50वर्ष) निवासी कामर, भटवाडी, उत्तरकाशी के लगातार अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त रहने पर हिस्ट्रीशीट खुलवायी गयी। हिस्ट्रीशीटर रवीन्द्र उपरोक्त के विरुद्ध पूर्व में कोतवाली मनेरी, कोतवाली उत्तरकाशी, थाना मुनिकीरेती, टिहरी गढवाल आदि में अवैध चरस की तस्करी के मामलें पंजीकृत हैं, जिस कराण अभियुक्त की निगरानी हेतु पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीट खोली गयी है।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006, सिन नं: U40101UR2001SGC025866
दूरभाष सं0 0135-2763508, 2763808, फैक्स: 0135-2763507 वैबसाइट: www.ujvnl.com

सं0 80 **निविदा सूचना** दिनांक 29.01.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन), खोदरी पावर स्टेशन, डाकपत्थर (देहरादून), द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:
**निविदा सं0: 14/अ0अ0(उत्पा0)/खोदरी/2025-26: खोदरी विद्युत गृह की परिधि पर स्थित नाले पर लोहे के ट्रेंच कवर के निर्माण का कार्य।**
अनुमानित लागत: ₹ 24,79,960/-जीएसटी अतिरिक्त,
वेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि: 30.01.2026, 10:00 बजे
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 20.02.2026,16:00 बजे तक।
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट **"www.ujvnl.com"** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता (उत्पादन)**
" बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय 'उज्जवल' महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून-248006
दूरभाष संख्या: 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763507
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 77 **निविदा सूचना** दिनांक 29.01.2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण) व्यासी परियोजना, हथियारी, में इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित करता है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है:-
निविदा सं0- 18/EE(M)/VP/2025-26
कार्य का नाम : व्यासी परियोजना, हथियारी में केन्द्रीय भण्डार के दैनिक अनुरक्षण एवं संचालन का कार्य।
अनुमानित लागत : रू0 19,80,000.00 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त)
वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि : 30.01.2026, प्रातः 11:00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि : 20.02.2026, सायं 13:30 बजे तक
अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाइट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते हैं। **अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# दबंगई दिखाने वालों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्तः एसएसपी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुवार को पुलिस कार्यालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी की। बैठक में दिसंबर 2025 के अपराधों की समीक्षा करते हुए एसएसपी ने सख्त लहजे में कहा कि पुलिसिंग ऐसी होनी चाहिए जिससे अपराधियों में कानून का खौफ दिखे। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो लोग हथियारों के बल पर दबंगई दिखाते हैं या कानून हाथ में लेते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए जाएं। एसएसपी ने बैठक के दौरान कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य अपराध होने का इंतजार करना नहीं, बल्कि उसे रोकना होना चाहिए। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों में आपराधिक तत्वों पर नजर रखें और किसी भी बड़ी घटना से पहले ही एहतियाती कदम उठाएं। रंजिश के मामलों में थाना प्रभारियों को व्यक्तिगत रूप से दखल देने को कहा गया है ताकि शांति व्यवस्था न बिगड़े।




बैठक में अवैध कच्ची शराब और नशा तस्करी पर चिंता जताई गई। एसएसपी ने कहा कि कच्ची शराब कई बार जानलेवा साबित होती है, इसलिए इसकी तस्करी रोकने के लिए आबकारी विभाग के साथ सूचनाएं साझा की जाएं। साथ ही, श्ऑपरेशन स्माइलश और श्कालनेमि अभियानश की प्रगति की भी बिंदुवार समीक्षा की गई। आगामी हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दौरान ध्वनि विस्तारक यंत्रों (लाउडस्पीकर) के इस्तेमाल पर नियमों के अनुसार सख्ती से रोक लगाई जाए, ताकि छात्रों को पढ़ाई में कोई बाधा न हो।बढ़ती आग की घटनाओं पर एसएसपी ने सभी फायर स्टेशनों को हमेशा तैयार रहने को कहा। उन्होंने निर्देश दिए कि अग्निशमन उपकरण कार्यशील हालत में रहें और सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंचे। घटना के बाद आग लगने के वास्तविक कारणों की विस्तृत रिपोर्ट भी मुख्यालय भेजने को कहा गया है। एसएसपी ने सर्किल ऑफिसर्स (CO) को लंबित विवेचनाओं पर ध्यान केंद्रित करने और जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गंभीर अपराधों की रणनीति बनाने के लिए एसपी अपराध से विचार-विमर्श किया जाए। इसके अलावा, बिना कागजात के सड़क पर दौड़ रहे संदिग्ध वाहनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही। इस बैठक में एसपी सिटी अभय सिंह, एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल, एसपी क्राइम जितेन्द्र मेहरा सहित जिले के सभी क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

# तीरंदाजी में अंशुल व आरव ने जीता पदक

**राष्ट्रीय स्तर पर डी.पी.एस. दौलतपुर का नाम किया रोशन**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय इंडोर तीरंदाजी प्रतियोगिता में डी.पी.एस. दौलतपुर के खिलाड़ियों ने सफलता हासिल करते हुए अपने विद्यालय और परिजनों का नाम रोशन किया है। जानकारी के अनुसार अलीबाग, रायगढ़ (मुंबई) में इंडोर आर्चरी एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय इंडोर तीरंदाजी प्रतियोगिता में डी.पी.एस. दौलतपुर, हरिद्वार के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता 22 से 27 जनवरी तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने कुल दो पदक प्राप्त किए। गर्ल्स अंडर-17 (रिकर्व वर्ग) में अंशुल गिरी ने रजत पदक तथा बॉयज अंडर-14 (कंपाउंड वर्ग) में आरव गिरी ने कांस्य पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय



स्तर पर आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए पदक जीतकर राज्य और परिजनो सहित अपने माता पिता का नाम रोशन करने वाले डीपीएस स्कूल के दोनों बच्चे इससे पूर्व भी कई पदक जीतकर डीपीएस का नाम रोशन कर चुके हैं। दोनों बच्चों के पिता लवकेश गिरी मंडी समिति ज्वालापुर में सचिव के पद पर तैनात हैंइस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक विकास गोयल एवं प्रधानाचार्या पूनम श्रीवास्तव ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# रोड सेफ्टी माह : ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

**वाइन शॉप्स पर लगा शराब पीकर वाहन न चलाने का संदेश**

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत परिवहन विभाग द्वारा एक विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत शहर के समस्त शराब विक्रय केंद्रों (वाइन शॉप्स) पर "डोंट ड्रिंक एंड ड्राइव / शराब पीकर वाहन न चलाएं" विषयक जागरूकता बैनर लगाए गए हैं। यह अभियान परिवहन विभाग एवं आबकारी विभाग के आपसी समन्वय से क्रियान्वित किया गया है। इस अवसर पर एआरटीओ (प्रवर्तन) सुश्री नेहा झा ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है और यह मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। रोड सेफ्टी माह के दौरान परिवहन विभाग का विशेष फोकस प्रवर्तन



के साथ-साथ नागरिकों को व्यवहार परिवर्तन हेतु जागरूक करने पर है, ताकि दुर्घटनाओं में वास्तविक और स्थायी कमी लाई जा सके। एआरटीओ (प्रशासन) निखिल शर्मा ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल विभागीय कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामाजिक जिम्मेदारी भी है। शराब सेवन के पश्चात वाहन चलाना न केवल स्वयं के जीवन को खतरे में डालता है, बल्कि अन्य निर्दोष सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए भी गंभीर जोखिम उत्पन्न करता है। रोड सेफ्टी माह के अंतर्गत ऐसे अभियानों का उद्देश्य नागरिकों में जिम्मेदार यातायात संस्कृति विकसित करना है।

जिला आबकारी अधिकारी कैलाश बिजोली ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा इस अभियान में पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया है। शराब विक्रय स्थलों पर लगाए गए जागरूकता बैनरों के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया जा रहा है कि शराब सेवन के बाद वाहन चलाना अवैधानिक होने के साथ-साथ जीवन के लिए भी अत्यंत घातक है। इस संयुक्त पहल के माध्यम से आम जनमानस से अपील की जाती है कि वे रोड सेफ्टी माह के संदेश को आत्मसात करें, शराब सेवन के उपरांत स्वयं वाहन न चलाएं, सुरक्षित वैकल्पिक साधनों का प्रयोग करें तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें। परिवहन विभाग भविष्य में भी प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता के माध्यम से सुरक्षित यातायात के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# कांग्रेस ने की प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** यूथ कांग्रेस के कार्यकारी महानगर अध्यक्ष विशाल प्रधान के नेतृत्व और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी व मनोज सैनी के संयोजन में कार्यकर्ताओं प्रदेश में बिगड़ती कानून-व्यवस्था एवं बढ़ती आपराधिक घटनाओं को लेकर नगर मजिस्ट्रेट कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोम त्यागी और मनोज सैनी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। सरकारी संपत्तियों को कब्जाने के लिए भाजपा नेताओं द्वारा खुलेआम गोलीबारी की जा रही है, जिससे आमजन के मन में भय बना हुआ है। यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल प्रधान और पूर्व अध्यक्ष रवीश भटीजा ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर विफल है, सरकारी विभागों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं हो रहा है, काम के लिए आम इंसान दर दर की ठोकरें खा रहा है। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विकास चंद्रा और रानीपुर विधान



सभा क्षेत्र अध्यक्ष गौरव चौहान ने कहा कि जिन जनहित के मुद्दों को लेकर भाजपा सत्ता में आई थी। उन मुद्दों को पीछे छोड़ दिया गया है। प्रदेश भय और भ्रष्टाचार की चपेट में है। प्रदर्शन में ऋषभ वशिष्ठ, ठेकेदार रोशन लाल, मनोज जाटव, समर्थ अग्रवाल, सार्थक ठाकुर, उज्जवल वालिया, धनीराम उर्फ नीटू, सौरभ सैनी, शुभम् जोशी, सागर बेनीवाल, हेमंत चंचल, निखिल सौदाई, सोनू सैनी, अनंत पांडेय, राजू चित्कारा, रजत त्यागी, शिवम बाल्मीकि, आनंद राठौर, शुभम् सैनी, जावेद आलम, आरिफ प्रधान, दिनेश कुमार, शुभम् जागरिया, हरविंदर सिंह, वंश सौदाई, आशु भारद्वाज, मुकुल चंचल, राहुल चौहान, मुकुल तेश्वर सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## होटल के कमरे में मिला पंजाब के यात्री का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र शिव मूर्ति गली स्थित एक धर्मशाला में ठहरे हुए पंजाब के यात्री की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। गुरुवार सुबह व्यक्ति का शव कमरे में मिलने से हड़कंप मच गया। नगर कोतवाली प्रभारी रितेश शाह ने बताया कि पंजाब के मोगा जिले के ग्राम दौलतपुरा निवान निवासी रमेश अरोरा पुत्र निहालचंद बीते 25 जनवरी को हरिद्वार आए थे। शिव मूर्ति गली स्थित गोपाल धाम में रुके थे। गुरुवार सुबह जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकले, तो होटल स्टाफ ने उन्हें देखा, जहाँ वह मृत अवस्था में पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक के शरीर पर किसी भी तरह की चोट के निशान नहीं दिखाई दिए हैं। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मृतक के परिजनों से संपर्क कर सूचना दे दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आपने पर ही मौत का पता लग पाएगा।

**जिला प्रेस क्लब की बैठक आयोजित**

# एकता और अनुशासन से ही संगठन होता है मजबूत : वालिया

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला प्रेस क्लब हरिद्वार की बैठक में कई महत्वपूर्ण लिए गए। मध्य हरिद्वार स्थित रेस्टारेंट में आयोजित बैठक में संगठनात्मक एकता और अनुशासन को लेकर महत्वपूर्ण लिए गए। संगठन में एकजुटता को प्राथमिकता देते हुए पूर्व में निष्कासित किए गए दो सदस्यों गणेश भट्ट तथा रोहित वर्मा के अनुशासनहीनता पर खेद प्रकट करने पर उनकी सदस्यता पुन: बहाल कर दी गयी। इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष राकेश वालिया ने आगामी १ मार्च २०२६ को आयोजित होने वाले "फूलों की होली" कार्यक्रम की भी औपचारिक घोषणा की। बैठक के दौरान संगठन में रिक्त पदों पर नई नियुक्तियों की घोषणा करते हुए अध्यक्ष राकेश वालिया ने प्रखर कश्यप को सचिव, मुस्कान को प्रवक्ता तथा रूचि डोलिया को सह-प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन हित में ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने



का आह्वान करते हुए कहा कि एकता और अनुशासन से ही संगठन मजबूत होता है। सभी पदाधिकारी और सदस्य एकजुट होकर पत्रकार हितों के लिए कार्य करें। महामंत्री अनिल बिष्ट ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने हेतु आपसी सहयोग, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रेस क्लब हरिद्वार पत्रकार हितों की रक्षा एवं सामाजिक सरोकारों के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई बैठक में उपस्थित सदस्यों ने संगठन की एकता और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सामूहिक रूप से प्रयास करने का संकल्प लिया। बैठक मे मुख्य रूप से संगठन के मनोज कश्यप, अशोक पांडे, मोहन राजा, सनोज कश्यप, केशव चौहान, राकेश वर्मा, राजेश वर्मा, मुमताज आलम खान, नदीम अहमद, प्रमोद कुमार, सद्दाम हुसैन, उपासना तेश्वर, मुस्कान, शिप्रा अग्रवाल, मनव्वर कुरैशी, कुणाल शर्मा, सरविंद्र कुमार, विजय प्रजापति, रूचि डोलिया, गणेश भट्ट, रोहित वर्मा सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे।

**न्यू ऑक्सफोर्ड एकेडमी जूनियर हाई स्कूल में**

# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** न्यू ऑक्सफोर्ड अकादमी जूनियर हाई स्कूल में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी ने सभी छात्रों और अध्यापकों को देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। छात्रों ने देशभक्ति गीतों और नृत्य के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की। न्यू ऑक्सफोर्ड स्कूल विभिन्न शैक्षिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता है, जैसे कि स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता अभियान। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के संस्थापक हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी, सम्मानित अतिथिगण व प्रधानाचार्य ने ध्वजारोहण कर की। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इनमें सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति पर आधारित एकल नृत्य, देश रंगीला, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी




और पवित्र संगम जैसी प्रस्तुतियां शामिल थीं। इन कार्यक्रमों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्रबंधक हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी ने विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि, भारत का संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि देशवासियों की आत्मा है, जो हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का मार्ग दिखाता है।ष कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने सभी को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश के अमर बलिदानियों को नमन किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की कविताओं, गीतों और विचारों ने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को प्रभावित किया। शिक्षकों ने भी अपने भाषणों और कविताओं के माध्यम से संविधान और लोकतंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। देशभक्ति के उल्लास और गौरवपूर्ण राष्ट्रीय भावना के साथ न्यू ऑक्सफोर्ड एकेडमी में 77वाँ गणतंत्र दिवस समारोह संपन्न हुआ। गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यालय के प्रबंधक हाजी मोहम्मद कासिम अंसारी, विद्यालय के प्रबंधक हाजी अब्दुस सुभान अंसारी, प्रधानाचार्य हलीमा सादिया, सम्मानित अतिथिगण हाजी शमशाद अली, नूर हसन प्रधान जी, हाजी शहादत अंसारी, हाजी मीर हसन, मौ इरशाद पत्ती वाले, ठेकेदार अब्दुल मन्नान, कुर्बान अंसारी, गुलफाम हार्डवेयर वाले, इजरार अंसारी, हाजी बादशाह, नवाब अब्बासी, इसरार मेंबर, शमशाद मेंबर, हाजी शफाअत, ठेकेदार मौ इमरान, मुकर्रम टेलर, इनायत अली, मुस्तकीम, ठेकेदार कलीम अंसारी, सगीर अंसारी, वजहुल कमर, इकराम मलिक, मौ परवेज हाजी इरफान, गुलशेर शमशाद, नवाब हाशिम, आरिफ हाजी असलम, नौशाद ठेकेदार, सत्तार, मुर्तजा, ठेकेदार शमशेर, मीडियाकर्मी नदीम सलमानी, सरविंद्र कुमार, सागर कुमार, विजय प्रजापति उपस्थित रहे। इनके अतिरिक्त, शिक्षकगण हाफिज इमरान, कलीम राव, साक्षी, वर्तिका, सना अंसारी, मधु, सुरभि, उसमा, खुशी, स्वाति, अभिभावक और विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

**श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का रजत जयंती समारोह आयोजित**

# समाज को सही दिशा देने में पत्रकारों की बड़ी भूमिका : आदेश चौहान

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन का रजत जयंती समारोह आयोजित किया गया। प्रेस क्लब सभागार में आयोजित पत्रकार यूनियन के रजत जयंती समारोह में पत्रकारिता के मूल्यों, सामाजिक सरोकारों और भविष्य की दिशा पर व्यापक विचार-विमर्श हुआ।

समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां शारदा की स्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुप्रसिद्ध कथावाचक रविदेव शास्त्री ने की। मुख्य अतिथि के रूप में रानीपुर विधायक आदेश चौहान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजनीकांत शुक्ला ने किया। जिलाध्यक्ष संजय आर्य ने यूनियन के गठन से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने सदैव जमीनी स्तर पर



काम करने वाले पत्रकारों की आवाज को बुलंद किया है। उन्होंने सभी अतिथियों, पत्रकार साथियों और गणमान्य नागरिकों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष अरुण शर्मा ने यूनियन के २५ वर्षों के संघर्ष, उपलब्धियों और पत्रकार हितों के लिए किए गए आंदोलनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पत्रकारिता एक बड़ी जिम्मेदारी है। जिसमें सत्य, निष्पक्षता और सामाजिक प्रतिबद्धता सबसे महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे मानकों और मर्यादाओं का पालन करते हुए निर्भीक और ईमानदार पत्रकारिता करें। उन्होंने बताया कि यूनियन लगातार पत्रकारों के अधिकारों, सुरक्षा और सम्मान के लिए संघर्षरत है। मुख्य अतिथि विधायक आदेश चौहान ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और समाज को दिशा देने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विधायक आदेश चौहान ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य का गठन संभव हो पाया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हो रहे विकास कार्यों की भी सराहना की। मेयर किरण जैसल ने समारोह में उपस्थित पत्रकारों को रजत जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकार समाज का आईना हैं और उनकी लेखनी समाज को जागरूक करने का कार्य करती है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी एवं प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु शंकर करौरी महादेव ने ऑडियो संदेश के माध्यम से यूनियन को २५ वर्ष पूर्ण होने पर शुभकामनाएं प्रेषित कीं और पत्रकारों की भूमिका की सराहना की। प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने सभी अतिथियों, पत्रकारों एवं आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह समारोह पत्रकारिता के मूल्यों को सशक्त करने वाला रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि बदलते समय में पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां हैं। लेकिन श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने सदैव सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी है। इस अवसर पर जगदीश लाल पाहवा, डा.विशाल गर्ग, विजयपाल बघेल ग्रीन मैन, नितिन गौतम, लोकेंद्र अंतवाल, विजयपाल सिंह, प्रेस क्लब महामंत्री दीपक मिश्रा सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं डा. हिमांशु द्विवेदी, अमित कुमार गुप्ता, मनोज कुमार खन्ना, राजकुमार पाल, संजय शर्मा, गगनदीप गोस्वामी, महेश पारिक, ऋषि सचदेवा, विपिन शर्मा, संदीप गोयल, संजय संतोषी, संजय रावल, जगदीश प्रेमी, अनिरुद्ध भाटी, संजय चौहान, सुनील शेट्टी, नरेंद्र ढीला, गौरव चक्रपाणि, देशप्रेमी, रामकुमार शर्मा, देवेश शर्मा, सुमित तिवारी, कुलदीप अग्रवाल, आशु शर्मा सहित बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे।

# फायरिंग में शामिल भाजपा नेता ने किया आत्मसमर्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल थाना स्थित पंजनहेड़ी क्षेत्र की उषा टाउनशिप में हुई फायरिंग के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी अतुल चौहान ने गुरुवार को कनखल थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी ने पुलिस को वह पिस्टल भी सौंप दी है, जिससे वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस अब इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बीती 28 अगस्त को पंजनहेड़ी निवासी अमित कुमार ने पुलिस को शिकायत दी थी कि अतुल चौहान और उसके पांच साथियों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई सचिन और कृष्णपाल पर जान से मारने की नीयत से हमला किया था। आरोपियों द्वारा की गई फायरिंग में सचिन के पेट और कृष्णपाल के हाथ में गोली लगी थी। इस हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अतुल चौहान व अन्य के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखते हुए आरोपी अतुल चौहान पुत्र सुखवीर सिंह ने खुद थाने आकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिस्टल को अपने कब्जे में ले लिया है। हरिद्वार एसपी सिटी अभय सिंह ने बताया कि एसएसपी के कड़े निर्देश इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। फिलहाल पुलिस बाकी नामजद आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।


**आवश्यक सूचना**

महाविद्यालय में विगत तीन सत्रों (2020-21, 2021-22, 2022-23) की आंतरिक परीक्षा, असाइनमेंट एवं अन्य रद्दी को निस्प्रोज्य किया जाना है। किसी भी छात्र-छात्रा को तीन सत्र के दौरान की अपने असाइनमेंट/आंतरिक परीक्षा की कोई कॉपी देखना चाहें तो वह दिनांक 12.02.2026 तक प्राचार्य कार्यालय में सम्पर्क कर सकता है। उसके उपरान्त रद्दी को निस्प्रोज्य कर दिया जायेगा।

**प्राचार्य -**
**हर्ष विद्या मन्दिर (पी0जी0) कॉलेज, रायसी, हरिद्वार।**



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
शाह टाइम्स हरिद्वार
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# प्रदेश के 544 नए विद्यालयों में संचालित होंगे व्यावसायिक पाठ्यक्रम

■ योजना के तहत आठ व्यावसायिक विषयों में दक्ष होंगे छात्र-छात्राएं
■ अबतक व्यावसायिक शिक्षा ग्रहण कर चुके 146 छात्रों को मिला कैम्पस प्लेसमेंट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में समग्र शिक्षा के तहत 544 और विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जायेगा, जिसकी स्वीकृति भारत सरकार ने दे दी है। इन विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पारम्परिक विषयों के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी, जिससे वह व्यावहारिक व तकनीकी कौशल में दक्ष होंगे साथ ही भविष्य में रोजगार व स्वरोजगार के लिये भी सक्षम हो सकेंगे। योजना के तहत वर्तमान शैक्षणिक सत्र से छात्र-छात्राओं को 8 विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा दी जायेगी। नवीन स्वीकृत विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शीघ्र संचालन को विभागीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिये गये हैं। विद्यालयी शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में एनईपी-2020 के अनुरूप विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जा रही है। इसी क्रम में समग्र शिक्षा एवं पीएम-श्री योजना के तहत प्रदेश के 544 और नये विद्यालयों का चयन व्यावसायिक शिक्षा के संचालन को किया गया है, जिन्हें भारत सरकार द्वारा स्वीकृत दे दी गई है। इन विद्यालयों में इसी शैक्षणिक सत्र से 8 विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक शिक्षा का संचालन किया जाएगा। जिसमें एग्रीकल्चर, ऑटोमोटिव, ब्यूटी एंड वेलनेस, इलेक्ट्रोनिक्स एंड हार्डवेयर, आईटी, पलम्बिंग, रिटेल तथा टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी शामिल है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन सभी सेक्टर को उत्तराखंड बोर्ड व सीबीएसई के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। जिन्हें विद्यालय स्तर पर एक विषय के रूप में पढ़ाया जायेगा। उक्त व्यावसायिक विषयों में कक्षा-10 व 12 के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क (एनएसक्यूएफ) के माध्यम से क्रमशः लेवन-3 व 4 के दक्षता प्रमाण पत्र दिये जायेंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इन विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के संचालन को पीएसएससीआईवीई (पंडित सुंदरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान) के मानकों के अनुरूप 548 प्रयोगशालाएं स्थापित की गई है। साथ ही व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु अनुभवी प्रशिक्षकों की तैनाती निर्धारित योग्यता के अनुरूप की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि उक्त विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालन के लिये प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, शासनादेश के उपरांत व्यावसायिक शिक्षा के संचालन को विभागीय स्तर पर निविदा आयोजित की जायेगी।

विभागीय अधिकारियों के बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 531 विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। इन विषयों में कुल 50903 छात्र-छात्राएं पंजीकृत है। जिसमें 27561 छात्राएं व 23342 छात्र शामिल हैं। इसके अलावा 28 हब्स एंड स्पोक विद्यालय भी संचालित किये जा रहे हैं। जिसमें 612 छात्राएं व 361 छात्र सहित कुल 973 बच्चे शामिल हैं।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत एयरोस्पेस एंड एविएशन तथा फूड इंडस्ट्री सेक्टर के संचालन को भी भारत सरकार द्वारा अनुमति दे दी गई है। जिसे उत्तराखंड बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा व्यावसायिक शिक्षा के तहत कक्षा-12 के प्रथम बैच में अध्ययनरत छात्रों के लिये राज्य स्तरीय जॉब फेयर आयोजित किया गया, जिसमें 146 छात्रों को विभिन्न कंपनियों द्वारा जॉब ऑफर दिये गये।



राज्य सरकार की मंशा प्रदेश के नौनिहालों को पारम्परिक विषयों के साथ ही व्यावसायिक शिक्षा मुहैया कराना है। ताकि युवा पीढ़ी को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। व्यावसायिक शिक्षा का दायरा बढ़ाते हुये अब 544 और विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किये जायेंगे। इसके लिये विभागीय अधिकारियों को सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दे दिये गये हैं।

**- डॉ. धन सिंह रावत, विद्यालयी शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

# नाम पूछकर कश्मीरी नाबालिगों पर जानलेवा हमला

■ एक नाबालिग का हाथ हुआ फ्रैक्चर
■ सिर में लगी गंभीर चोट को देखकर दून अस्पताल किया रेफर
■ आरोपी संजय यादव हिरासत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देहरादून के विकासनगर में चिप्स लेने गए दो कश्मीरी नाबालिगों को उनकी पहचान पूछकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पहलगाम आतंकी हमले का हवाला देते हुए उन पर लोहे की रॉड से वार किया गया। पुलिस ने मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है।घटना विकासनगर कोतवाली क्षेत्र की है। पीड़ित कश्मीरी किशोर एक दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां मौजूद दुकानदार संजय यादव और अन्य युवकों ने पहले उनका नाम-पता पूछा। दानिश व ताविश की कश्मीरी पहचान उजागर होते ही, आरोपियों ने पहलगाम हमले का बदला लेने की बात कहते हुए उन पर हमला बोल दिया।

आरोप है कि किशोरों को लोहे की रॉड से पीटा गया। हमले में एक नाबालिग का हाथ फ्रैक्चर हो गया है और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसे नाजुक हालत में दून अस्पताल रेफर किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने मुख्य आरोपी संजय यादव और एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 117(2) और 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर संजय को हिरासत में ले लिया है।

### सर्दियों में कपड़े बेचने आते हैं कश्मीरी व्यापारी

मारपीट में घायल युवकों के रिश्तेदार ने बताया कि वो लोग हर साल नवंबर से मार्च के बीच उत्तराखंड में कश्मीरी कपड़े बेचने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वे वर्ष 2008 से यहां आ रहे हैं जबकि पीड़ित युवक पहली बार आए थे। आरोप है कि धर्म के नाम पर युवकों को टारगेट करके हमला किया गया।

### बीते वर्ष भी काशीपुर में हुई थी कश्मीरी शॉल विक्रेता से मारपीट

बीते साल 24 दिसंबर 2025 को भी 28 वर्षीय कश्मीरी शॉल विक्रेता बिलाल अहमद गनी से हुई मारपीट से जुड़ा एक वीडियो सामने आया था। मामला उधम सिंह नगर के काशीपुर क्षेत्र का बताया गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि घटना 22 दिसंबर को हुई थी। युवक लंबे समय से उत्तराखंड में ही रहता था।पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज करते हुए 25 दिसंबर को वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों को हिरासत में लिया था।

# युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप



■ शव युवती के घर से 100 मीटर की दूरी पर हुआ बरामद
■ लड़की अपने चचेरे भाई के साथ दवाई लेने गई थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** देहरादून के विकासनगर में आज एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। शव युवती के घर से महज 100 मीटर की दूरी पर बरामद हुआ है।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, लड़की अपने चचेरे भाई के साथ देर शाम घर से दवाई लेने निकली थी, लेकिन रात तक भी वापस घर नहीं पहुंची। वहीं रात करीब बारह बजे युवती की लाश गांव से कुछ ही दूरी पर सुनसान जगह पर मिली। वहीं घटना के बाद से साथ गया भाई फरार बताया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए देहरादून एसएसपी अजय सिंह ने खुद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए। फिलहाल फॉरेंसिक टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है और पुलिस फरार भाई की तलाश में जुटी है।

# गायों को सड़कों पर लावारिस छोड़ना सबसे बड़ा पाप: आचार्य बालकृष्ण

■ गौ संरक्षण सेवा समिति के तत्वाधान में साहिया में द्वितीय वार्षिक गौ संरक्षण सम्मेलन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** गौ संरक्षण सेवा समिति साहिया के तत्वावधान में आयोजित द्वितीय वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि आचार्य बालकृष्ण महाराज (पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार) ने गाय की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, गाय विश्व का ऐसा प्राणी है जो सभी के लिए वात्सल्य के समान है। उन्होंने कहा है कि गायों को सड़कों पर लावारिस छोड़ना सबसे बड़ा महापाप है।

आचार्य बालकृष्ण ने कहा गाय मां के समान दूध देती है, गोबर से खाद बनाती है और गोमूत्र से औषधि प्रदान करती है। गौ संरक्षण हमारा धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय कर्तव्य है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने गौ संरक्षण के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि गाय भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। प्राचीन ग्रंथों में गाय को 'गौमाता' कहा गया है, जो अन्न, जल और स्वास्थ्य का स्रोत है। आज प्रदूषण और प्लास्टिक के दौर में गौ संरक्षण से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने समिति के कार्यों की सराहना की और कहा कि साहिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में गौशालाओं का विस्तार आवश्यक है। गाय की रक्षा से मिट्टी की उर्वरता बनी रहेगी और जल संकट कम होगा। सम्मेलन में डॉ. रवि कान्ता शर्मा, जगत राम जोशी, अध्यक्ष राकेश चौहान, मोहन लाल शर्मा, सतपाल राय, मुकेश तोमर, सरदार सिंह चौहान, टीकम सिंह बिष्ट, केशर सिंह तोमर, सुरेंद्र सिंह चौहान, यशपाल सिंह तोमर, कृपाल सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# क्वासी में एनएसएस का मतदाता जागरूकता अभियान

■ रैली निकालकर किया स्वच्छता कार्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** क्वासी स्थित पी. एम. श्री राजकीय इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन, गुरूवार को स्वयंसेवियों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सैंजाड से खड़कोटा तक जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवियों ने खड़कोटा पहुंचकर मंदिर परिसर के आसपास श्रमदान करते हुए स्वच्छता अभियान चलाया।

शिविर के दौरान डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक चकराता के कर्मचारी भी शिविर स्थल पर पहुंचे। इस अवसर पर बैंक प्रबंधक पंकज कुमार ने स्वयंसेवियों को बैंकिंग व्यवस्था, बचत, ऋण एवं वित्तीय अनुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। शिविर के बौद्धिक सत्र का शुभारंभ मुख्य वक्ता महावीर सिंह चौहान, कार्यक्रम अधिकारी प्रीतम सिंह राणा एवं राजेंद्र सिंह चौहान द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता महावीर सिंह चौहान ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि एक स्वयंसेवी के जीवन में समझदारी, जिम्मेदारी, बहादुरी और ईमानदारी का होना अत्यंत आवश्यक है। इन गुणों को अपनाकर युवा एक सशक्त नागरिक बन सकता है। उन्होंने कहा कि एनएसएस व्यक्ति को संवेदनशील नागरिक और बेहतर इंसान बनाता है, जो केवल अपने बारे में नहीं बल्कि पूरे समाज के कल्याण के लिए सोचता है। इस अवसर पर रमेश सिंह, बारू सिंह सहित स्वयंसेवी तनिषा चौहान, आर्यन चौहान, आयुष, आरती, अंजू, आयुषी, ईशा, आदित्य, ऋषभ, सचिन,आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### चोरी की फिराक में घूम रहे दो व्यक्ति गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने चौरी की फिराक मे घूम रहे 2 व्यक्तियों को अवैध खुखरी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों व्यक्तियों के खिलाफ शस्त्र एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि में दौराने चौकिंग गश्त पुलिस टीम द्वारा सभावाला क्षेत्र से 1 व्यक्ति सलमान पुत्र शमसीर निवासी खुशहालपुर कोतवाली सहसपुर व आसनपुर धर्मावाला क्षेत्र से 1 व्यक्ति अमीर उर्फ लालू पुत्र मुसरफ उर्फ काला निवासी ग्राम खुशहालपुर कोतवाली सहसपुर को एक-एक अवैध खुखरी के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्तियों के विरुध कोतवाली सहसपुर पर आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया जहां से दोनों व्यक्तियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी सलमान के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 12 मुकदमें और आरोपी अमीर उर्फ लालू के विरूद्व विभिन्न धाराओं में 5 मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम, सिपाही संदीप कुमार, सचिन कुमार, नितिन कुमार, शंकर सिंह शामिल रहे।

### 36 करोड़ भारतीयों को एयरटेल ने एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम नि:शुल्क उपलब्ध कराया

**देहरादून।** भारती एयरटेल अब अपने 36 करोड़ ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस की नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध करा रही है। एडोबी एक्सप्रेस एक तेज, आसान और हर तरह की डिजाइन जरूरतों को पूरा करने वाला एप है, जिसे अब पूरे भारत में एयरटेल के ग्राहक इस्तेमाल कर सकेंगे। यह ऐतिहासिक और अपनी तरह की पहली साझेदारी एयरटेल के सभी ग्राहकों को एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम इस्तेमाल करने की सुविधा प्रदान करेगी, जिससे वे हाई क्वालिटी वाली सोशल मीडिया एसेट्स, मार्केटिंग कंटेंट, शॉर्ट वीडियो और किसी भी प्रकार के डिजाइन को तेजी से और सहज तरीके से तैयार कर सकेंगे। लगभग रु4,000 मूल्य वाला एडोबी एक्सप्रेस प्रीमियम अब एक वर्ष के लिए निशुल्क उपलब्ध होगा। इसके साथ एयरटेल के सभी ग्राहक अपनी रचनात्मक क्षमताओं को खुलकर अभिव्यक्त कर सकेंगे और पेशेवर स्तर का कंटेंट तैयार कर सकेंगे, चाहे उनका डिजाइनिंग का अनुभव किसी भी स्तर का हो।

### गुरू रविदास की जयंती पर प्रदेश में साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन

**विकासनगर।** अनुसूचित जाति मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष बलवीर घुनियाल ने बताया कि भाजपा अनुसूचित मोर्चा केंद्रीय निर्देश अनुसार आगामी संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर 31 जनवरी 7 फरवरी तक पूजन, दर्शन सहित संत सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये जाएगे। बलवीर ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए उत्तराखंड प्रदेश में निम्न व्यक्तियों को जिम्मेदारी दी गई है, विनोद कुमार लक्खा कार्यक्रम संयोजक देहरादून ग्रामीण, रामपाल सिंह कार्यक्रम सदस्य उधम सिंह नगर, रविंद्र वाल्मीकि कार्यक्रम सदस्य देहरादून महानगर, मास्टर सत्यपाल कार्यक्रम सदस्य हरिद्वार, संजीव कुमार कार्यक्रम सदस्य रुड़की, रामकिशन कार्यक्रम सदस्य देवेंद्र ऋषिकेश, प्रधान कार्यक्रम सदस्य हरिद्वार। बलवीर घुनियाल ने कहा कि 31 जनवरी को 11 बजे प्रदेश कार्यालय में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद पूरे प्रदेश भर में रविदास जयंती के अवसर पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किया जाएंगे जिसके लिए प्रत्येक जिले में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संयोजक नियुक्त किए गए।

### नाबालिग युवती को भगा ले जाने वाला गिरफ्तार

**सेलाकुई।** नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाले व्यक्ति को सेलाकुई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

सेलाकुई निवासी एक व्यक्ति द्वारा थाना सेलाकुई पर एक तहरीर अपनी नाबालिक पुत्री के घर से बिना बताए चले जाने के संबंध में दिया गया, जिस पर तत्काल थाना सेलाकुई बीएनएस का मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की संवेदनीशीलता के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा दिए गए निर्देशों पर थाना सेलाकुई पर पुलिस टीम गठित की गई, गठित टीम द्वारा सुरागरसी/पतारसी करते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। गुमशुदा युवती के दोस्तो से पूछताछ में आयुष नाम के युवक द्वारा नाबालिक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बंध में जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के संबंध में जानकारी एकत्रित करते हुए मुखबिर की सूचना पर आरोपी आयुष पुत्र सुरेश निवासी सोना डोगरी थाना सहसपुर को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से नाबालिक युवती को बरामद किया गया। पुलिस टीम में एसआई पी0डी0 भट्ट, थानाध्यक्ष सेलाकुई, एसआई कृपाल सिंह, अ0उ0नि0 उम्मेद सिंह, हेड कांस्टेबल नीरज शुक्ला शामिल रहे।

# पार्षद शरीफ सिद्दीकी का निधन नगर निगम में शोकसभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** नगर निगम के वार्ड संख्या 25 के पार्षद शरीफ सिद्दीकी के आकस्मिक निधन पर महापौर दीपक बाली सहित सभी पार्षदों, नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निगम सभागार में एक शोक सभा कर दिवंगत पार्षद को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि देने के बाद नगर निगम में आज शोकावकाश कर दिया गया। पार्षद शरीफ सिद्दीकी को मंगलवार के दिन अचानक हार्ट अटैक हुआ था, जिन्हें केवीआर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनकी हालत बहुत ही गंभीर थी। उन्होंने आज तड़के 4 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन का समाचार मिलते ही सभी पार्षदों नगर निगम अधिकारियों और कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। देहरादून गए महापौर दीपक बाली पार्षद के निधन का समाचार मिलते ही तुरंत चल दिए और सीधे नगर निगम पहुंचकर शोक सभा में भाग लिया।



शोक सभा में सहायक नगर आयुक्त विनोद लाल साह, कार्यालय अधीक्षक विकास शर्मा, कर अधीक्षक अनिरुद्ध गौड़, सफाई निरीक्षक मनोज बिष्ट, वित्त अधिकारी शिवेंद्र खनायत, जितेंद्र कुमार जीते राजू, वासु, मेयर प्रतिनिधि चौधरी समरपाल सिंह, पार्षद वैशाली गुप्ता, पुष्कर बिष्ट, अनीता कांबोज, सीमा सागर, दीपा पाठक, बीना नेगी, अब्दुल कादिर, राशिद फारुकी, सरफराज, सुरेश सैनी, शिवांश गोले, रवि प्रजापति, अंजना आर्य, प्रिंस बाली, कैलाश चंद प्रजापति एडवोकेट तथा स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल रही।

# हडको बनेगा उत्तराखंड का मजबूत साझेदार: डॉ. राजेश

■ मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में आवास और शहरी विकास को मिलेगी नई दिशा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारतख्2047' के संकल्प को साकार करने और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड को सुनियोजित, आधुनिक एवं समावेशी राज्य के रूप में विकसित करने की दिशा में एक और अहम कदम उठाया गया है। राज्य में सभी के लिए आवास, नए नगरों के विकास और शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विस्तार को गति देने के उद्देश्य से हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (हडको) के सहयोग से संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। सचिव आवास डॉ.



आर. राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, रेंटल हाउसिंग योजना एवं भविष्य की शहरी विकास रणनीतियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक का मुख्य फोकस राज्य में आवासीय जरूरतों को दीर्घकालिक दृष्टि से पूरा करना, विशेषकर ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) और एलआईजी (निम्न आय वर्ग) के लिए सस्ते, सुरक्षित और टिकाऊ आवास उपलब्ध कराना रहा।

**२०४७ और २०५० तक की जरूरतों को ध्यान में रखकर रणनीति:** बैठक में इस बात पर सहमति बनी कि उत्तराखंड की भौगोलिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 2047 के विकसित भारत लक्ष्य और 2050 तक की आवासीय जरूरतों के लिए एक समग्र एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार की जाए। इसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में सुनियोजित निर्माण, आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और भविष्य के नए नगरों की परिकल्पना शामिल होगी।

**नए नगरों के विकास में हडको देगा पूर्ण सहयोग:** हडको के क्षेत्रीय प्रमुख एवं राज्य प्रभारी संजय भार्गव ने राज्य सरकार को आश्वस्त किया कि उत्तराखंड में नए शहरों और टाउनशिप के विकास, भूमि अधिग्रहण, मास्टर प्लानिंग और वित्तीय सहयोग में हडको अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का पूरा लाभ राज्य को देगा। देश के विभिन्न राज्यों में नए नगर बसाने के अनुभव को उत्तराखंड में भी लागू किया जाएगा।

**शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित विकास:** बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि आवासीय योजनाएं केवल शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में भी सुनियोजित ढंग से लागू हों। इससे पलायन की समस्या को कम करने, स्थानीय रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन को मजबूती मिलेगी।

**पर्वतीय जिलों में स्थानीय तकनीक को बढ़ावा:** उत्तराखंड के 10 पर्वतीय जिलों में स्थानीय भवन तकनीक और पारंपरिक निर्माण सामग्री के अधिकतम उपयोग पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया।

इससे जहां निर्माण लागत कम होगी, वहीं राज्य की सांस्कृतिक विरासत और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही भवन स्वीकृति प्रक्रिया को सरल बनाने और सस्ते आवास निर्माण के लिए नवाचारों को अपनाने पर सहमति बनी।

**रेंटल हाउसिंग और सस्ते आवास पर विशेष फोकस:** प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ-साथ रेंटल आवास योजना को भी गति देने पर चर्चा हुई, जिससे प्रवासी श्रमिकों, युवाओं और कामकाजी वर्ग को सुरक्षित एवं किफायती आवास उपलब्ध कराया जा सके। यह कदम शहरी क्षेत्रों में अनियोजित बसावट को रोकने में भी सहायक होगा।

**हडको का मजबूत वित्तीय योगदान:** बैठक में जानकारी दी गई कि हडको देहरादून द्वारा राज्य में अब तक 1543.34 करोड़ रुपये की ऋण राशि वाली 115 आवासीय एवं शहरी विकास योजनाओं को मंजूरी दी जा चुकी है। यह आंकड़ा उत्तराखंड में आवास विकास के प्रति हडको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**सुनियोजित विकास से बढ़ेगी आवास की उपलब्धता:** सरकार और हडको के संयुक्त प्रयासों से राज्य में आवास की उपलब्धता बढ़ेगी, ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग को सम्मानजनक जीवन मिलेगा और उत्तराखंड आधुनिक, टिकाऊ और समावेशी विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ेगा।

# समर स्टडी में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में सड़क सुरक्षा माह (15 जनवरी से 14 फरवरी) के अंतर्गत काशीपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा छत्तीसवां सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाना था। कार्यक्रम में ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार तथा एडिशनल एसआई अरुण कुमार ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने हेलमेट व सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ट्रैफिक सिग्नल का पालन, निर्धारित गति सीमा, सड़क पार करने के सुरक्षित तरीके तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण नियमों पर प्रकाश डाला।

ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक होने का प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए प्रेरित करें। विद्यालय प्रबंधन व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने ट्रैफिक इंस्पेक्टर नीरज कुमार तथा एडिशनल एस आई अरुण कुमार व ट्रैफिक पुलिस टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी हैं और उनमें अनुशासन व जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी उपस्थित थे।

# नौला मरम्मत की गुणवत्ता पर उठे सवाल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**सोमेश्वर।** ग्राम सूपाकोट के लक्ष्मीपुर स्थित प्राचीन नौले की मरम्मत और गधेरे की निकासी के कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने खण्ड विकास अधिकारी से स्थलीय निरीक्षण करने की मांग की है।

गौरतलब है कि 8 मई 2024 को अतिबृष्टि से गांव का प्राचीन नौला गधेरे के मलुए से पूरी तरह जमींदोज हो गया था और गधेरे की निकासी अवरुद्ध हो जाने से गधेरे का पानी आस पास के घरों में घुस गया था। नौले की मरम्मत और अपने घरों की सुरक्षा के सवाल को लेकर ग्रामीणों द्वारा रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चन्द्र पाण्डे के नेतृत्व में आन्दोलन किये जाने पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ दो मर्तबा लिखित समझौता हुआ था। तय हुआ था कि नौले की मरम्मत वित्त अनटाइड मद से और गधेरे की निकासी और नौले के पीछे सुरक्षा दिवार और तटबन्ध निर्माण मनरेगा से कराया जाएगा। नौले की मरम्मत का कार्य सितम्बर 2025 से आरम्भ हो गया था लेकिन मनरेगा के कार्य हेतु गांव के श्रमिकों की दिलचस्पी नहीं होने के कारण यह कार्य शुरु नहीं हो सका था। ग्राम विकास अधिकारी अमित खडाई के निरन्तर प्रयास से दूसरे गांव के श्रमिक इस कार्य को करने के लिए राजी हुए और इसी माह से मनरेगा का कार्य आरम्भ हुआ।

रिटायर्ड असिस्टेंट आडिट आफिसर रमेश चन्द्र पाण्डे ने खण्ड विकास अधिकारी को प्रेषित पत्र में कहा है कि वित्त की मद से नौले की मरम्मत का कार्य 4 माह पूर्व शुरु हो जाने के बाद दो माह से आधा अधूरा छोड़ दिया गया है।

श्री पाण्डे के अनुसार मनरेगा से नौले के पीछे सुरक्षा दिवार एवं गधेरे की निकासी के कार्य हेतु 2,89,408 लागत से जलमोड नाला एवं तटबन्ध निर्माण की कार्ययोजना 13 सितम्बर 2025 को स्वीकृत हुई। खण्ड विकास अधिकारी को प्रेषित पत्र के साथ नौले के पीछे बन रही सुरक्षा दिवार के चित्र भेजते हुए श्री पाण्डे ने कहा है कि यह दिवार स्वीकृत कार्ययोजना के अनुसार पक्की न होकर कच्ची है। ऐसे में विचारणीय पहलु यह है कि गधेरे के बीचो-बीच स्थित नौले की सुरक्षा की दृष्टि से यह कच्ची दिवार बरसात में नौले के प्रवाह को रोकने में कितनी कारगर होगी? उन्होंने कहा कि दो गधेरों की निकासी हेतु लगभग 150 साल पूर्व निर्मित डांठ अतिबृष्टि से जमींदोज हो गया था जिसे प्राथमिकता से खोला जाना चाहिए।

# जिले के वनवासी क्षेत्र भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरुकुलम की होगी स्थापना

## हुआ भूमीपूजन, उच्च स्तरीय शिक्षा गांव के बच्चों को यहां निशुल्क मिलेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस एन पी सिंह तथा अनुसूचित जनजा. ति आयोग के पूर्व अध्यक्ष जी आर राणा की उपस्थिति में बालोद जिले के गुरूर विकासखंड अंतर्गत सुदूर आदिवासी ग्राम भेजा जंगली में तथागत ग्लोबल गुरुकुलम का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह आयोजन जनजातीय विकास के उद्देश्य से जकवार फाउंडेशन और तथागत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी ग्रामीण शामिल हुए।

भूमि पूजन से पूर्व राजा राव बाबा और कंकालीन माता की पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात शहीद वीर नारायण सिंह के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए एन पी सिंह ने कहा कि इस गुरुकुलम की स्थापना का उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े आदिवासी और ग्रामीण बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़कर उनका भविष्य सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि जब तक सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को




शहरों जैसी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकसित भारत का सपना अधूरा ही रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भेजा जंगली में स्थापित होने वाला यह विद्यालय शिक्षा के स्तर पर दिल्ली और अन्य बड़े शहरों के प्रतिष्ठित स्कूलों के समान होगा। यहां बच्चों को केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि जीवन मूल्यों और संस्कारों की भी शिक्षा दी जाएगी। गुरुकुलम में निशुल्क शिक्षा के साथ-साथ पर्सनालिटी डेवलपमेंट, करियर गाइडेंस, केंद्रीय बलों एवं सेना भर्ती की तैयारी, रोजगारोन्मुखी पाठ्डक्रम तथा महिलाओं को कुटीर उद्योग से जोड़ने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढ़ने का पूरा अवसर प्रदान किया जाएगा। एन पी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस विद्यालय का निर्माण कार्य फरवरी माह से प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने यह भी संकल्प व्यक्त किया कि जब राजा राव पठार में राजा राव की पूजा का आयोजन होगा, उसी समय गुरुकुलम का उद्घाटन भी किया जाएगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि राजा राव के आशीर्वाद से यहां पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर आईएएस, आईपीएस, न्यायाधीश जैसे उच्च पदों तक पहुंचेंगे और तभी इस पहल को सफल माना जाएगा। इस गुरुकुलम से भेजा जंगली सहित आसपास के 10 से 12 गांवों के आदिवासी और ग्रामीण बालक-बालिकाओं को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। भूमि पूजन की इस ऐतिहासिक पहल से पूरे वनांचल क्षेत्र में खुशी की लहर देखने को मिली। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच शीला यादव, पंच नागेश्वर सलाम, दिनेश यादव, बलराम गोटी स हित अनेक जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# अधिवक्ताओं ने भोटिया पड़ाव चौकी घेरी

## निवेश के नाम पर फाइनेंस कंपनी पर धोखाधड़ी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फाइनेंस कंपनियों के फर्जीवाड़े लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में हाल ही में एक अधिवक्ता को पता चला कि एक फाइनेंस कंपनी निवेश के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी कर रही है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने भोटिया पड़ाव चौकी के सामने विरोध प्रदर्शन किया। राजीव नगर बिन्दुखत्ता लालकुआं निवासी अधिवक्ता प्रदीप लोहनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उन्होंने एक कंपनी में कुछ माह पूर्व साढ़े छह हजार रुपये का निवेश किया था।

उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी को बीते दिन एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि उनके नाम पर एक लकी ड्रॉ निकला है। इसका लाभ लेने के लिए उन्हें ठंडी सड़क स्थित कार्यालय आना होगा। जिसके बाद प्रदीप गुरुवार को



फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में पहुंचे। यहां कंपनी के लोगों ने उनसे कहा कि उनकी कंपनी में निवेश करने से उन्हें तीन लाख रुपये तक मेडिकल इंश्योरेंस मिलेगा। यही नहीं बड़े शैक्षणिक संस्थानों में बच्चों की पढ़ाई पर 50 प्रतिशत तक फीस में छूट मिलेगी। अत्यधिक लाभ सुनकर अधिवक्ता को शक हुआ और उन्होंने अपनी जांच-पड़ताल शुरू की। जांच में पता चला कि ऐसी कोई कंपनी राज्य या देश में वैध रूप से संचालित नहीं होती। कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ करने पर वे उल्टा अधिवक्ता पर भड़क गए और उनके साथ अभद्रता की। इसके बाद प्रदीप लो. हनी ने अपने अन्य अधिवक्ताओं को घटना की जानकारी दी। सूचना पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोला और तहरीर भोटिया पड़ाव चौकी में दी। चौकी प्रभारी अनिल कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एसटीपी प्रस्ताव में शीघ्र कार्रवाई करें

**हल्द्वानी।** गुरूवार को प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने हल्द्वानी के कैंप कार्यालय में कैचीधाम में योजित एनजीटी याचिका के सिलसिले में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक मे एसटीपी, सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिशासी अभियंता, पेयजल निगम को निर्देशित किया कि वे कैचीधाम में एसटीपी प्रस्ताव के संबंध में शीघ्र अग्रिम कार्यवाही करें। इसके साथ ही, सचिव जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण को कैचीधाम में बढ़ते निर्माण कार्यों को सुनियोजित करने के लिए चालानी कार्रवाई करने तथा समयबद्ध तरीके से केस निस्तारण की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## नशे के इंजेक्शन समेत एक दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान 20 नशे के इंजेक्शन के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल के नेतृत्व में एसआई मनोज यादव मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी हिमालय स्कूल के पीछे गौला बाईपास रोड, यात्री विश्राम गृह के पास एक युवक को संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ दिखाई दिया। जो टीम को देख भागने लगा। शक होने पर टीम ने घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया।

# यूजीसी के खिलाफ सवर्ण समाज लामबंद

- काले कानून के खिलाफत में उठी आवाज
- आंदोलन की रणनीति पर भी हुई चर्चा
- वक्ता बोले- जाति आधारित कानून देश के लिए खतरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** यूजीसी के नए रेगुलेशंस के विरोध में संवर्ण समाज के संगठनों ने गुरुवार को बैठक कर रणनीति तय की। कार्यक्रम के संयोजक प्रकाश हर्बोला ने कहा कि जब-जब नए कानून बने है, तब संवर्ण समाज ने कभी प्रतिकार नहीं किया लेकिन अब समय है कि संगठित होकर इस काले कानून के खिलाफ आवाज उठाई जाए। उन्होंने कहा कि यदि अभी आंदोलन नहीं किया गया तो आने वाली पीढ़ी को गुलामी या अनपढ़ मजदूर बनकर रहना पड़ेगा। उन्होंने आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर्स जेएस बिष्ट ने कहा कि यह मुहिम तब तक जारी रहेगी जब तक इसका लक्ष्य हासिल नहीं हो जाता। मनोहर मिश्रा ने कहा कि नौकरियों में भी आरक्षण के नुकसान उठाने के बाद अब हमें आंदोलन को सफलता की दिशा में ले जाना है। भुवन भट्ट ने सुझाव दिया कि सभी छात्रों को समान रूप से शिकायत करने का अधिकार होना चाहिए और झूठी शिकायत करने पर दोगुना दंड का प्रावधान होना चाहिए। भुवन जोशी ने कहा कि जाति आधारित कानून देश के लिए खतरा है और सभी जातियों के लिए समान कानून होना चाहिए। राजपूत परिषद की शांति जीना ने कहा कि किसी जाति या वर्ग को दबाया नहीं जाना चाहिए और संगठित होकर विरोध



करना जरूरी है। बैठक में आगे के कार्यक्रम के संचालन के लिए 9 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। बैठक में पलक अग्रवाल, ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रदीप सबरवाल, इंदर भुटियानी, हर्षवर्धन पांडे, देवीदयाल उपाध्याय, राजेंद्र सिंह, राहुल झिंगरन, त्रिलोक बिष्ट, मनोज अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, नितिन बोरा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## विभिन्न संगठनों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की ओर से अधिसूचित प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस-2026 के विरोध में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नारेबा. जी करते हुए बुद्ध पार्क में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रेगुलेशन की प्रति जलाकर विरोध जताया। गुरुवार को तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क में सभा के बाद



प्रदर्शनकारी रैली निकालते हुए एसडीएम कोर्ट पहुंचे, जहां उपजिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और यूजीसी को ज्ञापन सौंपा गया। सभा में वक्ताओं ने यूजीसी के नए नियम को काला कानून बताते हुए आरोप लगाया कि यह उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के नाम पर जातिगत विभाजन को बढ़ावा देता है। वक्ताओं ने कहा कि रेगुलेशन में झूठी शिकायतों पर सख्त सजा का प्रावधान नहीं है, जिससे शिक्षकों और छात्रों में भय का माहौल बन रहा है।

## राजीनामा के बाद भी धमका रहा युवक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ओखलकांडा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर सौंपते हुए कहा कि उसकी बेटी को एक युवक उसे परेशान करने के साथ ही जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खनस्यूं ओखलकांडा निवासी एक पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि बीते साल जनवरी 2024 को ग्राम पश्या पो. देवली तहसील खनस्यू ओखलकांडा निवासी दीपक कुड़ाई उनकी बेटी को बहला फुसला कर जंगल में ऊंची पहाड़ी पर ले गया और वहां उसके साथ अभद्रता करने लगा। लड़की के विरोध करने पर आरोपी ने उसे पहाड़ी से नीचे धक्का दे दिया और खुद वहां से भाग गया। पुलिस वालों को लड़की का पता चला तो परिजनों को सूचित किया। बेहोशी की हालत में उसे पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में सुशीला तिवारी अस्पताल ले जाया गया। होश आने पर लड़की ने आपबीती बताई तो आरोपी युवक के खिलाफ खनस्यू थाने में रिपोर्ट दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी दीपक ने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTTHIN2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**अदालती सूचना**
**आज्ञा से न्यायालय श्रीमान प्रथम अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश महोदय, रूड़की।**

पैटीशन सं0-517/2025 सन-2025
चन्द्रा रावत आयु 31 वर्ष पुत्र प्रेम सिंह रावत पत्नी रविन्द्र सिंह, हाल निवासी 588/2ए, आर्य विहार गार्वमेन्ट प्राईमरी विद्यालय नम्बर 5 के पीछे, गणेशपुर रूड़की, तहसील रूड़की, जनपद हरिद्वार, उत्तराखण्ड। ....वादिया

**बनाम**

रविन्द्र सिंह पुत्र बिजेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम पट्टी, दोगी मुण्डाला टिहरी गढ़वाल, हाल कार्यरत गार्वमेन्ट आई0टी0आई0 कॉलेज विकास नगर देहरादून, उत्तराखण्ड। .... रेस्पोन्डेन्ट

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब आर्डर-5, नियम-1 व 5 सी0पी0सी0**

हरगाह आपको सूचित किया जाता है कि वादनी ने बरखिलाफ प्रतिवादी डिक्री विवाह-विच्छेद हेतु वाद/याचिका दायर कर रखा है। लिहाजा आपको हुकम होता है कि दिनांक 17/03/2026 ई0 समय प्रातः 10:00 बजे दिन असालतन या मार्फत वकील जो मुकदमें हालात के करार वाकई किया गया हो और कुल उमूरात अहम मुतालिका मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा करें, और हरगाह वादी तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है, वास्ते इनफिलाल कतई मुकदमा तजबीज हुई है। बस आपको लाजिम है कि उसे रोज अपने जुल्मा गवाहों को जिनकी शाहदत पर नीज तमाम दस्तावेज को, जिन पर आप अपनी जवाबदेही के ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो, पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि बरोज मजकूर आप हाजिरी न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको ससमुह और फैसला होगा। आपको इतिला दी जाती है कि बरोज गजमूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मशमूह और फैसला होगा। यह कि आज दिनांक 29.01.2026 ई0 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।

**प्रबंधक, न्यायालय श्रीमान प्रथम अतिरिक्त, प्रधान न्यायाधीश महोदय, रूड़की।**

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नईम अहमद- Naim Ahmad (पुराना नाम) से बदलकर **नईम अहमद- Naeem Ahmad** (नया नाम) 'कर लिया है। भविष्य में मुझे **नईम अहमद- Naeem Ahmad** पुत्र मौ. अहसान के नाम से जाना व पहचाना जाए।
**शपथकर्ताः** नईम अहमद पुत्र मौ. अहसान, निवासीः लेन नंबर-3, भण्डारी बाग, देहरादून, जिला देहरादून, उत्तराखंड। पिन- 248001

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम english मे त्रुटिवश **Yajuvendra Singh** हो गया है, जबकि समस्त दस्तावेजों मे मेरा सही नाम **YAJUVENDER SINGH** (यजुवेन्द्र सिंह) है। जिसको सही रूप में अंकित किया जाना आवश्यक है
**शपथकर्ताः** यजुवेन्द्र सिंह पुत्र यशवंत सिंह, निवासीः 38, मामचंद वाली गली, न्यू सृष्टि विहार, गोकुल धाम सोसाईटी दीपनगर, अजबपुर कलां, देहरादून, उत्तराखंड। पिन- 248121

**सूचना**

सर्वसूचित किया जाता है कि मै भूमि खाता सं0 278 भूमि खसरा सं0 54क मिन रकबा 128.70 वर्गमीटर स्थित मौजा वीरपुरखुर्द परगना परवादून तहसील ऋषिकेश, जिला देहरादून का स्वामी, व अध्यासी हूं, जिसको कि मैंने एक विक्रय पत्र दिनांक 08.01.2025 को श्री धनेन्द्र कुमार जैन से क्रय की थी। जोकि बही नं० 1 क्रमांक सं० 300 दिनांक 08.01.2025 को उपनिबन्धक ऋषिकेश में मे विधिवत् दर्ज व पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति के पूर्व स्वामी श्री विवेक पंवार पुत्र श्री जय प्रकाश आर्य के हक में निष्पादित मूल विक्रय पत्र दिनांक 18.02.2019 जो कि उपनिबन्धक ऋषिकेश में बही सं० 1 जिल्द 4897 के पृष्ठ 187 से 210 पर क्रमांक 1326 पर विधिवत् दर्ज व पंजीकृत है, मेरे द्वारा बाजार में उक्त मूल विक्रय पत्र की फोटो प्रति करवाने के लिए ले जाते वक्त उक्त मूल विक्रय पत्र कहीं खो गया है, और काफी ढुंढने पर भी नही मिल पा रही है। जिसको भी उक्त मूल विक्रय पत्र मिलता है कृपया नीचे दिये गये मोबाईल नम्बर व पते पर मुझसे सम्पर्क करने की कृपा करे। उक्त सम्पत्ति मेरे द्वारा श्री रविकांत पुत्र श्री राजेन्द्र प्रसाद को विक्रय की जा रही है।
श्री विजेन्द्र सिंह पुत्र श्री बलवान सिंह निवासी-सी-877, आई०डी०पी०एल० ऋषिकेश, पो०ओ० वीरभद्र, जिला देहरादून, उत्तराखण्ड।
मो0नं0- 9058522777

**कार्यालय नगर पंचायत लण्ढौरा, जनपद हरिद्वार**

पत्रांक-134 /सै0सै0(न0पं0ल0)/2025-26, दिनांकः28/01/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत लण्ढौरा द्वारा मा0 अध्यक्ष महोदय व अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत लण्ढौरा की स्वीकृति उपरान्त स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 में अच्छी रैंकिंग, परामर्श सहायता व अन्स समस्त कार्य फर्म के माध्यम से कराये जाने हेतु टू-बिड (तकनीकी व वित्तीय) प्रक्रिया के माध्यम से www.uktenders.gov.in निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| S.no | Scheduled/Information | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Online Publication | 29.01.2026 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download Start Date | 29.01.2026 | 10:00 AM |
| 3 | Online Bid Submission Start Date | 04.02.2026 | 11:00 AM |
| 4 | Pre bid Meeting Office Nagar Panchayat Landhaura | 02.02.2026 | 12:00 AM |
| 5 | Online bid Submission End Date | 11.02.2026 | 01:00 PM |
| 6 | Offline Submission of Hard/Original Copy of document End date | 11.02.2026 | 02:00 PM |
| 7 | Bid Opening Date | 11.02.2026 | 03:00 PM |

उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी www.uktenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है तथा तिथियों व निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन मात्र www.uktenders.gov.in पर प्रेषित किया जायेगा।

अध्यक्ष
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत लण्ढौरा
जनपद हरिद्वार।

**उत्तराखण्ड राज्य हज समिति**

पत्रांकः 571/उ0रा0ह0स0/सूचना-विज्ञापन/2025-26 दिनांक 29 जनवरी, 2026

हज यात्रा-2026 हेतु हज आवेदकों द्वारा स्वयं फ्लाईट बुकिंग कराये जाने की सूचना।

हज कमेटी ऑफ इण्डिया, मुम्बई के सर्कुलर सं0 29 दिनांक 28-01-2026 के द्वारा हज-2026 हेतु हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाईट www.hajcommittee.gov.in अथवा हज सुविधा एप के माध्यम से फ्लाईटों की स्वयं बुकिंग सुविधा प्रारम्भ की गयी है।

1- यह सुविधा दिनांक 29-01-2026 से प्रारम्भ होकर केवल 04 (चार) दिन के लिये उपलब्ध रहेगी।
2- जो हज यात्री इस सुविधा का लाभ नही उठाना चाहते या सीमित स्वयं बुकिंग का मौका चूक जाते है तो ऐसे हज यात्रियों को हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा उपलब्ध फ्लाईटों में से ही फ्लाईट आवंटित की जायेगी। जिसमें हज यात्रियों की फ्लाईट या यात्रा तिथि सम्बन्धी किसी भी ई-मेल, पत्र या अन्य ऑफ लाईन माध्यम से प्राप्त फ्लाईट या यात्रा तिथि, परिवर्तन सम्बन्धी अनुरोधों पर विचार नही किया जायेगा।
3- स्वयं बुकिंग सुविधा **अनुलग्नक-1 में दिये गये दिशा-निर्देशों और शर्तो** का हज यात्रियों द्वारा ध्यानपूर्वक पढ़ना, नोट किया जाना और सख्ती से पालन किया जाना आवश्यक है।
4- हज यात्री अपने लॉगिन के माध्यम से फ्लाईट स्वंय बुक करेंगें।
5- जोहफा (शिया हज आवेदक), महिला बिना महरम महिला कैटैग्री श्रेणियों के अन्तर्गत यात्रा करने वाले हज आवेदक इस सुविधा के पात्र नही होंगे। उनकी फ्लाईटे केवल हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई द्वारा ही आवंटित की जायेगी।
6- एक बार फ्लाईट बुक हो जाने के बाद यात्रा की तिथि या फ्लाईट में बदलाव के लिये कोई भी अनुरोध स्वीकार नही किया जायेगा।
7- परिचालन या प्रशासनिक/आपातकालीन स्थिति के कारण हज कमेटी ऑफ इण्डिया मुम्बई के पास एक फ्लाईट से दूसरी फ्लाईट में स्थानान्तरित करने या सीटे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
8- हज यात्रियों द्वारा देय सभी बकाया राशि का भुगतान हो जाने के बाद ही बोर्डिंग पास जारी किये जायेंगे।
9- हज यात्री केवल सिस्टम के माध्यम से आवंटित/पुष्टि की गयी फ्लाईट से ही यात्रा करेंगे।
10-हज यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर अपडेट और घोषणाओं के लिये अधिकारिक हज कमेटी ऑफ इण्डिया,मुम्बई के व्हाट्सएप चैनल से जुडने का कष्ट करें।
11-दिल्ली इम्बारकेशन से दिनांक 18 अप्रैल, 2026 से 04 मई, 2026 तक की सभी फ्लाईटे **दिल्ली से मदीना मुनव्वरह** जायेगी तथा दिनांक 06 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक की सभी फ्लाईटे **दिल्ली से मक्का (जद्दा)** जाएगी।
12-शॉर्ट हज यात्रा (18-20 दिन) वाले हज आवेदकों की फ्लाईट दिनांक 19 मई, 2026 से 20 मई, 2026 तक दिल्ली से मक्का (जद्दा) जाएगी।

(मोहम्मद आरिफ)
अधिशासी अधिकारी
उत्तराखण्ड राज्य हज समिति

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त गढवाल मण्डल महोदय पौडी गढ़वाल।**

राजस्व अपील संख्या-44 सन-2025
राजेन्द्र प्रसाद पुत्र स्व0 श्याम लाल निवासी-गंगाभोगपुर तल्ला, पटटी-उदयपुर पल्ला, तहसील-यमकेश्वर, जिला- पौडी गढवाल। ....अपीलाण्ट

**बनाम**

1. श्री उत्तराखण्ड सरकार बजरिये जिलाधिकारी पौडी गढवाल । 2. ग्राम प्रधान गंगाभोगपुर तल्ला, पटटी उदयपुर पल्ला, तहसील- यमकेश्वर, जिला-पौडी गढवाल । 3. बचन सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह 4. चन्दन सिंह पुत्र श्री देवान सिंह 5. श्री सीताराम पुत्र श्यामलाल 6. श्रीमती कमला देवी पत्नी श्री दौलत सिंह 7. सोहन लाल पुत्र श्री बस्तीराम, 8. राजेंद्र सिंह पुत्र श्री भोपाल सिंह 9. चन्द्र मोहन पुत्र श्री भोपाल सिंह, 10. मनमोहन सिंह पुत्र श्री भोपाल सिंह 11. राकेश कुमार पुत्र देवी दत्त, 12. संजय कुमार पुत्र श्री देवी दत्त, 13. गणेश चन्द्र पुत्र श्री देवी दत्त 14. दिनेश चन्द्र पुत्र श्री देवी दत्त 15. राजीव कुमार पुत्र श्री शिरोमणी 16. दीपक कुमार पुत्र श्री शिरोमणी 17. सौरभ कुमार पुत्र श्री शिरोमणी, 18. श्रीमती मोहनी देवी पत्नी श्री शिरोमणी 19. पूरण चन्द्र पुत्र श्री जयदत 20. वृजमोहन पुत्र श्री भगवती प्रसाद समस्त निवासीगण ग्राम -गंगाभोगपुर तल्ला, पटटी-उदयपुर पल्ला, तहसील-यमकेश्वर, जिला-पौडी गढ़वाल । ...रिस्पोण्डेंट

समन बनाम-रिस्पोण्डेंट संख्या-07, 14, 15, 16, 17, 18, 20 निवासीगण-ग्राम-गंगाभोगपुर तल्ला, पटटी-उदयपुर पल्ला, तहसील-यमकेश्वर, जिला-पौडी गढवाल ।

एतद द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि अपीलाण्ट के द्वारा एक अपील विरूद्ध आदेश दिनांक 14.05.2025 जो असिस्टेन्ट कलेक्टर महोदय यमकेश्वर पौडी के द्वारा राजस्व वाद संख्या 03 सन 2019, 20 राजेन्द्र प्रसाद... बनाम..... उत्तराखण्ड सरकार आदि में अपीलाण्ट/वादी का वाद अन्तर्गत धारा 229 बी. ज. वि. अधि. निरस्त कर दिया गया से क्षुब्ध होकर मेरे न्यायालय में प्रस्तुत की गयी है जिसमें सुनवायी के लिए दिनांक 18.02.2026 की तिथि नियत है । उक्त दिवस आप आवश्यक रूप से मेरे न्यायालय में हाजिर आकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा अपील में एकतरफा सुनवायी अमल में लायी जायेंगी ।

आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा से जारी किया गया।

अहलमद
न्यायालय अपर आयुक्त
गढ़वाल मण्डल पौडी

**न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलेक्टर (बा.) पौडी गढ़वाल।**
**राजस्व वाद सं. 4/2020-21**

**वादी**-1. कमलेश चन्द्र पुत्र स्व. उमाचन्द। 2. रमेश चन्द्र पुत्र स्व. उमाचन्द। 3. दिनेश चन्द्र पुत्र स्व. उमाचन्द।

**बनाम्**

**समन बनाम्-**
**विपक्षीगण-** 1. श्रीमती मनोरमा देवी पत्नी श्री भगत लाल। 2. राजा पुत्र सत्य सिंह। 3. जीत सिंह पुत्र सत्य सिंह। 4. अमर सिंह पुत्र सत्य सिंह। 5. कमलेश चन्द पुत्र बिन्देश्वर। 6. श्रीमती विधाता देवी पत्नी रमेश चन्द्र। 7. शोर्यवर्धन पुत्र स्व. रमेश चन्द्र नाबालिग माता श्रीमती विधाता देवी। 8. कुन्दन लाल पुत्र दीपचन्द। 9. ओम प्रकाश पुत्र भरोसी लाल। 10. विजय प्रकाश पुत्र भरोसी लाल। 11. अरूण प्रकाश पुत्र भरोसी लाल। 12. विनय प्रकाश पुत्र भरोसी लाल। 13. सूरज प्रकाश पुत्र भरोसी लाल। 14. श्री मान सिंह पुत्र गोविन्द सिंह। 15. श्रीमती सावित्री देवी पत्नी डेविड जे. सिंह। 16. श्री सुरेन्द्र सिंह पुत्र कलम सिंह। 17. श्री महिपाल सिंह पुत्र गोवर्द्धन सिंह। 18. श्री मदन सिंह पुत्र तारा सिंह निवासीगण ग्राम बिचली रांई, पट्टी नान्दलस्यूँ, पौडी गढ़वाल। महिताब सिंह पुत्र मगन सिंह निवासी ग्राम काण्डई पट्टी नान्दलस्यूँ, पौडी गढवाल । 19. अनूप काला 20. श्रीमती मंजू काला 21. श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम 22. श्री दीपेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम 23. श्री अनूप कुमार पुत्र दयाराम 24. श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी दयाराम 25. श्रीमती मंजू काला पत्नी अनूप काला निवासी ग्राम लोवर चोपडी, पट्टी नान्दलस्यूँ, तहसील पौडी, जिला पौडी गढ़वाल। 26. हरीश चन्द्र पुत्र भगत सिंह उर्फ मंगत सिंह निवासी ग्राम पौडी गाँव, पट्टी नान्दलस्यूँ, पौड़ी गढ़वाल। 27. श्री हृदयेश प्रताप सिंह पुत्र सुरेश कुमार सचदेवा निवासी विकास मार्ग पौडी, तहसील पौडी, जिला पौडी गढ़वाल। 28. श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री सुनील रावत निवासी निकट कृषि भवन श्रीनगर रोड पौड़ी, जिला पौड़ी गढ़वाल। 29. श्रीमती विमला देवी रावत पत्नी श्री उत्तम सिंह रावत निवासी ग्राम सिमतोली, पट्टी खातस्यूँ, तहसील पौडी, जिला पौडी गढ़वाल। 30. उत्तराखण्ड सरकार द्वारा श्रीमान कलक्टर पौड़ी गढ़वाल। 31. श्रीमान अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद पौडी।

यह कि वादीगण द्वारा विपक्षीगणों के विरूद्ध असिस्टेंट कलक्टर (बा.) पौडी गढ़वाल के न्यायालय में एक राजस्व वाद सं. 4/2020-2021 धारा अन्तर्गत 229 (बी) उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम/उत्तराखण्ड अनुकूलन एवं उपान्तरण आदेश 2001 प्रस्तुत किया हुआ है। जिसमें विपक्षीगणों की उपस्थिति हेतु दिनांक 09.02.2026 की तिथि नियत है।

अतः आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से ठीक 10 बजे प्रातः न्यायालय में उपस्थित होवें ऐसा न करने पर मामले में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

अतः आज दिनांक 19.01.2026 को न्यायालय की मुद्रा से जारी।

पेशकार
उप जिलाधिकारी (बा.), पौ

# ताज के लिए भिड़ेंगी सबालेंका-रायबकिना

● आर्याना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना को हराया, जबकि एलेना रायबाकिना ने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया





**मेलबर्न, वार्ता।** गुरुवार को 12वीं सीड एलिना स्वितोलिना पर ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में आसान जीत के बाद दुनिया की नंबर एक आर्यना सबालेंका की मेलबर्न में वापसी की तलाश लगभग पूरी हो गई है। सबालेंका का 76 मिनट में 6-2, 6-3 का मास्टर क्लास, रॉड लेवर एरिना में उनके पिछले 27 मैचों में से 26वीं जीत थी, जिससे वह पांचवें ग्रैंड स्लैम टाइटल के करीब पहुंच गईं। 27 साल की सबालेंका की इन चार सालों में एकमात्र हार पिछले साल के फाइनल में मैडिसन कीज से तीन सेट में चौंकाने वाली हार थी, जिससे उनका लगातार तीसरा ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीतने का सपना टूट गया। सबालेंका का ताज फिर से जीतने का मौका पूर्व विंबलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना के खिलाफ होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जेसिका पेगुला को हराया। सबालेंका, जिन्होंने टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है, ने कहा कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। स्वितोलिना, जो अपना चौथा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेल रही थीं, एक बड़ी अंडरडॉग के तौर पर उतरीं, लेकिन साल की अच्छी शुरुआत के बाद कॉन्फिडेंस के साथ उन्होंने आखिरी आठ में नंबर 3 कोको गॉफ को हराकर नई ऊंचाइयों को छुआ। लेकिन सबालेंका के जबरदस्त ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने उनका कोई चांस नहीं था, शायद उनका सबसे अच्छा बैकहैंड क्रॉसकोर्ट बुलेट था जिसने 41 मिनट का पहला सेट जीत लिया। मुश्किलों के बावजूद, स्वितोलिना ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, इससे पहले कि सबालेंका ने अपनी ज़बरदस्त हिटिंग फिर से शुरू की और एक ज़बरदस्त फोरहैंड विनर ने उन्हें लगातार चौथे फाइनल में जगह दिलाई। इस बीच रायबाकिना ने पेगुला को हराकर 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल का रीमैच तय किया। नंबर 5 सीड एलेना रायबाकिना ने नंबर 6 सीड जेसिका पेगुला को 6-3, 7-6(7) से हराकर अपने करियर के तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनाई, और तीन साल में पहली बार फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने दूसरे सेट के टाईब्रेक में दो सेट पॉइंट बचाए। रायबाकिना को पेगुला की आखिरी स्टेज में जबरदस्त वापसी की कोशिश को रोकना पड़ा, जो 30 साल की होने के बाद ओपन एरा में अपने पहले दो बड़े फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला बनने की कोशिश कर रही थीं। 2024 यूएस ओपन की रनर-अप ने दूसरे सेट में 5-3 से पिछड़ने पर तीन मैच पॉइंट बचाए, फिर कजाकिस्तान की खिलाड़ी ने 5-4 और 6-5 पर मैच के लिए सर्विस करते हुए दो बार रायबाकिना की सर्विस तोड़ी। हालांकि, रायबाकिना ने क्लच टेनिस के साथ एक ज़बरदस्त टाईब्रेक जीता, और दिन के अपने छठे ऐस के साथ मैच के आखिरी दो पॉइंट जीते, फिर दिन का अपना छठा रिटर्न विनर। यह 2022

# ओसाका-मार्टा ने चोटों के कारण दोहा से नाम वापस लिया

● **ओसाका को मैच के दौरान पेट के बाएं हिस्से में लगी थी चोट मोर्टा टखने की चोट के चलते टूर्नामेंट से हुई बाहर**

**दोहा, वार्ता।** नाओमी ओसाका और मार्टा क्वोयुक अगले महीने दोहा में होने वाले कतर टोटलएनर्जीज ओपन में नहीं खेलेंगी।

दोनों का नाम वापस लेना कोई खास हैरानी की बात नहीं है। ओसाका ने पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियन ओपन में क्वालीफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ अपने तीसरे राउंड के मैच से पेट के बाएं हिस्से में चोट का हवाला देते हुए नाम वापस ले लिया था। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी ने यह दर्दनाक फैसला लेने के बाद कहा कि यह एक ऐसी चोट है जो मुझे पहले भी कुछ बार लगी है, और मुझे लगा कि मैं इससे उबर सकती हूं। मैंने अपना पिछला मैच थोड़े दर्द के साथ खेला था, और मैंने सोचा कि शायद अगर मैं आज अपने मैच से पहले खुद को थोड़ा ब्रेक दे दूं, तो मैं इसे संभाल पाऊंगी। लेकिन मैंने वार्म-अप किया, और यह बहुत ज्यादा खराब हो गया। मुझे निश्चित रूप से और टेस्ट करने होंगे, और ज़ाहिर है मुझे लगता है कि प्रेग्नेंसी से वापस आने के बाद, मेरे शरीर में काफी बदलाव आया है। तो यह कुछ ऐसा है जिससे मुझे सच में सावधान रहना होगा। क्वोयुक, जो अभी डब्ल्यूटीए टूर पर नंबर 20 पर हैं, मेलबर्न में भी घायल हो गईं। पहले राउंड में हार के दौरान, एल्सा जैक्वेमोट से तीन सेट में दिल तोड़ने वाली हार के दौरान, यूक्रेन की इस खिलाड़ी के टखने में चोट लग गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित

**दुबई, वार्ता।** अमेरिका के बल्लेबाज आरोन जोन्स को आईसीसी के भ्रष्टाचार निवारण आचार संहिता के पांच उल्लंघन के आरोप में तुरंत प्रभाव से सभी तरह की क्रिकेट खेलने से निलंबित कर दिया गया है और उन्हें इन आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिन का समय दिया हैं। 31 साल के जोन्स टी-20 विश्वकप 2026 से पहले श्रीलंका में एक अभ्यास शिविर में अमेरिका के 18 खिलाड़ियों के ग्रुप का हिस्सा है। अमेरिका ने अभी तक टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम की घोषणा नहीं की है, लेकिन उम्मीद है कि वे अभ्यास शिविर में मौजूद खिलाड़ियों में से 15 को चुनेंगे। जोन्स अब चयन के लिए योग्य नहीं हैं।

### पवन रत्नायके इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल

**कोलंबो, वार्ता।** पवन रत्नायके को दो रात पहले तीसरे वनडे में 115 गेंदों पर 121 रन बनाने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के लिए श्रीलंका की टी-20 टीम में शामिल किया गया है। 23 साल के इस खिलाड़ी ने आखिरी बार नवम्बर में पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 खेला था और वर्ल्ड कप से पहले इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी-20 मैचों के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था। लेकिन उनकी पारी, भले ही हार का कारण बनी, ने एक बार फिर सिलेक्शन के दरवाजे खोल दिए हैं। वर्ल्ड कप को-होस्ट करने से पहले श्रीलंका की आखिरी सीरीज से पहले टीम में कुछ खास खिलाड़ी नहीं हैं। तेज गेंदबाज तुषारा और बैटिंग ऑलराउंडर कामिंडू इस सीरीज में नहीं खेलेंगे, जबकि लेग स्पिनर दुशान को भी बाहर कर दिया गया है। तुषारा पिछले दो सालों से श्रीलंका की टी-20 टीम में लगातार मौजूद थे।

# अल्काराज-ज्वेरेव, सिनर-नोवाक की भिड़ंत आज

● **कार्लोस अल्काराज आज ऑस्ट्रेलियन ओपन में टाइटल की अपनी कोशिश जारी रखेंगे, सिनर का लक्ष्य तीन मेन्स सिंगल जीतने का**

**मेलबर्न, वार्ता।** वर्ष के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन के शुक्रवार को होने वाले पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में विस्फोटक मुकाबले होंगे जिसमें वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज का मुकाबला अलेक्जेंडर ज्वेरेव से( दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना नोवाक जोकोविच से होगा। कार्लोस अल्काराज ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपने पहले सेमीफाइनल में हैं। अल्काराज शुक्रवार को अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की अपनी कोशिश जारी रखेंगे, जब वह हार्ड-कोर्ट मेजर में सेमीफाइनल एक्शन में होंगे। नंबर 1 खिलाड़ी, अल्काराज़ का सामना पिछले साल के फाइनलिस्ट अलेक्जेंडर ज्वेरेव से रॉड लेवर एरिना में होगा। ज्वेरेव के साथ उनकी एटीपी हेड-टू-हेड सीरीज 6-6 से बराबर है। दो बार के डिफेंडिग चैंपियन जैनिक सिनर का सामना दूसरे सेमीफाइनल में रिकॉर्ड 10 बार के टाइटलिस्ट नोवाक जोकोविच से होगा। सिनर का लक्ष्य ऑस्ट्रेलियन ओपन में लगातार तीन मेन्स सिगल्स टाइटल जीतने वाले अकेले पुरुष जोकोविच के साथ जुड़ना है। यह पहली बार है जब 2019 में रौलां गैरो के बाद टॉप चार सीड किसी मेजर के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन में जहां दांव फाइनल में जगह बनाने से कहीं ज्यादा हैं, कार्लोस अल्काराज और अलेक्जेंडर ज्वेरेव सेमीफाइनल में बहुत अलग-अलग माइलस्टोन के साथ टकराएंगे। अल्काराज अपने पहले ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल की तलाश में हैं, जिसके साथ वह करियर ग्रैंड स्लैम पूरा कर लेंगे, जबकि ज्वेरेव - तीन बार के मेजर फाइनलिस्ट और पिछले साल मेलबर्न में रनर-अप - के लिए लंबे समय से इंतज़ार की जा रही पहली स्लैम ट्रॉफी पर दांव लगा है। सेमीफाइनल तक उनके रास्ते इस अंतर को दिखाते हैं। ज्वेरेव का बार-बार टेस्ट हुआ है, उन्होंने पांच में से चार मैचों में एक सेट गंवाया है, जबकि अल्काराज पूरे समय क्लिनिकल रहे हैं, बिना कोई सेट गंवाए अपने लगातार चौथे मेजर सेमीफाइनल में पहुंचे हैं - और मेलबर्न में पहले भी। अल्काराज ने ज्वेरेव के बारे में कहा कि मैंने पूरे टूर्नामेंट में उनके मैच देखे हैं।अब तक वह जिस लेवल पर खेल रहा है, वह शानदार है, इसलिए यह एक शानदार मुकाबला होने वाला है। मुझे पता है कि वह काफी अच्छी सर्व कर रहा है। बेसलाइन से रैलियों में जब भी मौका मिलता है, वह बहुत सॉलिड और अग्रेसिव खेलता है। मैं पक्का तैयार रहूंगा। मैं यहां ऑस्ट्रेलियन ओपन में सेमीफाइनल में उसके साथ खेलने को लेकर एक्साइटेड हूं। मुझे पता है कि मुझे क्या करना है। मैं उस मैच के लिए अच्छी तरह तैयार रहूंगा। अगर उसे मुझे हराना है, तो उसे बहुत पसीना बहाना होगा। अल्काराज की मेलबर्न में एलेक्स डी मिनौर पर क्वार्टर-फाइनल जीत ने उनके बढ़ते कंट्रोल को दिखाया, जिसमें उन्होंने एक कड़े शुरुआती सेट के बाद भारी बॉल स्ट्राइकिंग और डिसिप्लिन्ड अग्रेसन के ज़रिए अपनी इंटेंसिटी बढ़ाई। ए वो क्वालिटीज हैं जिन पर वह ज्वेरेव को फज़िकिल एक्सचेंज में लाने के लिए फिर से

# सोफी बनी ऑल फॉर्मेट कप्तान

**सिडनी, वार्ता।** सोफी मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया की सभी फॉर्मेट की कप्तान के तौर पर एलिसा हीली का फुल-टाइम उत्तराधिकारी घोषित किया गया है और वह भारत के खिलाफ आने वाली मल्टी-फॉर्मेट घरेलू सीरीज के अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में पहली बार टीम की कप्तानी करेंगी। सभी प्रारुपों ताहलिया मैकग्रा उपकप्तान बनी रहेंगी। कप्तानी की एक और दावेदार एश्ले गार्डनर को मैकग्रा के साथ दूसरी उप-कप्तान बनाया गया है। राष्ट्रीय चयनकर्ता शॉन फ्लेगलर ने कहा कि मोलिनक्स कप्तान के तौर पर सही पसंद हैं, हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वह हर मैच नहीं खेलेंगी क्योंकि चोट के इतिहास के कारण उनके वर्कलोड को मैनेज किया जाएगा। फ्लेगलर ने कहा कि हम सोफी के वर्कलोड को मैनेज करना जारी रखेंगे, हाल के सीजन में चोट की चुनौतियों के बाद अहम टूर्नामेंट और बड़ी इंटरनेशनल सीरीज को प्राथमिकता देंगे। ताहलिया मैकग्रा उप कप्तान बनी रहेंगी, जो एलिसा हीली के अंडर उनके अहम लीडरशिप योगदान को दिखाता है। ताहलिया ने सभी फॉर्मेट में 16 बार स्टैंड-इन कप्तान के तौर पर काम किया है, जिससे टीम में निरंतरता और स्थिरता आई है। एश्ले गार्डनर को ताहलिया के साथ उप कप्तान बनाया गया है, जिससे टीम का लीडरशिप ग्रुप मजबूत हुआ है। एश और ताहलिया सोफी को सपोर्ट करने के लिए एक-दूसरे के पूरक स्किल्स देती हैं और जरूरत पड़ने पर दोनों स्टैंड-इन कप्तान के तौर पर टीम की अगुवाई करने में भी सक्षम हैं। ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का कप्तान बनाए जाने पर मोलिनक्स ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई कप्तान बनना मेरे लिए सच में सम्मान की बात है।



● **सोफी मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया की टीम का सभी फॉर्मेट की कप्तान एलिसा हीली का फुल टाइम उत्तराधिकारी घोषित किया गया**

# भारत खिताब का सबसे बड़ा दावेदार: शास्त्री

**नई दिल्ली, वार्ता।** टी-20 विश्व कप 2026 के लिए भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मौजूदा चैंपियन भारत इस बार इतिहास रच सकता है और लगातार दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन सकता है। भारतीय टीम का मौजूदा प्रदर्शन बेहद ज़बरदस्त रहा है। 2024 में टी 20 विश्व कप का खिताब जीतने के बाद से टीम इंडिया ने कोई भी द्विपक्षीय सीरीज या टूर्नामेंट नहीं गंवाया है। आंकड़ों पर नज़र डालें तो भारत का जीत-हार का रिकॉर्ड 32-5 का है, जो किसी भी विरोधी टीम के लिए खतरे की घंटी है। टी 20 रैंकिग में नंबर 1 पर काबिज़ भारतीय टीम के पास इस वक्त दुनिया का सबसे बेहतरीन दल है। टीम में नंबर 1 टी 20 बल्लेबाज़ अभिषेक शर्मा और नंबर 1 टी 20 गेंदबाज़ वरुण चक्रवर्ती शामिल हैं, जो विरोधियों पर भारी पड़ रहे हैं। शास्त्री ने टीम की मजबूती पर बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि डिफेंडिंग चैंपियंस स्पष्ट रूप से जीत के प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेंगे। अगर आप एक-एक खिलाड़ी को देखें, उनकी मौजूदा फॉर्म, मैच फटिनेस और हाल के दिनों में उन्होंने जितना क्रिकेट खेला है, यह सब उन्हें साफ तौर पर फेवरेट बनाता है। खास तौर पर जब आप उनके टॉप ऑर्डर और उनकी मौजूदा फॉर्म को देखते हैं, तो स्थिति और भी मजबूत नजर आती है। टी 20 विश्व कप की तैयारी में 'मेन इन ब्लू' का सफर अब तक लगभग बेदाग रहा है। टीम ने अपनी बादशाहत साबित करते हुए दिसम्बर में 2024 विश्व कप की फाइनलिस्ट टीम साउथ अफ्रीका को 5 मैचों की टी 20 सीरीज़ में 3-1 से हराया था। नए साल में भी भारत का यह विजय रथ रुकने का नाम नहीं ले रहा है। न्यूज़ीलैंड के खिलाफ चल रही मौजूदा पांच मैचों की सीरीज़ में भारत ने 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है। शास्त्री का यह भरोसा टीम के इसी अटूट प्रदर्शन पर आधारित है। शास्त्री का मानना है कि भारतीय चयनकर्ताओं ने टीम में युवा जोश और अनुभव का बिल्कुल सही मिश्रण तैयार किया है, जो टीम को एक और विश्व कप जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि कई खिलाड़ियों पर अतीत का कोई बोझ नहीं है। वे अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और यह उनके लिए अपने स्वाभाविक खेल को खुलकर दिखाने का मौक़ा है। वहीं, दूसरी तरफ आपके पास वेस्टइंडीज़ में पिछला विश्व कप जीतने वाली टीम के खिलाड़ी भी हैं, जो अपने साथ ढेर सारा तजुर्बा लेकर आए हैं। टीम में जसप्रीत बुमराह हैं और हार्दिक पंड्या हैं।



● **कहा: मौजूदा चैंपियन भारत इस बार लगातार दो बार खिताब जीतने वाली पहली टीम बन सकता है**

# मिथुन-अनमोल ने अगले दौर में बनाई जगह

● **मिथुन मंजूनाथ ने सुपर 300 टूर्नामेंट में मुलबर्न के मैग्नस हराया**
● **अनमोल खरब ने हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को दी मात**





**थाईलैंड, वार्ता।** भारत के मिथुन मंजूनाथ ने पुरुष एकल तथा अनमोल खरब ने महिला एकल में थाईलैंड मास्टर्स बैडमिटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली हैं। बुधवार को खेले गए मुकाबले में बैडमिटन रैंकिग में 60वें स्थान पर काबिज 27 वर्षीय मिथुन मंजूनाथ ने सुपर 300 टूर्नामेंट में विश्व नंबर 41 डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन को 21-12, 9-21, 21-17 से हराया जबकि अनमोल खरब ने हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को हराया। मिथुन ने पहले गेम में दबदबा बनाए रखा, लेकिन जोहानसन ने दूसरे गेम में जोरदार वापसी करते हुए मैच को निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरा गेम बेहद रोमांचक रहा, जिसमें मिथुन 16-17 से पीछे चल रहे थे, लेकिन फिर दोनों खिलाड़ी 17-17 से बराबरी पर आ गए। भारतीय बैडमिटन खिलाड़ी ने लगातार चार अंक जीतकर अपने से हाई रैंक वाले प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत दर्ज की। दूसरे दौर में भी मिथुन के सामने कड़ी चुनौती होगी, जहां उनका मुकाबला पेरिस 2024 के कांस्य पदक विजेता मलेशियाई ली जी जिया से होगा। महिला एकल में भी रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जहां रक्षिता रामराज ने थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त सुपनिडा कटेथोंग को तीन गेम तक कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह जीत हासिल करने में सफल नहीं हो सकी और 21-18, 13-21, 14-21 से हार गईं। 51वीं रैंकिग पर काबिज अनमोल खरब ने महिला एकल मुकाबले में विश्व नंबर 66 हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को सीधे गेमों में 21-12, 21-12 से हराया और प्री-क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 33 मिनट तक चले मैच में अनमोल ने शुरू से ही मैच पर अपनी पकड़ बनाए रखी और आसानी से जीत हासिल की। इसके अलावा किरण जॉर्ज ने भी मलेशिया के शोलेह ऐडिल को हराकर 21-15, 21-9 को हराकर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे।

# मैं अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हूं: शिवम

**आईसीसी के मुताबिक शिवम दुबे ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो पुरुष टी-20 में किसी भारतीय की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है जो उन्होंने नंबर-6 पर आने के बाद 65 रन बनाए**



**विजाग, वार्ता।** भारत के ऑलराउंडर शिवम दुबे ने बुधवार को चौथे टी-20 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ भारत की हार में जबरदस्त हाफ सेंचुरी बनाने के बाद कहा कि वह आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) की वेबसाइट के मुताबिक, दुबे ने 15 गेंदों में फिफ्टी लगाई, जो पुरुष टी-20 में किसी भारतीय की तीसरी सबसे तेज फिफ्टी है, उन्होंने नंबर 6 पर आने के बाद 65 रन बनाए, जो ब्लैक कैप्स से 50 रन से हारने के बावजूद मेजबान टीम के लिए सबसे शानदार परफॉर्मेंस थी। खेल के बाद दुबे ने कहा कि मैं अपनी सोच को बेहतर बना रहा हूं क्योंकि मैं अब ए सभी मैच खेल रहा हूं।मैं उन सिचुएशन में बैटिंग कर रहा हूं, इसलिए अब मुझे पता है कि क्या होने वाला है और कौन से बॉलर मुझ पर अटैक कर सकते हैं। यही मेरी बैटिंग और बॉलिंग के लिए भी खास बात है। 32 साल के इस खिलाड़ी ने कहा कि मैच के हालात में मिले अनुभव ने उन्हें अपने काम को बेहतर बनाने में मदद की है। उन्होंने कहा कि जब आप नेट्स में सच में बहुत मेहनत करते हैं तो एक बात होती है, लेकिन आपको इसे मैच में भी इस्तेमाल करना होता है। अनुभव मेरे पास आया है, और यह सही दिशा में जा रहा है। इंडिया के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि टीम कॉम्बिनेशन 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी-20 विश्व कप को ध्यान में रखकर चुना गया था। सूर्यकुमार ने कहा कि हमने आज जानबूझकर छह बैटर खिलाए। हम पांच सही बॉलर चाहते थे और खुद को चैलेंज करना चाहते थे।अगर हम 180 या 200 रन का पीछा कर रहे हैं और हम दो या तीन विकेट खो चुके हैं, तो हम देखना चाहते थे कि यह कैसा दिखता है। हम वर्ल्ड कप टीम के सभी खिलाड़ियों को खेलने का समय भी देना चाहते थे। यह जीत न्यूजीलैंड की पांच मैचों की सीरीज में पहली जीत थी, और कप्तान मिशेल सेंटनर ने कहा कि यह दौरा ग्लोबल इवेंट के लिए आइडियल तैयारी साबित हो रहा है। सेंटनर ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए भारत में भारत के खिलाफ खेलने से बेहतर कोई तैयारी नहीं है। यह हमारे प्लान को सही करने और कप से पहले अपनी भूमिकाएं तय करने के बारे में है। भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच पांचवां और आखिरी टी-20 शनिवार को तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा।

# अनिरुद्ध गुलिया के दम पर हरियाणा थंडर्स अंक तालिका में शीर्ष पर

**नोएडा, वार्ता।** अनिरुद्ध गुलिया ने हेवीवेट वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए हरियाणा थंडर्स को रात की पांचवीं बाउट जीत दिलाई और यूपी डोमिनेटर्स पर 6-3 की जीत सुनिश्चित की। इसके साथ ही हरियाणा थंडर्स ने प्रो रेसलिंग लीग 2026 के लीग चरण में पहला स्थान पक्का कर लिया। इस जीत के साथ हरियाणा ने पांच मुकाबलों में आठ अंकों और कुल 29 बाउट जीत के साथ लीग चरण का समापन करते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। छह बाउट्स के बाद मुकाबला 3-3 की बराबरी पर था, जिसके बाद प्लेयर ऑफ द मैच इरीना कोलियादेंको ने सातवीं बाउट में फॉल से नाटकीय वापसी करते हुए मुकाबले की दिशा निर्णायक रूप से हरियाणा के पक्ष में मोड़ दी। यूपी डोमिनेटर्स, जो लीग चरण में दो जीत, चार अंक और 23 बाउट जीत के साथ चौथे स्थान पर रहे, अब सेमीफाइनल में अपनी किस्मत जानने के लिए पंजाब रॉयल्स और दिल्ली दंगल वॉरियर्स के मुकाबले के नतीजे का इंतजार करेंगे। यूपी डोमिनेटर्स के लिए शानदार प्रदर्शन के चलते तपस्या गहलावत को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। हरियाणा ने शुरुआती दो बाउट्स में बेहद करीबी और दबाव भरी जीत के साथ मजबूत शुरुआत की। 76 किग्रा महिला वर्ग में काजल धोचक ने मानसी लाथर के खिलाफ कड़े मुकाबले में 3-3 की बराबरी के बाद आखिरी अंक के आधार पर जीत दर्ज की। शुरुआती टेकडाउन के जवाब में दूसरे पीरियड में अहम टेकडाउन और पैसिविटी प्वाइंट ने काजल को जीत दिलाई। इसके बाद 57 किग्रा पुरुष वर्ग में अंकुश चंद्रम और राहुल देसवाल के बीच मुकाबला 4-4 से बराबरी पर था, लेकिन आखिरी क्षणों में अंकुश के स्कोरिग सीक्वेंस ने आखिरी अंक के आधार पर हरियाणा की बढ़त को दोगुना कर दिया। 57 किग्रा महिला वर्ग में तपस्या गहलावत के जरिए यूपी डोमिनेटर्स ने जोरदार वापसी की। शुरुआती बराबरी के बाद तपस्या ने पावर मिनट में पूरा नियंत्रण हासिल करते हुए फेज़ 6 में दो निर्णायक



## लक्सर विधायक ने दी शुगर मिल प्रबंधन को चेतावनी

# किसानों को प्रोत्साहन राशि दी जाए : शहजाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने क्षेत्र के गन्ना किसानों की बदहाली को देखते हुए कड़ा रुख अख्तियार किया है। उन्होंने लक्सर शुगर मिल के प्रबंधक एस.पी. सिंह को पत्र लिखकर गन्ना किसानों को पंजाब सरकार की तर्जपर' इंसेंटिव' (प्रोत्साहन राशि) देने की पुरजोर मांग की है।

विधायक हाजी मोहम्मद शहजाद ने शुगर मिल प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि किसानों की आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वह सड़क से सदन तक किसानों की लड़ाई लड़ेंगे वह इस मुद्दे को आगामी विधानसभा सत्र में उठाएंगे।किसानों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताते हुए विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि जनपद हरिद्वार का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह गन्ने की खेती पर आश्रित है। वर्तमान में खाद, बीज, सिंचाई और बढ़ती मजदूरी ने किसानों की लागत को काफी बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा



कि:इस बार गन्ने की पैदावार प्रति बीघा बेहद कम निकल रही है, जिससे किसान कर्ज के बोझ तले दब गया है। निजी कोल्हू 500 प्रति क्विंटल तक का भाव दे रहे हैं, जिससे मिलों को गन्ना आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। पंजाब की तर्ज पर भुगतान की मांग-विधायक ने उदाहरण देते हुए कहा कि पंजाब सरकार गन्ना किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए 425 प्रति क्विंटल का भुगतान कर रही है। विधायक हाजी शहजाद ने मांग की कि लक्सर शुगर मिल भी किसानों का मनोबल बढ़ाने के लिए गन्ना मूल्य के साथ 65 प्रति क्विंटल से अधिक की प्रोत्साहन राशि इंसेंटिव जोड़कर किसानों को 470 से 500 प्रति क्विंटल का भुगतान सुनिश्चित करे । आपूर्ति सुचारू रखने का सुझाव पत्र में विधायक ने तर्क दिया कि यदि किसानों को सही प्रोत्साहन राशि मिलेगी, तो वे आर्थिक मंदी से उबर सकेंगे और पेराई सत्र के दौरान शुगर मिल को गन्ने की आपूर्ति भी सुचारू रूप से होती रहेगी। उन्होंने मिल प्रबंधक को चेतावनी भरे लहजे में कहा कि किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जरूरत पड़ने वह सड़क से सदन तक किसानों की लड़ाई लड़ेंगे और सदन में सरकार से जवाब मांगेंगे।

❖अगर गन्ना किसानों को इंसेंटिव नहीं दी गई, तो सड़क से सदन तक उठाएंगे किसानों की आवाज

❖पंजाब सरकार की तर्ज पर किसानों को बढ़ाकर दिया जाए गन्ने का दाम

# रंजिश के चलते दो पक्षों में चले हथियार, तीन गम्भीर, हायर सेंटर रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** थाना क्षेत्र के सोहलपुर सिकरौढ़ा गांव में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। गाली-गलौज के बाद लाठी-डंडों, पंच और धारदार हथियारों से की गई मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां से एक घायल की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बुधवार को सोहलपुर सिकरौढ़ा गांव निवासी मेहरबान अपने परिवार के साथ घर पर था।इसी दौरान गांव के ही चार युवक लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। जब घर की महिलाओं ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में मेहरबान, साहिल और साहना घायल हो गए। आरोप है कि हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा, जहां एक की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को अस्पताल भिजवाया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खानपुर में उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की नई शाखा का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खानपुर।** उत्तराखंड ग्रामीण बैंक ने बैंकिंग सेवाओं का विस्तार करते हुए बृहस्पतिवार को खानपुर में अपनी नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया। बैंक के अध्यक्ष हरि हर पटनायक और क्षेत्रीय प्रबंधक उमानाथ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। यह शाखा उत्तराखंड ग्रामीण बैंक की 297वीं और हरिद्वार जिले की 39वीं शाखा है।विकास की नई दिशा: सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचउद्घाटन के दौरान अध्यक्ष हरि हर पटनायक ने कहा कि उत्तराखंड ग्रामीण बैंक राज्य के लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने इसे खानपुर के लिए एक विशेष उपलब्धि बताया, क्योंकि हरिद्वार के इस सुदूर 93वें विकासखंड में बैंक की स्थापना से स्थानीय निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

रोजगार और कृषि के लिए वित्तीय सहायता-क्षेत्रीय प्रबंधक उमानाथ ने बैंक की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि:ऋण सुविधा: बैंक स्थानीय स्तर पर कृषि, पशुपालन, एमएसएमई (डैडम) और युवाओं के लिए स्टार्टअप हेतु लोन की सुविधा प्रदान करता है।डिजिटल बैंकिंग: बैंक अब पूरी तरह डिजिटल हो चुका है, जिससे लेनदेन सुगम हो गया है।सस्ता बीमा: मात्र 20 रुपये के प्रीमियम पर 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। पिछले वर्ष बैंक ने बीमा दावों के तहत 6 करोड़ रुपये की राशि वितरित की है। शाखा प्रबंधक केपी सिंह ने विश्वास दिलाया कि बैंक अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के माध्यम से खानपुर के लोगों के बीच अपनी पहचान बनाएगा। उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक बैंकिंग सेवाओं का लाभ पहुँचाना है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्यइस अवसर पर ओमकार (चेयरमैन), प्रीतम सिंह, राजकुमार भाटी, मांगेराम चौधरी, मदन सिंह शास्त्री, करम सिंह, विशाल चौधरी, राहुल भाटी, रणवीर सिंह, अनुज चौधरी, परविंदर भाटी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लोन दिलाने के नाम पर कंपनी मालिक पर लाखों की ठगी का आरोप

# भीम आर्मी प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में पीड़ितों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बे में स्थित एक कंपनी मालिक द्वारा धोखाधड़ी कर सैकड़ो लोगों से लोन कराने के नाम पर प्रति व्यक्ति ढाई हजार रुपए इकट्ठे कर लाखों रुपए लेकर फरार हो गया ।गुरुवार को कुछ पीड़ित लोगों द्वारा थाने में तहरीर देकर कंपनी मालिक से रुपए वापस दिलाने की मांग की है।

कस्बा निवासी सोनिया सुनीता व ग्राम हरचंदपुर निवासी शरबती देवी ज्वालापुर निवासी दिया देवी मयंक व दीपक आदि ने थाने में तहरीर देकर बताया कि कस्बे में डालसन मुथल बेनिफिट निधि लिमिटेड के नाम से विनीत कुमार पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम ध तिमान मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त कंपनी खोल रखी है ।उक्त कंपनी में लगभग पांच कर्मचारी भी कार्यरत है ।आरोप है कि उक्त कंपनी मालिक द्वारा 1500 लोगों से लोन देने का वादा कर प्रति व्यक्ति 2500 रुपए कंपनी में जमा कराए गए थे। किसी को भी लोन का घ। अभी नहीं मिल पाया है। कंपनी मालिक दो माह से फरार है। कंपनी में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ करने पर उनका कहना है कि उन्हें भी दो महीने का वेतन नहीं मिल पाया



है। भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष महक सिंह तथा प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कुमार पाटिल के नेतृत्व में दर्ज नो पीड़ित लोग थाने में आए तथा पुलिस से कंपनी में जमा कराए गए रुपए वापस दिलाने की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी।

❖सैकड़ों लोगों ने लोन के नाम पर प्रति व्यक्ति से ढाई हजार रुपए लेने का लगाया आरोप

# जल संस्थान गंगा की चैंपियन टीम का एसई ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जल संस्थान गंगा और जल संस्थान पंतद्वीप के एक दिवसीय मैच में जल संस्थान गंगा विजई रहा जिसमें मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता राजीव सैनी रहे। मैच बड़ा रोमांचक रहा जिसमें जल संस्थान गंगा के खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा से विजय प्राप्त की मुख्य अतिथि राजीव सैनी ने सभी विजई खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा इस प्रकार के आयोजन होने से सरकारी कार्मिकों की फिटनेस अच्छा होता हैं और उनका मानसिक दबाव कम होता हैं इस प्रकार का आयोजन होते रहने चाहिए जिससे खेल भावनाओं में वृद्धि हो और देश का विकास हो देश और राज्य का विकास तब होगा जब हमारे कर्मचारी अधिकारी फिट होगा तो बेहतर कार्यसंस्कृति होगी इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात कर प्रत्येक वर्ष जल संस्थान खेल महोत्सव आयोजित कराया जाएगा उन्होंने कोच इरफान पठान की तारीफ की और कप्तान अतुल नेगी कप्तान को शुभकामनाएं दी अधिशाषी अभियंता हरीश बंसल ने कोच इरफान पठान और कप्तान अतुल नेगी की दुरदर्शिता की सराहना करते हुए कहा वो जनपद में सभी राजकीय विभागों की संयुक्त प्रतियोगिता फरवरी में आयोजित कराएंगे जिससे अधिकारियों कर्मचारियों की फिटनेस बेहतर बने और वो तनावमुक्त होकर राज्य की सेवा करे इस अवसर पर प्रताप सुमित हिमांशु राम सिंह नैथानी अजय सैनी मुकेश सक्सेना तरुण हरि मोहन कमल सैनी अभिषेक पाटीदार रामकुमार ठेकदार प्रदीप चौहान ठेकदारों डॉक्टर एम इ समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बहुद्देशीय शिविर में अधिकारियों ने सुनीं जनसमस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में अपर उप जिलाधिकारी रुड़की अनिल कुमार शर्मा की अध्यक्षता में विकास खंड रूड़की के न्याय पंचायत बेलडा के पंचायत घर बेलडा में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 721 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 2136 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 45 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश जारी कर दिए गए।

इस अवसर पर अपर उप जिलाधिकारी रुड़की अनिल कुमार शर्मा ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए और जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस अवसर पर ग्राम खंड विकास अधिकारी



सुमन कोठियाल सहित समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

**विकास खण्ड भगवानपुर**-जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में उप जिलाधिकारी भगवानपुर देवेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में विकास खंड भगवानपुर के न्याय पंचायत चुड़ियाला मोहनपुर सीएमडी इंटर कॉलेज चुड़ियाला मोहनपुर में जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनों से 1525 क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया तथा विभिन्न विभागों के माध्यम से 375 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र निर्गत किए गए,इस शिविर में 1975 लोगों द्वारा किया गया प्रतिभाग। आयोजित शिविर ने क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित 79 समस्याएं दर्ज कराई गई,जिसमें 56 समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया,शेष समस्याओं को त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

# पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** न्यायालय द्वारा जारी वारण्टों की तामील कर अभियुक्त गण के विरुद्ध गंगनहर पुलिस की निरन्तर प्रभावी कार्यवाही मैं एक वारण्टी को धर दबोचा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देश पर वारन्टियो की शत प्रतिशत तामील व वारन्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस की टीम द्वारा फरार चल रहे वारंटी को मुखबिर खास की सूचना पर रघुनाथ प्लॉट से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा वारण्टी का नाम अनुज कुमार पुत्र ईश्वर चंद निवासी 182 पश्चिम अमर तलाब कोतवाली गंगनहर जिला हरिद्वार है।

# निगम कर्मचारी के सरकारी आवास में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाइंस कोतवाली स्थित गांधी वाटिका सरकारी कॉलोनी में नगर निगम रुड़की कार्यालय अधीक्षक मोहम्मद कयूम के सरकारी आवास में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया।

मोहम्मद कयूम ने बताया कि वह किसी आवश्यक कार्य से घर से बाहर गए हुए थे। जब वह वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि घर के दरवाजों के ताले टूटे हुए थे और घर के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था। घटना की सूचना उन्होंने तत्काल पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच-पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय ने बताया कि अभी तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 112 पर मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली रही है तथा स्थानीय लोगों से पूछताछ भी की गई है।

जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। वहीं मोहम्मद कयूम ने बताया कि चोर उनके घर से कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं घरेलू उपयोग की आवश्यक वस्तुएं चोरी कर ले गए हैं।

उन्होंने कहा कि दिनदहाड़े सरकारी कॉलोनी में, वह भी कोतवाली के पीछे चोरी की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

## संबंध विच्छेद-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र मनिल शर्मा व उसकी पत्नी पारुल शर्मा का आचरण हमारे व हमारे परिवार के प्रति ठीक ना होने के कारण हमने मनिल शर्मा व पारुल शर्मा को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध-विच्छेद कर लिया है। आज के बाद उक्त दोने के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। श्रीमती रमा शर्मा पत्नी गिरीश कुमार व गिरीश कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार निवासीगण म. नं. 1601 प्रीत विहार कॉलोनी गणेशपुर रुड़की, हरिद्वार।

# दुकानदार पर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मंगलौर।** कस्बा मंगलौर में एक दुकानदार पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली मंगलौर क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके पिता पर अरुण कश्यप पुत्र कन्नू कश्यप निवासी मोहल्ला मानक चौक, मंगलौर ने जान से मारने की नीयत से गले पर चाकू से वार किया। गंभीर हमले के बाद पीड़ित को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। निर्देशों के अनुपालन में पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी अरुण कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया।

# नगर निगम में अनदेखी से आहत भाजपा नेता घनश्याम सैनी

**रुड़की।** नगर निगम के वार्ड संख्या 22 के पार्षद प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता घनश्याम सैनी ने अपनी ही सरकार और नगर निगम की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं। घनश्याम सैनी भाजपा के वरिष्ठ नेता रहे हैं और पूर्व में पार्टी के महत्वपूर्ण पदों पर भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी अलका सैनी ने भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ा और जीत भी दर्ज की, इसके बावजूद वार्ड में विकास कार्यों का न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति तब है, जब प्रदेश, नगर निगम और वार्डख़तीनों स्तरों पर भाजपा से जुड़े जनप्रतिनिधि मौजूद हैं। घनश्याम सैनी ने कहा कि वे बीते कई वर्षों से वार्ड की समस्याओं को लेकर लगातार नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन आज तक क्षेत्र की समस्याओं पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। वार्ड की जनता रोजाना टूटी सड़कों, क्षतिग्रस्त नालियों और जलभराव जैसी समस्याओं को लेकर उनसे शिकायत करती है, लेकिन नगर निगम के अधिकारी और जनप्रतिनिधि उनकी बात सुनने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कई बार नगर निगम के उच्च अधिकारियों, निर्माण विभाग तथा महापौर को लिखित रूप में समस्याओं से अवगत कराया जा चुका है। कई विकास कार्यों के लिए प्रस्ताव भी तैयार किए गए, लेकिन धरातल पर कोई कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। पार्षद प्रतिनिधि ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब भाजपा की सरकार में भी जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, तो यह व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि यदि शीघ्र ही वार्ड संख्या 22 की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो वे जनता के हित में आगे कड़े कदम उठाने को विवश होंगे।

## पिरान कलियर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेलड़ा में लगा

# निशुल्क स्वास्थ्य व रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** क्षेत्र के ग्राम बेलडा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड रोमा सैनी के नेतृत्व में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा उत्तराखंड रोमा सैनी एवं खंड विकास अधिकारी रुड़की सुमन कुटियाल दत्त द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर रोमा सैनी ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा रक्तदान को प्रोत्साहित करना है। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्त जांच, नेत्र जांच, महिलाओं से संबंधित रोगों की जांच एवं परामर्श के साथ-साथ रक्तदान की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में जया मैक्सवेल सुपर स्पेशलिटी अस्पताल, बहादराबाद की डॉक्टर नेहा ने प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात देखभाल की जानकारी दी, जबकि डॉक्टर आमिर ने कुपोषण एवं एनीमिया विषय पर विस्तार से मार्गदर्शन किया। शिविर का लाभ कुल 585 ग्रामीणों ने उठाया तथा 36 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रिया, डॉक्टर नेहा, डॉक्टर आमिर, डॉक्टर



कुलदीप, डॉक्टर राधा, डॉक्टर सना सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम में समाज कल्याण अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल, सुशील त्यागी, प्रमोद चौधरी, शिव कुमार, सतेंद्र, अरविंद, ग्राम प्रधान सचिन कुमार, गीता, रजिंद्र कौर, कविता, शबाना सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड पुलिस द्वारा 36वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रुड़की में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रुड़की में तैनात यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारी विभिन्न चौक-चौराहों पर यातायात नियमों के पालन को लेकर निरंतर कार्रवाई करते हुए आमजन और वाहन चालकों को जागरूक कर रहे हैं।

इसी क्रम में रुड़की के रामनगर चौक पर तैनात यातायात उप निरीक्षक मनोज कुमार ने उप कारागार के बाहर स्थित टेंपो एवं मिनी ट्रक स्टैंड पर पहुंचकर वाहन चालकों को यातायात सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकना अत्यंत आवश्यक है और इसके लिए हम सभी को सामूहिक रूप से अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

यातायात उप निरीक्षक मनोज कुमार ने वाहन चालकों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी चालक अपने वाहन में ओवरलोडिंग न करें तथा वाहन की बॉडी से बाहर किसी भी प्रकार का सामान न लादें। उन्होंने विशेष रूप से रात्रि के समय एवं कोहरे की स्थिति में रिफ्लेक्टर तथा पीली लाइट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने की अपील की, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक



अपने वाहनों की फिटनेस समय-समय पर परिवहन विभाग से अवश्य कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध संबंधित धाराओं के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की जाएगी।यह जागरूकता अभियान रामनगर चौक, रामपुर चुंगी, वैशाली टॉकीज तथा रामपुर चुंगी क्षेत्र के सभी टेंपो एवं मिनी ट्रक स्टैंडों पर चलाया गया।

**सम्पादकीय**

शुक्रवार, 30 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# सुप्रीम रोक

गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के बनाए नए नियमों पर रोक लगा दी। 13 जनवरी 2026 को यूजीसी ने नए नियम नॉटिफाई किए थे। इन नियमों ने 2012 के रेगुलेशन की जगह ली थी। इन नए नियमों को लेकर देशभर में उबाल पैदा हो गया है। सामान्य वर्ग के छात्र व लोग इसको भेदभावपूर्ण मानते हैं। उनका मानना है कि इससे अगड़ी जाति के लोग बुरी तरह प्रभावित होंगे। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ इन नियमों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली तीन रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। ये याचिकाएं मृत्युंजय तिवारी, एडवोकेट विनीत जिंदल और रायल दीवान ने दायर की है। पीठ ने केंद्र सरकार और यूजीसी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। इसका जवाब 19 मार्च तक देना है। पीठ ने यह भी आदेश दिया कि 2012 के पहले के नियम रहेंगे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि छात्रों को बिना किसी शिकायत निवारण तंत्र के न छोड़ा जाए। सबसे बड़ी बात पीठ ने मौखिक रूप से ही कई नियमों पर चिंता जताई और कहा कि इसके प्रावधान अस्पष्ट हैं और उनके दुरुपयोग की संभावना है। पीठ ने यहां तक कहा कि ये नए नियम एकता को बढ़ावा देने के बजाए छात्रों को जाति के आधार पर विभाजित कर सकते हैं। पीठ ने अपनी तरफ से सुझाव भी दिया कि नियमों पर एक समिति द्वारा इस पर फिर से विचार करे जो सामाजिक वास्तविकताओं को समझते हों। हालांकि कोर्ट ने साफ किया कि वह तुरंत अंतरिम आदेश पारित करने के पक्ष में नहीं है। वह केवल विशेषज्ञ से इस पर पूरा विचार चाहते हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत का कहना था कि ऐसी समिति होनी चाहिए जिसमें प्रतिष्ठित न्यायविद हों, ऐसे लोग हों जिससे समाज जूझ रहा है उसे समझते हों। वहीं न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची ने भी इस बात पर जोर दिया कि विविधता में एकता शिक्षण संस्थानों में झलकनी चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि अगर 2012 के रेगुलेशन में व्यापक और समावेशी दृष्टिकोण था तो अब इसे प्रतिगामी क्यों होना चाहिए। असल में जनवरी 2026 के नियम रोहित वेमुला और पायल तड़वी की मां राधिका वेमुला और अबेदा सलीम तड़वी द्वारा 2019 में दायर एक जनहित याचिका के बाद बनाए गए थे। जिनकी अपने विश्वविद्यालयों में जाति आधारित भेदभाव का सामना करने के बाद आत्महत्या कर ली थी। तब उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार से कैंपस में भेदभाव से निपटने के लिए एक मजबूत और प्रभावी सिस्टम बनाने के लिए कहा था। सुप्रीम कोर्ट का रुख बताता है कि यूजीसी ने नियम बनाते समय व्यवहारिकता से काम नहीं लिया। विश्वविद्यालयों व अन्य संस्थानों में कोई भेदभाव न हो, यह हर कोई देखना चाहता है, लेकिन एक के साथ भेदभाव को दूर करने में अगर दूसरा वर्ग पीड़ित महसूस करता है, तो उसको भी देखना चाहिए।

## सनातन आस्था पर सीधा हमला




काशी बाबा विश्वनाथ की है, किसी सरकार की जागीर नहीं, निर्माण के नाम पर मणिकर्णिका घाट पर प्राचीन शिव. लिंगों, पौराणिक धरोहरों और लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त किया गया, जो सनातन आस्था पर सीधा हमला है, उनके एक्स हैंडल से साझा किए गए वीडियो और तथ्य मौके पर मौजूद लोगों के बयान व प्रत्यक्ष साक्ष्यों पर आधारित हैं, मणिकर्णिका घाट, जिसे मोक्ष की भूमि माना जाता है, वहां विरासत स्वरूप संरक्षित संरचनाओं को तोड़ना किसी भी सूरत में विकास नहीं कहा जा सकता, तोड़फोड़ करने वालों पर कार्रवाई नहीं होती, सच्चाई सामने लाने वालों पर एफआईआर दर्ज कर दी जाती है, यदि सच दिखाना अपराध है, तो वे यह अपराध बार-बार करेंगे। **-संजय सिंह, आम आदमी पार्टी नेता**

# गांधी जी के किस्से, जो हमें बनाते हैं बेहतर इंसान

**बलिदान दिवस पर विशेष**





**श्वेता गोयल**

आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि है, जिनकी 30 जनवरी 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को प्रतिवर्ष 'बलिदान दिवस' के रूप में मनाया जाता है। पूरी दुनिया को अहिंसा का पाठ पढ़ाने वाले गांधी जी पहले ऐसे इंसान थे, जिनके सम्पूर्ण जीवन ने विश्वभर में अनेक लोगों की जिंदगी पर गहरा प्रभाव डाला। महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के साथ साधनों की पवित्रता जैसी जीवनोपयोगी व्यावहारिक बातों की ओर समूची दुनिया का ध्यान आकर्षित किया। उनकी जिंदगी पर कई फिल्में और डॉक्यूमेंट्री बन चुकी हैं तथा कई किताबें भी लिखी गई हैं। सही मायनों में गांधी जी के आदर्शों और सिद्धांतों की वजह से वे आज भी करोड़ों लोगों के दिलों में बसते हैं। उनका कहना था कि स्वयं वो बदलाव बनिए, जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं। महात्मा गांधी के शब्दों में 'अधभूखे राष्ट्र के पास न कोई धर्म, न कोई कला और न ही कोई संगठन हो सकता है और काम की अधिकता नहीं बल्कि अनियमितता आदमी को मार डालती है।' अहिंसा को एक विज्ञान बताते हुए गांधी जी का कहना था कि विज्ञान के शब्दकोश में 'असफलता' का कोई स्थान नहीं और उस आस्था का कोई मूल्य नहीं, जिसे आचरण में न लाया जा सके। उनका कहना था कि रामायण का पाठ करते रहना व्यर्थ है, यदि आप राम जैसा आचरण नहीं करते।

महात्मा गांधी की ईमानदारी, स्पष्टवादिता, सत्यनिष्ठा और शिष्टता के अनेक किस्से प्रचलित हैं, जिनसे उनके महान् व्यक्तित्व की स्पष्ट झलक मिलती है। ऐसी ही एक घटना दक्षिण अफीका की है। एक प्रसिद्ध व्यापारी रूस्तम जी गांधी जी के मुवक्किल और निकटतम सहयोगी भी थे। वे अपने सभी कार्य अक्सर गांधी जी की सलाह के अनुसार ही किया करते थे। कलकत्ता और बम्बई से तब उनका काफी सामान आता था, जिस पर वे चुंगी चुराया करते थे। उन्होंने यह बात सदैव गांधी जी से छिपाए रखी। एक बार चुंगी अधिकारियों द्वारा उनकी यह चोरी पकड़ ली गई और उनके जेल जाने की नौबत आ गई। वे दौड़े-दौड़े गांधी जी के पास पहुंचे और पूरा वृतांत उन्हें सुना डाला। गांधी जी ने उनकी पूरी बात गौर से सुनने के बाद उन्हें उनके अपराध के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए सलाह दी कि तुम सीधे चुंगी अधिकारियों के पास जाकर अपना अपराध स्वयं स्वीकार कर लो, फिर भले ही इससे तुम्हें जेल क्यों न हो जाए। गांधी जी की सलाह मानकर रूस्तम जी तुरंत चुंगी अधिकारियों के पास पहुंचे और अपना अपराध स्वीकार कर लिया। चुंगी अधिकारी उनकी स्पष्टवादिता से प्रसन्न हुए और उन्होंने उन पर मुकद्दमा चलाने का विचार त्यागकर उनसे चुंगी की बकाया राशि से दोगुनी राशि वसूलकर उन्हें छोड़ दिया। गांधी जी एक बार चम्पारण से बतिया रेलगाड़ी में सफर कर रहे थे। गाड़ी में अधिक भीड़ न होने के कारण वे तीसरे दर्जे के डिब्बे में जाकर एक बर्थ पर लेट गए। अगले स्टेशन पर जब रेलगाड़ी रूकी तो एक किसान उस डिब्बे में चढ़ा। उसने बर्थ पर लेटे हुए गांधी जी को अपशब्द बोलते हुए कहा, 'यहां से खड़े हो जाओ। बर्थ पर ऐसे पसरे पड़े हो, जैसे यह रेलगाड़ी तुम्हारे बाप की है।' गांधी जी किसान को बिना कुछ कहे चुपचाप उठकर एक ओर बैठ गए। तभी किसान बर्थ पर आराम से बैठते हुए मस्ती में गाने लगा, 'धन-धन गांधी जी महाराज! दु:खियों का दु:ख मिटाने वाले गांधी जी।' रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया। एक घटना उस समय की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं, इसलिए वो उनको दिखाने के लिए कुछ न कुछ काम करते रहें लेकिन गांधी जी ने ऐसा करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा कि इससे तो बेहतर होगा कि मुझे ऐसे स्थान पर काम करने के लिए भेजा जाए, जहां काम इतना अधिक काम हो कि उसे समय से पहले पूरा किया ही न जा सके। अहिंसा के पुजारी गांधी जी सदैव कहा करते थे कि अपनी बुराई हमेशा सुनें, अपनी तारीफ कभी न सुनें। दरअसल उनका मानना था कि इंसान को अपनी तारीफ से ज्यादा बुराई सुननी चाहिए। गांधी जी का मानना था कि मनुष्य जब एक नियम तोड़ता है तो बाकी अपने आप टूट जाते हैं। वह अक्सर कहा करते थे कि जिस दिन प्रेम की शक्ति, शक्ति के प्रति प्रेम पर हावी हो जाएगी, दुनिया में अमन आ जाएगा। गांधी जी के तीन बंद. रों का संदेश 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, बुरा मत कहो' आज भी प्रेरणा का स्रोत है। यह उनकी विचारधारा का प्रतीक है कि जीवन में हमें केवल सकारात्मकता को आत्मसात करना चाहिए।

**रोचक बात यह थी कि वह किसान कहीं और नहीं बल्कि बतिया में गांधी जी के दर्शनों के लिए ही जा रहा था लेकिन इससे पहले उसने गांधी जी को कभी देखा नहीं था, इसलिए रेलगाड़ी में उन्हें पहचान नहीं सका। बतिया पहुंचने पर स्टेशन पर जब हजारों लोगों की भीड़ ने गांधी जी का स्वागत किया, तब उस किसान को वास्तविकता का अहसास हुआ और शर्म के मारे उसकी नजरें झुक गई। वह गांधी जी के चरणों में गिरकर उनसे क्षमायाचना करने लगा। गांधी जी ने उसे उठाकर प्रेमपूर्वक अपने गले से लगा लिया। एक घटना उस समय की है, जब गांधी जी सश्रम कारावास की सजा भुगत रहे थे। एक दिन जब उनके हिस्से का सारा काम समाप्त हो गया तो वे खाली समय में एक ओर बैठकर एक पुस्तक पढ़ने लगे। तभी जेल का एक संतरी दौड़ा-दौड़ा उनके पास आया और उनसे कहने लगा कि जेलर साहब जेल का मुआयना करने इसी ओर आ रहे हैं।**

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# नोएडा में युवा टेकी की मौत: किसकी जिम्मेदारी



**रजनीश कपूर**

नोएडा, जो उत्तर प्रदेश का एक प्रमुख औद्योगिक और आईटी हब है, हाल ही में एक दुखद घटना से सुर्खियों में आया। 17 जनवरी 2026 को, 27 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत हो गई।मौत का कारण उनकी कार का एक निर्माण स्थल पर पानी से भरे ग्ने में गिर जाना। यह घटना युवराज के परिवार के लिए न केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही और आपदा प्रबंधन की विफलता का जीता-जागता उदाहरण भी है। नोएडा के जिला प्रशासन और विभिन्न आपदा लड़ने वाली एजेंसियां इस मौत के लिए उतनी ही जिम्मेदार हैं, जितना कि बिल्डर। मामला अब एक विशेष जांच टीम द्धएसआईटीञ्च के बीच जूझ रहा है। सवाल है कि ऐसे मामलों में अदालतों को क्या करना चाहिए जिससे कि एक मिसाल कायम हो।

युवराज मेहता गुड़गांव से लौट रहे थे, जब बारिश और कोहरे के कारण सेक्टर 150, में एक निर्माण स्थल पर उनकी कार 20 फीट गहरे पानी भरे ग्ने में गिर गई। यह ग्ना एक व्यावसायिक परियोजना के बेसमेंट के लिए खोदा गया था, लेकिन बारिश के पानी से भर गया था। कोई बैरिकेडिंग नहीं थी, रोशनी अपर्याप्त थी जिस कारण उनकी कार सीधा पानी में जा गिरी। युवराज के पिता के अनुसार उनका बेटा दो घंटे तक संघर्ष करता रहा, लेकिन बचाव टीम की लापरवाही के कारण उसे बचाया नहीं जा सका। यह घटना कोई दुर्घटना नहीं, बल्कि सिस्टेमेटिक फेलियर का नतीजा है। अब सवाल यह है कि जिला प्रशासन की भूमिका क्या है? नोएडा अथॉरिटी, जो शहर की योजना और विकास के लिए जिम्मेदार है, ने निर्माण स्थल की निगरानी में घोर लापरवाही बरती। खाली जमीनों पर निर्माण कार्य की अनुमति देते समय, अथॉरिटी को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना चाहिए। लेकिन यहां, गड्ढा खोदने के बाद कोई सुरक्षा उपाय नहीं किए गए। बारिश के मौसम में पानी भरने की संभावना स्पष्ट थी, फिर भी कोई निरीक्षण नहीं हुआ। क्या अथॉरिटी के अधिकारियों को पहले से शिकायतें नहीं मिली थीं? स्थानीय निवासियों ने कई बार जलभराव और असुरक्षित साइटों की शिकायत की, लेकिन उन्हें नजरअंदाज किया गया। क्या यही लापरवाही सीधे तौर पर मौत का कारण बनी? इसके अलावा, आपदा लड़ने वाली एजेंसियां जैसे फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनडीआरएफ की प्रतिक्रिया अप्रभावी थी। घटना के बाद दो घंटे तक युवराज संघर्ष करते रहे, लेकिन बचाव अभियान में देरी हुई। कोई उचित उपकरण नहीं थे और समन्वय की कमी थी। क्या ए एजेंसियां आपदा प्रबंधन के लिए तैयार नहीं थीं? नोएडा जैसे शहर में, जहां भारी बारिश आम है, ड्रेनेज सिस्टम और आपातकालीन प्रतिक्रिया को मजबूत होना चाहिए। लेकिन यहां, रोड सेफ्टी, ड्रेनेज और डिजास्टर रिस्पॉन्स सभी विफल हो गए। एसआईटी की प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि यह कोई फीक एक्सीडेंट नहीं, बल्कि मल्टीपल सिस्टम फेलियर था। जिला प्रशासन ने इन एजेंसियों की निगरानी नहीं की, जिससे वे लापरवाह बनी रहीं। गौरतलब है कि केवल बिल्डर को ही दंडित क्यों किया जा रहा है? पुलिस ने लोटस ग्रीन्स और एमजेड विजटाउन प्लानर्स के डायरेक्टर्स अभय कुमार, रवि बंसल और सचिन कर्णवाल को गिरफ्तार किया है। उन पर आईपीसी की धारा 105 (गैर-इरादतन हत्या), 106 (लापरवाही से मौत) और 125 द्धजीवन खतरे में डालनाञ्च के तहत आरोप लगे हैं। एक अलग एफआईआर में पर्यावरण उल्लंघन के लिए भी मामला दर्ज हुआ है। निश्चित रूप से, बिल्डर ने साइट को फेंस नहीं किया, जो उनकी जिम्मेदारी थी। लेकिन क्या प्रशासन निर्दोष है? नोएडा अथॉरिटी के अधिकारियों ने निर्माण अनुम. ति दी, लेकिन नियमित निरीक्षण नहीं किया। खाली जमीन की स्थिति को जानते हुए भी, उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। क्या ए अधिकारी भी लाप. रवाही के दोषी नहीं? केवल बिल्डर को निशाना बनाना एक आसान तरीका है, लेकिन असली समस्या प्रशासनिक विफलता है। अगर अधिकारी जिम्मेदार नहीं ठहराए गए, तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाएंगी। जानकारों की मानें तो, खाली जमीन की स्थिति को नजरअंदाज करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी स्पष्ट है। नोएडा में कई निर्माण साइटें हैं, जहां गड्ढे खुले छोड़ दिए जाते हैं। अथॉरिटी को इनकी मॉनिटरिंग करनी चाहिए, लेकिन भ्रष्टाचार और लापरवाही के कारण ऐसा नहीं होता। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भी पर्यावरणीय उल्लंघनों पर ध्यान दिया है। क्या अथॉरिटी के सीईओ को हटाना पर्याप्त है? नहीं, व्यक्तिगत जवाबदेही तय होनी चाहिए। अधिका. रियों पर भी एफआईआर दर्ज होनी चाहिए, क्योंकि उन्होंने सुरक्षा मानकों को लागू नहीं किया। यह मौत केवल बिल्डर की गलती नहीं, बल्कि प्रशासन की मिलीभगत का नतीजा है। कोर्ट चाहें तो इस मामले में कोर्ट के पास एक मिसाल कायम करने का अवसर है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाचन करना है दुरुस्त, तो आटे से चोकर न करें अलग

चोकर पाचन के लिए औषधीय गुणों का खजाना है। इसमें कई विटमिन और पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो घातक बीमारी कैंसर, आंतों की समस्या, आमाश्य के घाव, क्षय रोग, हृदय-रोग आदि अने. कों बीमारियों से सुरक्षा करने में सहायक है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार गेहूं के चोकर में औषधीय गुण भरपूर होते हैं। चोकर निकाले हुए आटे की रोटियां स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। बाजार से पिसा हुआ बारीक मैदे की तरह आटे की रोटी खाना जितना सुस्वादिष्ट है, उतना ही आसान शरीर में रोगों का प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करना। गेहूं में मौजूद फाइबर आंतों की सफाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इलाहाबाद के नैनी स्थित आरोग्य आश्रम एवं आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान के आयुर्वेदाचार्य डा. नरेन्द्रनाथ केसरवानी ने बताया कि चोकर में अनेक विटमिन और पौष्टिक तत्व होते हैं, जो शरीर के लिए लाभदायक होते हैं। इसके सेवन से आंतों में मरोड़ पैदा नहीं होती।

उन्होंने बताया कि यह कैंसर, मधुमेह, आंत, आमाश्य, क्षय, हृदय-रोग, बैड कोलेस्टेरॉल, किडनी, लीवर, गठिया, आदि रोगों से रक्षा करता है। गेहूं का चोकर खाने वालों को एपेंडिसाइटिस, आंतो की बीमारी, अर्श (पाइल्स) भगंदर, बृहदान्त्र, एवं मलाश्य का कैंसर का खतरा न के बराबर रहता है। डा. केसरवानी ने बताया कि चोकर मधुमेह निवारण में भी सहायक होता है। इसके सेवन से दिल-दिमाग स्वस्थ रहता है, क्योंकि चोकर से पेट साफ़ हो जाता है। चोकर क्षारधर्मी होने के कारण रक्त में रोगों से लड़ने की ताकत बढ़ाता है और मोटापा घटाने के लिए निरापद औषधि है। पाचनतंत्र चोकर से स्वस्थ रहता है। कब्ज दूर करने और सहज लाभदायक है। इसके सेवन से पाचन संबंधी सभी गड़बड़ियों से निजात मिलती है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद को यदि पैथोलाजी से जोड़कर उपचार किया जाए तो इसका शत प्रतिशत सकारात्मक परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के अनुसंधान संस्थान को विकसित करने की आवश्यकता है। अनुसंधान के लिए नए केन्द्र खोले जाए। देशी और पाश्चात्य चिकित्सा पर मिलकर काम किया जाना चाहिए। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि हरिद्वार के गुरुगुल कांगड़ी के प्रोफेसर डा. परासर ने कि आयुर्वेद एवं आधुनिक चिकित्सा के परस्पर सहयोग और बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में एनसियन्ट पैथोलॉजी के विभाग के विभागाध्यक्ष डा. नगेन्द्र राय ने आंत और बात पुस्तक में चोकर के गुणों का वृहद वर्णन किया है।

आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि गेहूं के आटे का चोकर अन्त:स्रावी ग्रंथियों के नैसर्गिक क्रियाकलाप में मदद करता है। इसके सेवन से जठराग्नि प्रदीप्त होती है, कब्ज, अपच आदि विकारों से छुटकारा मिलता है। चोकर युक्त रोटियां खाने से पेप्टिक अल्सर नहीं होता। चोकर में मौजूद प्रोटीन पेप्टिक अल्सर से लोगों की सुरक्षा करता है तथा दातों और मसूढ़ों को लाभ पहुंचाता है। आज लोगों की पहली पसंद साफ-सुथरा और मैदे की तरह बारीक आटा है, जो अनेक रोगों का कारक है। चोकर युक्त आटा खाने से बार-बार होने वाला जुकाम, सिरदर्द, भूख की कमी, तथा दांतों से एनामेल हटना आदि का उपचार चोकर से हो सकता है। डा. केसरवानी ने बताया कि साबुत गेहूं में पाया जाने वाला चोकर मानव स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न गुणों के कारण महत्वपूर्ण है। मधुमेह रोगियों के इसका उपयोग लाभदायक है।

मैदे से बनी चीजों को खाने से डायबिटीज और हृदय रोगों से ग्रसित होने की संभावना होती है, जबकि चोकरयुक्त रोटयां कुछ दिन खाने से इन रोगों का नाश होता है। चोकर में अल्सर पैदा करने वाले तत्वों को कमजोर करने की क्षमता होती है। इस तथ्य की पष्टि वैज्ञानिकों ने भी की है। उन्होंने बताया कि गेहूं का चोकर फाइबर, प्रोटीन, विटामिन और खनिजों का खजाना है। इसमें बादाम, अखरोट, चावल जैसे अन्य से अधिक फाइबर होता है। गेहूं के चोकर में प्रोटीन, वसा, कार्बोहाइड्रेट, केलोरीज, रेशा, कैल्शियम, सोडियम, आक्जेलिक एसिड, पोटासियम, तांबा, सल्फर, कैलोरिन, थियामिन, रिवोफ्लोविन, निकोटिन एसिड, पायरिडोक्सिन, फोलिक एसिड एवं प्रेटाथेनिक एसिड समेत सिलीनियम, मैग्नीशियम, पौटेशियम, फॉस्फोरस के साथ विटामिन ए, ई, पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें बी काम्पलेक्स प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। डा. केसरवानी ने बताया कि प्रति 100 ग्राम चोकर में दस फीसदी जल, 14 फीसदी प्रोटीन, 4.4 फीसदी वसा, 0.8 फीसदी खनिज लवण 29.5 फीसदी कार्बोज पाया जाता है। चोकर का आभाव नेत्र रोग, चर्म रोग, हृदय रोग और दुर्बलता को जन्म दे सकता है। एक वयस्क भारतीय को नाश्ते में दो ग्राम या इससे कम का फाइबर लेता है, जबकि एक वयस्क स्त्री और पुरुष के लिए क्रमश: 25 ग्राम और 31 ग्राम करने पर भी नाश्ते के पोषक तत्वों की कमी पूरी नहीं होती। देश में लोगों के लिए आहार संबंधी निर्देशों के मुताबिक 2000 कैलोरीयुक्त आहार में प्रतिदिन 40 ग्राम फाइबर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैदा रिफाइंड आटा देखने में सुंदर लगता है और कुछ पकवानों को चिकना बनाता है, वहीं छिलका समेत गेहूं का आटा सेहत के लिए फायदेमंद होता है वहीं आवश्यक फाइबर, विटामिन और खनिजों से भरपूर छिलका समेत गेहूं और इसका चोकर पाचन के लिए कुदरत का पौष्टिक उपहार है।

**डा. केसरवानी ने बताया कि प्रति 100 ग्राम चोकर में दस फीसदी जल, 14 फीसदी प्रोटीन, 4.4 फीसदी वसा, 0.8 फीसदी खनिज लवण 29.5 फीसदी कार्बोज पाया जाता है। चोकर का आभाव नेत्र रोग, चर्म रोग, हृदय रोग और दुर्बलता को जन्म दे सकता है। एक वयस्क भारतीय को नाश्ते में दो ग्राम या इससे कम का फाइबर लेता है, जबकि एक वयस्क स्त्री और पुरुष के लिए क्रमश: 25 ग्राम और 31 ग्राम करने पर भी नाश्ते के पोषक तत्वों की कमी पूरी नहीं होती। देश में लोगों के लिए आहार संबंधी निर्देशों के मुताबिक 2000 कैलोरीयुक्त आहार में प्रतिदिन 40 ग्राम फाइबर होना चाहिए। उन्होंने बताया कि मैदा रिफाइंड आटा देखने में सुंदर लगता है और कुछ पकवानों को चिकना बनाता है।**



पाचनशक्ति में फाइबर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि वैज्ञानिक प्रमाण हैं कि कब्ज दूर करने और सहज शौच के लिए गेहूं का चोकर सर्वश्रेष्ठ फाइबर है। यह पाचनतंत्र में पदार्थों की गति बनाए रखता है। इससे लोगों को गैस, अजीर्ण और सुस्ती जैसी पाचन संबंधी गड़बड़ी की शिकायत नहीं रहती है। अनियमित आहार अपनाते रहने से पाचन क्रिया की गति धीमी हो जाती है, लेकिन फाइबर और खासकर गेहूं के चोकर का पर्याप्त सेवन करने से पाचन संबंधी परेशानी और कब्जियत से मुक्ति में मदद मिलती है।

# मेलानिया ट्रम्प की डॉक्यूमेंट्री ब्रिटेन में हुई फ्लॉप

## लंदन प्रीमियर का सिर्फ 1 टिकट बिका, डॉक्यूमेंट्री में ट्रम्प के दोबारा जीतने के बाद की कहानी

**लंदन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पत्नी मेलानिया पर बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म ब्रिटेन में फ्लाप हो गई है। देश के सबसे बड़े सिनेमा संचालकों में से एक व्यू सिनेमा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टिम रिचर्ड्स ने बताया कि फिल्म 'मेलानिया' को लेकर दर्शकों में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है। टिम के मुताबिक, लंदन के इस्लिंगटन इलाके में स्थित एक प्रमुख सिनेमाघर में शुक्रवार को दोपहर 3:10 बजे होने वाले पहले शो के लिए सिर्फ एक टिकट बिका। वहीं शाम 6 बजे के शो के लिए भी महज दो टिकट बुक हुए।

ब्रिटेन के ब्लैकबर्न, कैसलफोर्ड और हैमिल्टन में जिन सिनेमाघरों में फिल्म मेलानिया दिखाई जानी थी, वहां हालात और भी खराब रहे। इन तीनों जगहों पर फिल्म की कुल 28 स्क्रीनिंग रखी गई थीं, लेकिन एक भी शो के लिए टिकट नहीं बिका। इस डाक्यूमेंट्री में राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प और मेलानिया ट्रम्प के दोबारा




■ 24 जनवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति, प्रथम महिला और उनके करीबी दोस्तों के लिए एक निजी स्क्रीनिंग हुई थी

जीतने के बाद व्हाइट हाउस में वापसी की कहानी है। फिल्म में शपथ ग्रहण से पहले के 20 दिनों की झलक दिखाई गई है। अमेजन ने डाक्यूमेंट्री को ब्रिटेन के 100 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज कर रही है। 24 जनवरी को व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति, प्रथम महिला और उनके करीबी दोस्तों के लिए एक निजी स्क्रीनिंग हुई थी। अमेजन स्टूडियोज ने इस फिल्म के राइट्स 40 मिलियन डॉलर यानी लगभग 340 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इसके अलावा कंपनी ने वैश्विक मार्केटिंग पर 35 मिलियन डॉलर (321 करोड़ रुपये) खर्च किए हैं। निर्माताओं को इसके हिट होने की उम्मीद थी, फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। यह अमेरिका में करीब 1400-2000 थिएटर्स और दुनियाभर में 27 देशों में 5000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रिलीज होगी। मेलानिया ने न्यूयार्क स्टाक एक्सचेंज में कहा कि यह फिल्म अमेरिका के लिए एक अहम दौर को दिखाती है। पहली बार लोग शपथ ग्रहण से पहले के 20 दिन एक आने वाली प्रथम महिला की नजर से देख पाएंगे। उन्होंने बताया कि उन्हें इस डाक्यूमेंट्री का विचार 2024 का चुनाव जीतने के बाद आया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनके जीवन को करीब से समझने का मौका देगी। मेलानिया ने न्यूयॉर्क स्टाक एक्सचेंज डाक्यूमेंट्री के ग्लोबल रिलीज को लॉन्च किया। डाक्यूमेंट्री में मेलानिया ट्रम्प के निजी और सार्वजनिक जीवन को दिखाया गया है। इसमें बिजनेसवुमन, पत्नी और मां की भूमिका निभाने के साथ-साथ परिवार को दोबारा व्हाइट हाउस शिफ्ट कराने की जिम्मेदारी भी दिखाई गई है। करीब दो घंटे की इस फिल्म के ट्रेलर में मेलानिया कहती हैं, हर कोई जानना चाहता है, तो ये रहा। एक सीन में शपथ ग्रहण के दिन मेलानिया कैपिटल बिल्डिंग में खड़ी नजर आती हैं और कैमरे की ओर देखते हुए कहती हैं कि हम फिर से यहां हैं। जनवरी 2025 के एक सर्वे के मुताबिक, करीब 40 प्रतिशत अमेरिकी लोगों की उनके बारे में कोई राय नहीं थी। हालांकि रिपब्लिकन समर्थकों में उनकी लोकप्रियता ज्यादा है। मेलानिया ट्रम्प आमतौर पर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी सतर्क रहती हैं और सार्वजनिक कार्यक्रमों में कम दिखाई देती हैं।



**पैटर्सन। न्यू जर्सी में आंशिक रूप से जमे हुए ग्रेट फॉक्स को देखते लोग।**

## कश्मीर में दिखा 'यूरेशियन ऊदबिलाव', माना जा रहा था विलुप्त

**श्रीनगर।** मध्य कश्मीर के सिंध नाला में दुर्लभ 'यूरेशियन ऊदबिलाव' की ताज़ा तस्वीरों ने घाटी में इसकी उपस्थिति को लेकर फिर से चर्चाओं को शुरू कर दिया है। लंबे समय से माना जा रहा था कि यह जीव विलुप्त हो चुका है। यह तस्वीर जम्मू-कश्मीर वन विभाग के एक रेंज अधिकारी मीर फैजान अनवर ने अपने कर्मचारियों के साथ नियमित गश्त के दौरान खींची थी। वरिष्ठ वन अधिकारियों ने इस तस्वीर को एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक रिकॉर्ड बताया है, जो इस प्रमाण को पुख्ता करता है कि यह प्रजाति कश्मीर की नदियों में अब भी मौजूद है। कश्मीर के मुख्य वन संरक्षक इरफान रसूल ने इसे सिंध नाले से यूरेशियन ऊदबिलाव का पहला प्रत्यक्ष दृश्य दस्तावेज बताया।

## अल्बानिया: भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनीं एआई मंत्री पर शक

**तिराना।** अल्बानिया ने साल 2025 में दुनिया की पहली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मंत्री 'डिएला' बनाया था, जिसका मकसद देश में फैली भ्रष्टाचार को कम करना था। हालांकि अब एक बड़ा विवाद सामने आया है डिएला को बनाने वाली नेशनल इंफार्मेशन एजेंसी (एकेएसएचआई) के दो प्रमुख अधिकारी खुद भ्रष्टाचार के आरोप में फंस गए हैं। नेशनल इंफार्मेशन एजेंसी की डायरेक्टर और डिप्टी डायरेक्टर को हाउस अरेस्ट किया गया है। उन्हें ठेकों में धमकी देकर हेरफेर करने, रिश्वत लेने और क्रिमिनल संगठन से जुड़े होने का आरोप है। यह वही एजेंसी है जो सरकार की डिजिटल व्यवस्था संभालती है। इस पूरे घटनाक्रम ने सरकार की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अभी तक इन अधिकारियों पर औपचारिक रूप से कोई आरोप तय नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री रामा ने कहा कि वे जांच पूरी होने तक कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। अल्बानिया यूरोपीय यूनियन में शामिल होने की कोशिश कर रहा है और इसके लिए भ्रष्टाचार पर नियंत्रण जरूरी शर्त है। भ्रष्टाचार के आरोप के बाद सवाल उठने लगे है कि क्या एआई को कुछ सबूत छिपाने या हेरफेर करने के लिए डिएला को प्रोग्राम किया जा सकता है।

# अमेरिका-टेक्सास में नए H-1B वीजा जारी नहीं होंगे

## टेक्सास के गवर्नर ने अगले साल मई तक रोक लगाई, करीब 15 हजार भारतीयों पर पड़ेगा असर




■ नए आदेशों के अनुसार H-1B वीजा पर रोक इसके कथित दुरुपयोग के कारण लगाई गई, टेक्सास H-1B वीजा जारी करने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा राज्य है

**टेक्सास।** अमेरिका के अहम राज्य टेक्सास में नए एच-1बी वीजा जारी करने पर रोक लगा दी गई है। गवर्नर ग्रेग एबट ने अगले साल मई तक एच-1बी कैटेगरी के वीजा जारी नहीं करने के आदेश दिए हैं। पहले फेज में टेक्सस के सभी सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटी में यह रोक लगेगी।

इस आदेश से करीब 15 हजार भारतीयों पर असर पड़ सकता है। टेक्सास वर्कफोर्स कमीशन से सभी एच-1बी वीजा होल्डर्स की संख्या, जाब रोल, मूल देश और वीसा एक्सपायरी के बारे में 27 मार्च तक डेटा रिपोर्ट मांगी गई है। नए आदेशों के अनुसार एच-1बी वीजा पर रोक इसके कथित दुरुपयोग के कारण लगाई गई है। टेक्सास एच-1बी वीजा जारी करने वाला अमेरिका का दूसरा बड़ा राज्य है। पहले नंबर पर कैलिफोर्निया आता है। अमेरिका में हर साल भारतीयों को मिलने वाले लगभग दो लाख एच-1बी वीजा में से लगभग 40 हजार टेक्सास में जारी होते हैं। इनमें से लगभग 25 हजार आईटी कंपनियों और बाकी 15 हजार सरकारी दफ्तरों और यूनिवर्सिटीज के लिए जारी किए जाते हैं। आस्टिन यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में भारतीय कार्यरत हैं। 2.77 ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला टेक्सास दुनिया की 8वीं सबसे बड़ी इकोनामी है। ये कनाडा, इटली, द. कोरिया, रूस और आस्ट्रेलिया से भी बड़ी इकोनामी है। टेक्सास का आस्टिन शहर बड़ा टेक हब है। भारत में एच-1बी वीजा इंटरव्यू के लिए अमेरिकी दूतावासों से इंटरव्यू डेट अब अगले साल अप्रैल-मई की मिल रही है। जनवरी में स्टैम्पिंग के लिए अप्लाई करने वालों के लिए स्लाट उपलब्ध नहीं है। दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई और हैदराबाद के अमेरिकी दूतावासों में एच-1बी के लिए सोशल मीडिया जांच हो रही है। एच-1बी वीजा होल्डर्स को हर दूसरे साल स्टैम्पिंग के लिए अपने मूल देश आना पड़ता है। स्टैम्पिंग में देरी से बड़ी संख्या में लोग अटक गए हैं। टेक्सास ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी का राज्य है। ये अमेरिका फर्स्ट की नीति को फालो करता है। जानकारों का कहना है कि भारत-ईयू डील के तुरंत बाद टेक्सास के फैसले की टाइमिंग सवाल पैदा करती है। वहीं, वैध वीजा जारी रहेगा, लेकिन रिन्यू कराने में दिक्कतें आ सकती हैं। अभी प्राइवेट कंपनियों को वीजा जारी होंगे, लेकिन जिस प्रकार से सभी के डेटा जमा हो रहे, आशंका उठ रही है। टेक्सास नए वीजा अगले साल मई तक यानी राज्य संसद की अवधि तक नहीं देगा। ऐसे में, इसे फेडरल कोर्ट में ही चुनौती दी जा सकती है। 20 राज्य पहले ही चुनौती दे चुके।

## भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक शनिवार को

**नई दिल्ली।** भारत शनिवार को यहां भारत-अरब विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक की मेज़बानी करेगा जिसमें सभी 22 अरब देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि इस बैठक की सह-अध्यक्षता भारत और संयुक्त अरब अमीरात करेंगे। इसमें अरब लीग के सदस्य देशों के विदेश मंत्री तथा अरब लीग के महासचिव भाग लेंगे। दोनों पक्षों की दूसरी बैठक दस वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है।

पहली बैठक 2016 में बहरीन में हुई थी। पहली बैठक के दौरान मंत्रियों ने सहयोग के पांच प्राथमिक क्षेत्रों- अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, शिक्षा, मीडिया और संस्कृति-की पहचान की थी तथा इन क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का प्रस्ताव रखा था। आगामी बैठक से मौजूदा सहयोग को आगे बढ़ाने और भारत-अरब साझेदारी को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यापक बनाने की अपेक्षा है। भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक भारत और अरब देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने वाली सर्वोच्च संस्थागत व्यवस्था है। इस साझेदारी को मार्च 2002 में औपचारिक रूप दिया गया, जब भारत और अरब लीग के बीच संवाद प्रक्रिया को संस्थागत स्वरूप देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद दिसम्बर 2008 में तत्कालीन अरब लीग महासचिव अमर मूसा की भारत यात्रा के दौरान अरब-भारत सहयोग मंच की स्थापना के लिए एक सहयोग ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए, जिसे 2013 में इसकी संरचनात्मक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संशोधित किया गया। भारत, 22 सदस्य देशों वाले पैन-अरब संगठन अरब लीग में पर्यवेक्षक है। यह पहली बार होगा जब भारत भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक की मेज़बानी करेगा।

# चीन की पोल खोलने वाले को अमेरिका में शरण

■ उइगर मुसलमानों के हिरासत कैंप की वीडियो बनाई थी, जज बोले: वापस भेजने पर जान का खतरा

**वाशिंगटन।** चीन में उइगर मुसलमानों पर हो रहे अत्याचार की पोल खोलने चीनी वाले नागरिक को अमेरिका में शरण मिल गई है। जज ने कहा कि अगर गुआन को चीन वापस भेजा गया तो उन्हें जान का खतरा हो सकता है। गुआन हेंग ने शिनजियांग इलाके में हो रहे मानवाधिकार उल्लंघन को उजागर किया था। उसने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर फिल्म बनाई थी। गुआन 2021 में गैरकानूनी तरीके से अमेरिका पहुंचा था। अगस्त 2025 में उसे हिरासत में ले लिया गया।

मानवाधिकार समूहों का कहना है कि शिनजियांग में दस लाख से ज्यादा उइगर मुसलमानों और अल्पसंख्यकों को बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के जबरदस्ती बंदी बनाकर रखा गया है। चीन में उइगर मुसलमान अपने अस्तित्व के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। चीनी सरकार ने 2014 से सरकारी नौकरी करने वाले उइगर मुसलमानों के सार्वजनिक जगहों पर नमाज पढ़ने और दाढ़ी रखने पर पाबंदी लगाई हुई है। गुआन ने शिनजियांग इलाके के हिरासत केंद्रों की वीडियो फुटेज ली और पब्लिश करने के लिए चीन छोड़ दिया। गुआन ने अमेरिका पहुंचने से कुछ दिन पहले वीडियो जारी किया था। उन्होंने ज्यादातर वीडियो यूटयूब पर जारी किए, जिसके बाद चीन में पुलिस ने उनके पिता से तीन बार पूछताछ की और उनके बारे में जानकारी मांगी। गुआन 2021 में हांगकांग, इक्वाडोर, बहामास होते हुए अवैध तरीके ले नाव से फ्लोरिडा पहुंचे थे। उन्होंने कोर्ट में कहा कि वे जानते थे कि चीन में रहते हुए ये फुटेज जारी करना सुरक्षित नहीं होगा। सुनवाई में जज ने पूछा कि क्या उसने शरण पाने के लिए हिरासत केंद्रों की फिल्म बनाई और अमेरिका पहुंचने से पहले वीडियो उसे जारी किया। गुआन अमेरिका के सुधार केंद्र से वीडियों लिंक के जरिए सुनवाई में शामिल हुआ था। जज के सवाल पर उसने जवाब दिया कि ऐसा नहीं था। उसने कहा कि उसे सताए जा रहे उइगरों से हमदर्दी थी। चीनी नागरिक गुआन हेंग ने 2020 में हिरासत केंद्रों की छुपकर वीडियो बनाई थी। गुआन के वकील बोले: शरण देना अमेरिका की नैतिक जिम्मेदारी, अमेरिका पहुंचने के बाद गुआन ने शरण के लिए आवेदन किया।

# बांग्लादेश में बीएनपी और जमात के बीच झड़प

■ समर्थकों में आगे की कुर्सियों पर बैठने के लिए हुई लड़ाई, एक शख्स की मौत, करीब 65 घायल

**ढाका।** बांग्लादेश के शेरपुर जिले में एक कार्यक्रम के दौरान बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और जमात समर्थकों के बीच हुई झड़प में जमात नेता मौलाना मोहम्मद रेजाउल करीम (42) की मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में मयमनसिंह मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार रात करीब 9:45 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।

वे शेरपुर के श्रीबर्दी उपजिला जमात इकाई के सचिव थे। घटना झेनेगाती उपजिला मिनी स्टेडियम में हुई। यहां प्रशासन की तरफ से एक कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें शेरपुर-3 सीट से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को मतदाताओं के सामने अपना चुनावी मेनिफेस्टो रखने के लिए बुलाया गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार्यक्रम शुरू होने से पहले बीएनपी और जमात समर्थकों के बीच आगे की कतार में कुर्सियों पर बैठने को लेकर बहस हुई। यह बहस धीरे-धीरे धक्का-मुक्की और फिर हिंसक झड़प में बदल गई। इस झड़प में कम से कम 65 लोग घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि झड़प के दौरान कई मोटरसाइकिलें तोड़ दी गईं और 100 से ज्यादा कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गईं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, घायलों में से 25 को भर्ती किया गया और 20 को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई।

## बांग्लादेश धोखाधड़ी की फैक्ट्री बन चुका है यहां सब कुछ नकली: मोहम्मद युनूस

**ढाका।** बांग्लादेश के चीफ एडवाइजर मुहम्मद यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश 'धोखाधड़ी की फैक्ट्री' बन गया है। बांग्ला अखबार ट्रिब्यून एक्सप्रेस के मुताबिक युनूस ने कहा कि बांग्लादेश की अंतर्राष्ट्रीय साख को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा, देश में बड़े पैमाने पर फर्जी दस्तावेज बनाए जा रहे हैं। कई देश हमारे पासपोर्ट स्वीकार नहीं करते। यहां सब कुछ नकली है। वीजा नकली हैं, पासपोर्ट नकली हैं। हम फर्जीवाड़े में वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि विदेशों में बांग्लादेशियों के वीजा खारिज होने की एक बड़ी वजह फर्जी कागजात हैं, जिनमें नकली शैक्षणिक प्रमाण पत्र भी शामिल हैं।

# ट्रम्प को बजट का हिसाब देगी वेनेजुएला सरकार

## अमेरिका तेल बेचने से कमाएं पैसे भेजेगा, अकाउंट संभालने की जिम्मेदारी कतर को मिली

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की अंतरिम सरकार हर महीने अमेरिका को बजट का हिसाब देगी। यानी कि उन्हें यह बताना होगा कि महीनेभर में उसे पैसे कहां-कहां खर्च करने हैं। इसके बदले में अमेरिका उस पैसे को रिलीज करेगा, जो वेनेजुएला के तेल बेचने से मिला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने यह जानकारी संसद में दी। रुबियो ने बताया कि अभी शुरुआत में यह पैसा जिस खाते में रखा जाएगा, उसे कतर संभालेगा इसपर डेमोक्रेट सांसदों ने कड़ी आपत्ति जताई।

डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि कतर वेनेजुएला से हजारों मील दूर है और यह साफ नहीं है कि यह व्यवस्था कानूनी और पारदर्शी कैसे है। उन्होंने यह भी कहा कि कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है, इसलिए शक और बढ़ता है। रुबियो ने कहा कि कतर को पैसा भेजना इसलिए जरूरी है क्योंकि वेनेजुएला पर अमेरिकी प्रतिबंध हैं।



■ कतर के शासक को राष्ट्रपति ट्रम्प का करीबी माना जाता है इसलिए शक और बढ़ता है

इसके अलावा अगर पैसा सीधे आया तो वेनेजुएला को पैसा देने वाले अमेरिकी लोग उस पर कानूनी दावा कर सकते हैं। ये वही ऊर्जा कंपनियां हैं जिनकी संपत्ति करीब 20 साल पहले वेनेजुएला ने जब्त कर ली थीं। वहीं, रुबियो ने वेनेजुएला के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी को सही ठहराया। उन्होंने कहा कि वेनेजुएला राष्ट्रपति की गिरफ्तारी किसी तरह का एक्ट आप वार नहीं है बल्कि ये एक स्ट्रैटेजी के तहत की गई कार्रवाई थी। सीनेट में सुनवाई के दौरान रुबियो ने 3 जनवरी को मादुरो की गिरफ्तारी के पीछे वाशिंगटन के तर्क को सामने रखा। सुनवाई की शुरुआत में, रुबियो ने अंतर्राष्ट्रीय कानून को लेकर संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों के सवालों को खारिज कर दिया। अमेरिकी सीनेटर मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला की स्थिति अस्थिर थी और उसे बचाना जरूरी था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वेनेजुएला को लेकर अमेरिका के तीन उद्देश्य थे, जिनका अंतिम लक्ष्य एक ऐसे इन्फेक्शन को खत्म करना था जिसके बाद एक वेनेजुएला डेमोक्रोटिक बने। सुनवाई के दौरान रुबियो ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस फैसले का बचाव किया, जिसमें मादुरो सरकार के अधिकारियों से बातचीत जारी रखने का विकल्प चुना गया। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने तुरंत विपक्ष के सत्ता संभालने के समर्थन के बजाय संवाद को प्राथमिकता दी। रुबियो के अनुसार पहली प्राथमिकता वेनेजुएला में गृह युद्ध को रोकना था।

## कोलंबिया में विमान हादसे में 15 की मौत

**बोगोटा, (कोलंबिया)।** उत्तर-पूर्वी कोलंबिया में बुधवार को एक यात्री विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से जिसमें सवार सभी 15 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में कोलंबियाई सांसद डियोजेनेस क्विटरो अमाया और एक अन्य नेता कार्लोस साल्सेडो भी शामिल हैं यह दुर्घटना तब हुई जब कोलंबियाई एयरलाइन 'साटेना' द्वारा संचालित विमान 'बीचक्राफ्ट 1900' वेनेजुएला की सीमा के पास स्थित कुकुटा से ओकांया जा रहा था। साटेना ने एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि साटेना एयरलाइन को यह बताते हुए गहरा दुख हो रहा है कि कुकुटा से ओकांया के लिए उड़ान भरने वाला बीचक्राफ्ट विमान, भीषण दुर्घटना का शिकार हो गया है। विमान में 13 यात्री और चालक दल के दो सदस्य सवार थे।

# ब्रिटेन पीएम स्टार्मर 8 साल के बाद चीन पहुंचे

## कोरोना काल में चीनी कंपनी हुआवे को निकाला था, अब कीर स्टार्मर बोले: अमेरिका अपनी जगह, लेकिन चीन जरूरी

**बीजिंग।** ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर 8 साल बाद तीन दिन के दौरे पर चीन पहुंचे। इससे पहले 2018 में तत्कालीन ब्रिटिश पीएम थेरेसा मे चीन पहुंची थीं। पिछले 8 सालों में ग्लोबल राजनीति काफी बदल चुकी है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आक्रामक नीतियों और बयानों की वजह से यूरोपीय देश नए पार्टनर तलाश रहे हैं, ऐसे में चीन उन्हें एक मजबूत विकल्प नजर आ रहा है। चीन रवाना होने से पहले स्टार्मर ने मीडिया से कहा था कि ब्रिटेन को अमेरिका और चीन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है। अमेरिका के साथ रिश्ते बने रहेंगे, लेकिन चीन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा। वहीं, चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों के बीच भरोसा बढ़ेगा और रिश्तों में स्थिरता आएगी। ब्रिटेन भले ही आज चीन को जरूरी देश बता रहा है, लेकिन 2020 में कोरोना के वक्त ही उसने चीनी टेक कंपनी हुआवे को जासूसी के शक में अपने देश से निकाल दिया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया। चीनी वित्त मंत्री लैन फोआन उन्हें रिसीव करने पहुंचे थे। थियानमेन स्क्वायर पर चीन और ब्रिटेन का झंडा फहराया गया। बैकग्राउंड में चीन के दिवंगत चेयरमैन माओ की तस्वीर लगी है। ब्रिटिश सरकार ने 2010 में चीनी कंपनी हुआवे को देश में मोबाइल नेटवर्क पर काम करने की इजाजत दी। उसी समय हुआवे के आफिस में 'द सेल' नाम का एक खास दफ्तर बनाया गया, जिसके जरिए सरकार कंपनी के काम पर नजर रखती थी। इसे कई सालों तक राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम माना गया। इस दफ्तर में ब्रिटेन के साइबर सुरक्षा एक्सपर्ट्स काम करते थे। हुआवे के खर्च पर वे उसके हर हार्डवेयर और साफ्टवेयर की जांच करते थे, ताकि कोई ऐसा कोड न हो जिसका गलत इस्तेमाल किया जा सके। फिर भी ब्रिटेन की सरकार को इस सिस्टम से पूरी तरह भरोसा नहीं हुआ। करीब 10 साल तक हुआवे को काम करने देने के बाद, सरकार ने साल 2020 में फैसला किया कि उसे ब्रिटेन के 5जी नेटवर्क से बाहर कर दिया जाएगा।



■ ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को बीजिंग एयरपोर्ट पर रेड कार्पेट वेलकम दिया गया

## थाईलैंड वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त दो पायलटों की मौत

**चियांग माई।** थाईलैंड के चोम थोंग जिले के एक जंगली इलाके में रॉयल थाई एयर फोर्स के एक प्रशिक्षण विमान के गुरुवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो पायलटों की मौत हो गई। थाईरथ अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक, स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:50 बजे 'एटी-6' कॉम्बैट ट्रेनर विमान चियांग माई के चोम थोंग जिले में एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई थी। दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया और बाद में दोनों पायलटों के शव बरामद किए गए। अमारिन टीवी सहित स्थानीय मीडिया ने मृतकों की पहचान रॉयल थाई वायु सेना के पायलट 'बॉम' और 'जॉनी' के रूप में की है।




